C M Y K

मूल्य : 5/-
23 जून से 29 जून, 2025
वर्ष - 4, अंक - 10

# शौर्य न्यूज इंडिया

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

सोच वही, ऊर्जा नई...

www.shauryanewsindia.co.in

बनारस, चंदौली, आजमगढ़, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, सिंगरौली, राजगढ़, भदोही, बलिया, मऊ, प्रयागराज, देवरिया, मथुरा, अयोध्या, आगरा, महोबा, बांदा, मुरादाबाद, बहराइच और गोरखपुर से प्रसारित



पेज 5
लंदन में इंजॉय कर रही जाह्नवी...



पेज 5
सलमान के फ्लैट तक पहुंच...

## हर सप्ताह 38 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की कटौती, एअर इंडिया का फैसला

नई दिल्ली। एयर इंडिया 21 जून से 15 जुलाई के बीच हर हफ्ते 38 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की कटौती करेगी। इसके अलावा तीन विदेशी मार्गों पर सेवाएं निलंबित रहेंगी। अहमदाबाद में 12 जून को हुए घातक विमान हादसे के बाद टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी व्यवधानों से जूझ रही है। कंपनी ने कहाकि 18 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानों में कटौती करने का उद्देश्य शेड्यूल स्थिरता को बहाल करना और यात्रियों को अंतिम समय में होने वाली असुविधा को कम करना है। एअर इंडिया ने एक बयान में कहाकि यह कटौती 21 जून, 2025 से प्रभावी होगी और कम से कम 15 जुलाई 2025 तक चलेगी। दिल्ली-नैरोबी, अमृतसर-

**नियम-कानून**

**इसके अलावा तीन विदेशी मार्गों पर सेवाएं रहेंगी निलंबित**

लंदन (गैटविक) और गोवा (मोपा)-लंदन (गैटविक) पर 15 जुलाई तक सेवाएं निलंबित रहेंगी। विमानन कंपनी के अनुसार, दिल्ली-नैरोबी मार्ग पर प्रति सप्ताह चार उड़ानें हैं, जबकि अमृतसर-लंदन (गैटविक) और गोवा (मोपा)-लंदन (गैटविक) मार्गों पर प्रति सप्ताह तीन उड़ानें हैं। इसके अलावा, उत्तरी अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और सुदूर पूर्व के शहरों को जोड़ने वाले 18 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानों की संख्या कम की जाएगी। उत्तरी अमेरिका के जिन मार्गों पर उड़ानों की संख्या कम होगी, उनमें दिल्ली-टोरंटो, दिल्ली-वैंकूवर, दिल्ली-सैन फ्रांसिस्को, दिल्ली-शिकागो और दिल्ली-वाशिंगटन शामिल हैं। बयान के मुताबिक, यह कटौती स्वैच्छिक रूप से उड़ान-पूर्व सुरक्षा जांच बढ़ाने के निर्णय के साथ-साथ पश्चिमी एशिया में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण अतिरिक्त उड़ान अवधि को समायोजित करने के कारण हुई है। बता दें कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट क्रैश हो गई थी। यह फ्लाइट अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेकऑफ के कुछ ही देर के बाद हादसे का शिकार हो गई थी। इस हादसे में विमान में सवार 242 में से 241 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, एक व्यक्ति बच गया



था। इसके अलावा जिस अस्पताल के मेस पर यह विमान गिरा, वहां के कई डॉक्टरों और अन्य लोगों की मौत हो गई थी। विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने भी अपनी जान गंवा दी।

**एअर इंडिया की 9 फ्लाइट्स कैंसिल : नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने शुक्रवार को 9 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इनमें 4 इंटरनेशनल और 5 डोमेस्टिक हैं। एअर इंडिया ने बताया कि एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस और ऑपरेशनल वजहों से इन उड़ानों को रद्द किया गया है। डोमेस्टिक फ्लाइट्स में पुणे से दिल्ली जा रही फ्लाइट एआई 874, अहमदाबाद से दिल्ली की फ्लाइट एआई 456, हैदराबाद से मुंबई की फ्लाइट एआई 2872 और चेन्नई से मुंबई की फ्लाइट एआई 571 कैंसिल हुई हैं। वहीं, इंटरनेशनल फ्लाइट्स में दुबई से चेन्नई आ रही फ्लाइट एआई 906, दिल्ली से मेलबर्न जा रही फ्लाइट एआई 308, मेलबर्न से दिल्ली आ रही फ्लाइट एआई 309 और दुबई से हैदराबाद आ रही फ्लाइट एआई 2204 शामिल हैं। वहीं, दिल्ली से पुणे जा रही फ्लाइट से पक्षी टकराया गया, जिसके चलते विमान की रिटर्न जर्नी कैंसिल कर दी गई है। इस तरह अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद 9 दिन में अलग-अलग वजह से अब तक 84 उड़ानें रद्द की गई हैं।

### ब्लैक बॉक्स अमेरिका भेजने का निर्णय नहीं

अहमदाबाद। मीडिया में खबरें चलीं कि 12 जून को अहमदाबाद में हादसे का शिकार हुए विमान को ब्लैक बॉक्स अमेरिका भेज दिया गया है। बाद में केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। केंद्र ने कहा कि प्लेन के ब्लैक बॉक्स को कहां भेजा जाएगा, इसका फैसला एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) करेगा। यह फैसला सभी तकनीकी, सुरक्षा और गोपनीय पहलुओं को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। फिलहाल एएआईबी की जांच जारी है। इसके अलावा गृह सचिव के नेतृत्व में हाई लेवल कमेटी भी हादसे की जांच कर रही है, जो तीन महीने में रिपोर्ट देगी। केंद्र ने बताया कि प्लेन से दो ब्लैक बॉक्स सेट मिले हैं। पहला सेट 13 जून को और दूसरा 16 जून को बरामद किया गया। यह मॉडल दो ब्लैक बॉक्स सेट के साथ आता है। दरअसल, अहमदाबाद में 12 जून को लंदन जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी।

## अब रेलवे ने लगाई वेटिंग लिस्ट पर 25% की सीमा

शौर्य न्यूज इंडिया



नई दिल्ली। ट्रेनों में भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने घोषणा की है कि अब किसी भी ट्रेन में वेटलिस्ट टिकटों की संख्या को ट्रेन की कुल क्षमता के 25 प्रतिशत तक सीमित किया जाएगा। इस नए नियम का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना और ओवरबुकिंग की समस्या को कम करना है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब रेलवे हर ट्रेन के एसी फर्स्ट क्लास, एसी सेकंड, एसी थर्ड, स्लीपर और चेयर कार में कुल बर्थ/सीटों का अधिकतम 25 प्रतिशत ही वेटिंग टिकट के रूप में जारी करेगा। यह बदलाव विभिन्न कोटे- जैसे दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, और महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। रेल मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, प्रत्येक जोनल रेलवे को यह अधिकार दिया गया है कि वह अपने क्षेत्र के ट्रेनों में बुकिंग और कैंसिलेशन के पैटर्न को देखते हुए वेटिंग टिकट की सीमा तय कर सकता है। इससे ट्रेनों की प्रकृति और यात्रियों की मांग के अनुसार लचीलापन भी रहेगा। यह नई व्यवस्था न केवल यात्रियों को असमंजस से बचाएगी, बल्कि ट्रेनों में अनधिकृत भीड़ को भी कम करने में मदद करेगी। इससे बोर्डिंग प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी और आरक्षित डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, आंकड़ों से यह पता चलता है कि चार्ट बनने तक लगभग 20 प्रतिशत से 25 प्रतिशत वेटिंग टिकट कंफर्म हो जाते हैं। इस आधार पर नई सीमा तय की गई है ताकि यात्रियों को टिकट की स्थिति को लेकर अधिक स्पष्टता मिल सके। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर के बाद, देशभर के विभिन्न जोनल रेलवे इस नई व्यवस्था को लागू करने लगे हैं रेलवे के अनुसार, यह नियम सभी श्रेणियों की ट्रेनों, जैसे कि राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, मेल/एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों पर लागू होगा। उदाहरण के लिए, यदि किसी ट्रेन में 1,000 सीटें उपलब्ध हैं, तो उसमें अधिकतम 250 वेटलिस्ट टिकट ही जारी किए जाएंगे।

इस कदम से न केवल यात्रियों को अपनी यात्रा की पुष्टि होने की संभावना बढ़ेगी, बल्कि ट्रेनों में अनावश्यक भीड़ भी कम होगी। जनवरी 2013 के सर्कुलर के अनुसार, पहले एसी फर्स्ट क्लास में अधिकतम 30, एसी सेकंड में 100, एसी थर्ड में 300 और स्लीपर क्लास में 400 वेटिंग टिकट जारी किए जा सकते थे। इसके चलते यात्रियों को अक्सर आखिरी वक्त तक टिकट कंफर्म होने की चिंता रहती थी।एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया, वेटिंग टिकटों की अधिक संख्या के कारण रिजर्व्ड कोचों में बिना कन्फर्म टिकट वाले यात्री भी चढ़ जाते थे, जिससे कोचों में भारी भीड़ और अव्यवस्था होती थी। नई नीति इस गड़बड़ी को रोकने में मदद करेगी।

## कोचिंग पर निर्भरता कम करने के प्रयास

नई दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय ने कोचिंग सेंटरों पर निर्भरता कम करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने 11 सदस्यों की एक समिति बनाई है। यह समिति कोचिंग सेंटरों से जुड़ी चिंताओं पर विचार करेगी जिसमें स्कूलों में कमियां, अच्छे संस्थानों में सीमित सीटें और प्रतियोगी परीक्षाओं का कोचिंग उद्योग पर प्रभाव। समिति कोचिंग सेंटरों के भ्रामक विज्ञापनों और चुनिंदा सफलता की कहानियों को बढ़ावा देने के तरीकों की भी समीक्षा करेगी। उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी इस समिति के अध्यक्ष होंगे।

समिति हर महीने शिक्षा मंत्री को रिपोर्ट सौंपेगी। समिति देखेगी कि स्कूलों में क्या कमियां हैं, जिनकी वजह से छात्रों को कोचिंग सेंटरों का सहारा लेना पड़ता है। समिति डमी स्कूलों के बारे में भी पता लगाएगी। ये स्कूल छात्रों की औपचारिक शिक्षण संस्थानों की औपचारिक शिक्षा छुड़वाकर उसकी कीमत पर फुल-टाइम कोचिंग के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

समिति छात्रों और अभिभावकों के बीच करियर के कई विकल्पों के बारे में जागरूकता की कमी पर भी ध्यान देगी। बहुत से छात्र और अभिभावक कुछ ही गिने-चुने संस्थानों पर ध्यान देते हैं। समिति स्कूलों और कॉलेजों में करियर काउंसलिंग सेवाओं की उपलब्धता और प्रभावशीलता का भी मूल्यांकन करेगी। यह कॅरियर मार्गदर्शन को बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी देगी। समिति को कोचिंग सेंटरों के भ्रामक दावों और चुनिंदा सफलता की कहानियों को बढ़ावा देने जैसी विज्ञापन प्रथाओं की समीक्षा करने का भी काम सौंपा है। समिति यह भी देखेगी कि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की बढ़ती मांग और अच्छे संस्थानों में सीमित सीटों के कारण छात्र कोचिंग संस्थानों की ओर क्यों भागते हैं।

## पंजा-लालटेन से सजग रहे बिहार के लोग

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार दौर पर पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने सिवान में 6,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की जल, बिजली और रेल क्षेत्र से जुड़ी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। आज के युवा सिर्फ कहानियों में ही 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सुनते हैं। पंजा और लालटेन ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया था, लेकिन बिहार के लोग मुश्किल हालात में भी कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते हैं।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी सीवान के पचरुखी प्रखंड के जसौली गांव पहुंचे। सीएम नीतीश कुमार के साथ ओपन गाड़ी में सवार पीएम मोदी समर्थकों के बीच से गुजरकर मंच तक पहुंचे। हाथ हिलाकर उन्होंने समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया। दोनों डिप्टी सीएम भी इस दौरान गाड़ी में मौजूद थे। मंच पर पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया गया। पीएम मोदी



शुक्रवार को तय कार्यक्रम के तहत पहले यूपी के कुशीनगर गए। जहां से हेलीकॉप्टर पीएम मोदी को लेकर जसौली में बने हेलीपैड पर उतरा। यहां से सड़क मार्ग होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। पीएम मोदी ने सीवान में जल, रेल और बिजली से जुड़ी हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान राज्य के सीएम नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मंच पर मौजूद थे।

पीएम मोदी ने बिहार के सिवान में 6,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की जल, बिजली और रेल क्षेत्र से जुड़ी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। ये परियोजनाएं नमामि गंगे योजना के अंतर्गत आती हैं, जिनका उद्देश्य राज्य की बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना है। पीएम ने कहा कि यह केवल एक शुरूआत है, और केंद्र सरकार बिहार के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हाल के विदेश का जिक्र करते हुए कहा कि इस दौर में मेरी दुनिया के बड़े-बड़े देशों के नेताओं से बातचीत हुई है। वे सभी भारत की तेज प्रगति को देखकर काफी प्रभावित हुए। सभी मानते हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनने जा रहा है। इस दिशा में बिहार की भूमिका बहुत अहम है।

पीएम मोदी ने कहा कि आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। आज के युवा सिर्फ कहानियों में ही 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सुनते हैं। ह्यपंजाह्ल और ह्यलालटेनह्ल ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया था, लेकिन बिहार के लोग मुश्किल हालात में भी कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते हैं।

## पीएम के मार्गदर्शन में यूपी बना एक्सप्रेसवे प्रदेश

### बोले सीएम, 91.352 किमी लम्बे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

आजमगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सलारपुर, फूलपुर आजमगढ़ में रु0 7283.28 करोड़ की लागत से 91.352 किमी लम्बे बने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे (गोरखपुर-संतकबीर नगर-अम्बेडकर नगर-आजमगढ़) का बटन दबाकर लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि 91.35 कि। मी। लम्बे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। इस एक्सप्रेसवे से गोरखपुर से लखनऊ (283 किमी) का सफर सिर्फ 3 घंटे में पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब देश के सबसे बड़े एक्सप्रेसवे नेटवर्क के साथ विकास, विश्वास और वैभव की नई उड़ान भर रहा है। गोरखपुर को आजमगढ़ सहित कई जिलों से जोड़ने वाला गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पूर्वी उत्तर प्रदेश की औद्योगिक प्रगति, पर्यटन विकास एवं निवेश के नए मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होने



कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास की रफ्तार रूकेगी नही, यही विकसित भारत का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश अपने वर्ल्ड क्लास रोड इंफ्रास्ट्रक्चर एवं एक्सप्रेसवे की सर्वाधिक संख्या के साथ देश में प्रथम स्थान पर है। बढ़ती सुविधाओं एवं सुरक्षा के वातावरण के फलस्वरूप, देश-दुनिया के निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश ड्रीम डेस्टिनेशन बना है। देश में उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे नेटवर्क वाला राज्य है। उन्होने कहा कि वर्ष 2025 में 6 एक्सप्रेसवे संचालित हो चुके हैं और 06 निमार्णाधीन हैं एवं 09 एक्सप्रेसवे का निर्माण प्रस्तावित है। उन्होने कहा कि हम देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को इतना मजबूत कर देंगे कि उत्तर प्रदेश को विकसित होने से कोई रोक नही सकता है। उत्तर प्रदेश में 16 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं, जिसमें 04 अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर, काशी में विश्वनाथ धाम, चित्रकूट में चित्रकूट धाम एवं विन्ध्य धाम का विकसित होना उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान दिला रहा है। हम सबको अपने इतिहास, विरासत एवं परम्परा को विस्मृत नही होने देना चाहिए। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश के नौजवानों को रोजगार, नागरिकों को सुरक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि अभी जल्द ही हमारी सरकार ने 60244 पुलिस नौजवनों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत नौकरी उपलब्ध करायी है, जिसमें 12045 बेटियां शामिल हैं।

## मुंबई पुलिस ने एमडी ड्रग्स के साथ तीन तस्कर दबोचे

मुंबई। मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की घाटकोपर यूनिट ने तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 1.18 किलोग्राम मेथमफेटामाइन (एमडी) ड्रग्स बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2.03 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। यह कार्रवाई मुंबई के अंधेरी और घाटकोपर इलाकों में की गई। एएनसी की घाटकोपर यूनिट ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर घाटकोपर बस स्टॉप के पास नियमित गश्त के दौरान दो संदिग्धों को देखा। तलाशी लेने पर पुलिस ने 40 वर्षीय कांदिवली निवासी से 257 ग्राम एमडी और 29 वर्षीय अंधेरी (पश्चिम) निवासी से 156 ग्राम एमडी बरामद किया।

## 45 दिन तक ही सुरक्षित रहेंगे अब चुनाव प्रक्रिया के वीडियो

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मतदान प्रक्रिया से संबंधित वीडियो फुटेज और तस्वीरों को संरक्षित करने की अवधि को संशोधित करते हुए इसे घटाकर 45 दिन कर दिया है। यह निर्णय मतदान परिणामों की घोषणा के बाद लागू होगा, और यदि इस अवधि में कोई चुनाव याचिका दायर नहीं की जाती है, तो डेटा को नष्ट किया जा सकता है। आयोग ने इस बदलाव का कारण हाल के दिनों में इस सामग्री के दुरुपयोग को बताया है। यानी वीडियो फुटेज और तस्वीरों से संबंधित डाटा चुनाव परिणामों की घोषणा के 45 दिन बाद तक स्टोर करके रखा जाएगा और उसके बाद डिलीट किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, सभी राज्यों के मुख्य



निर्वाचन अधिकारियों को भेजे गए निर्देशों में हालिया दुरुपयोग का हवाला दिया गया है। आयोग ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कानून द्वारा अनिवार्य नहीं है, बल्कि यह आंतरिक प्रबंधन का एक उपकरण मात्र है। आयोग ने लिखा, हाल के समय में गैर-उम्मीदवारों द्वारा इन सामग्रियों के दुरुपयोग की घटनाएं सामने आई हैं, जहां सोशल मीडिया पर इन्हें तोड़-मरोड़कर, संदर्भ से हटाकर प्रसारित किया गया, जिससे गलत सूचनाएं और दुर्भावनापूर्ण नैरेटिव फैलाए गए। इसका कोई कानूनी परिणाम नहीं निकलता, इसलिए समीक्षा करना आवश्यक था। चुनाव आयोग ने 30 मई को सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को इस फैसले की सूचना दी।

## केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

वाराणसी (धनेश्वर साहनी)। केंद्रीय शिक्षा राज्य एवं कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी ने सोमवार को आईटीआई करौंदी स्थित स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान संस्थान में व्यवस्थाएं और ट्रेनिंग का तरीका देखा। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में अपार संभावनाएं हैं। सरकार एआई के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाने जा रही है। कक्षा 6 से 8वीं तक के बच्चे भी अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिखेंगे। उन्होंने ने बताया कि इस केंद्र में कौशल विकास के विविध



ट्रेड्स के साथ-साथ विदेशी भाषाओं की ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसका उद्देश्य भारतीय कामगारों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाना है, जिनका सम्मान और कौशल पूरी दुनिया में पहले से ही स्थापित है।ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए जन शिक्षण संस्थान सक्रिय हैं, जबकि एमएसएमई और परंपरागत उद्योगों को मजबूत करने के लिए आईटीआई के ढांचे में सुधार की पहल शुरू हो चुकी है। इस बीच, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाने की योजना भी सामने आई है। चौधरी ने कहा कि छठीं से आठवीं कक्षा के छात्रों को अककी बुनियादी शिक्षा दी जाएगी, ताकि वे तेजी से बदलती औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए तैयार हो सकें। यह कदम परंपरागत शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन का संकेत देता है।जयंत चौधरी ने कहा कि स्किल इंडिया सेंटर के माध्यम से युवाओं को न केवल तकनीकी कौशल, बल्कि वैश्विक मंच पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। यह पहल भारत को वैश्विक कार्यबल का केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत के कामगारों की पूरी दुनिया में डिमांड है। सभी देश भारतीय कामगारों की प्रतिभा का लोहा मानते हैं।वही डॉक्टर अनुराग सिंह बताया कि आज राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय - केंद्रीय शिक्षा राज्य एवं कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी और रविंद्र पटेल प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत आज हम लोगों ने वाराणसी के आईटीआई के सभागार में किया है अभी हम लोग यहां से नारायणपुर के निकालेंगे जहां पर प्रदेश अध्यक्ष एवं विकास मंत्री जैन चौधरी का वहां पर स्वागत करेंगे उसके बाद हम लोग सोनभद्र के लिए प्रस्थान करेंगे इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को एकजुट करना और लोक दल को मजबूत बनाना है।

## नीट पेपर लीक : रांची व पटना में छापे

पटना। साल 2024 के नीट पेपर लीक से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गुरुवार सुबह रांची के बरियातू, बिहार के पटना, और नालंदा में कई ठिकानों पर छापे मारे। जानकारी के मुताबिक पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया उसके कई रिश्तेदार और करीबी इस मामले में ईडी के निशाने पर हैं। पेपर लीक मामले में चल रही सीबीआई जांच में बड़े पैमाने पर लेनदेन का मामला उजागर होने के बाद ईडी ने इसी आईआर दर्ज कर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की है। मई 2024 में मेडिकल के यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश (नीट) परीक्षा के बाद पेपर लीक की खबरें सामने आने के बाद इस मामले की जांच सबसे पहले पटना की आर्थिक अपराध इकाई ने शुरू की थी। बाद में यह मामला सीबीआई को सौंप दिया था। जांच में इस मामले के मास्टरमाइंड के रूप में संजीव मुखिया का नाम सामने आया था, जिसे 24-25 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल जेल में बंद है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईडी ने गुरुवार को रांची में संजीव मुखिया के करीबी सिंकंदर प्रसाद यादवेंद्र और पटना में उसके बेटे डॉ। शिव के ठिकानों पर छापे मारे। इस पेपर लीक में सीबीआई ने पिछले साल झारखंड के हजारीबाग से ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एवं एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल मो। इम्तियाज, एक दैनिक अखबार के पत्रकार जमालुद्दीन और एक गेस्ट हाउस के संचालक राजकुमार को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की जांच में इसके सबूत सामने आए हैं कि नीट-यूजी के पेपर हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल स्थित सेंटर से लीक किए गए थे। यहीं से पेपर पटना भेजा गया था, जहां एक हॉस्टल में कई छात्रों से मोटी रकम लेकर न सिर्फ पेपर उपलब्ध कराए गए, बल्कि उनके उत्तर भी रटवाए गए थे।

## अल्टीमेट ग्रीन सिटी बनेंगे प्रदेश के शहर

### यूपी के स्मार्ट ग्रीन शहरों में बनेंगे वर्टिकल गार्डन, पार्क और मियावाकी फॉरेस्ट

लखनऊ। प्रदेश कैबिनेट ने शुक्रवार को नगर विकास विभाग द्वारा प्रस्तावित शहरी हरित नीति को मंजूरी प्रदान कर दी है। यह नीति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप प्रदेश के शहरी स्थानीय निकायों में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी। यूपी शहरी हरित नीति का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में सतत और संपोषणीय विकास को बढ़ावा देना है। इसके तहत शहरी निकायों में हरित पहलों और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग प्रणाली को विकसित किया जाएगा, जो प्रदेश के शहरों को उनकी हरित पहलों के आधार पर ग्रीन स्टार रैंकिग प्रदान करेगा। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए वर्टिकल और रूफटॉफ गार्डेन के अलावा मियावाकी जंगलों को विकसित किया जाएगा। शहरी हरित नीति, प्रदेश में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कई महत्वपूर्ण

**शहरी हरित नीति**

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शहर को मिलेगा अल्टीमेट ग्रीन सिटी पुरस्कार**

कदम उठाएगी। शहरी हरित नीति के तहत तीन-स्तरीय रणनीति अपनाई जाएगी, जिसमें शहर, मोहल्ला और भवन स्तर पर हरित पहलों को बढ़ावा दिया जाएगा। एक ओर शहरी क्षेत्र में मियावाकी पद्धति का उपयोग करते हुए तीव्र विकास वाले घने मिनी-वनों का निर्माण किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर शहरों में हरित पहलों को बढ़ावा देते हुए ग्रीन बेल्ट, निम्न-उत्सर्जन क्षेत्र, स्पॉन्ज पार्क और शहरी हरित मेले आयोजित किए जाएंगे। मोहल्ला स्तर पर, पॉकिट पार्क, सामुदायिक बगीचे और पार्क गोद लेने की योजनाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही भवन स्तर पर, नए निमार्णों के लिए हरित भवन मानकों को अनिवार्य किया जाएगा, जो पर्यावरण के अनुकूल सामग्री, ऊर्जा बचाने वाली प्रौद्योगिकियों और ग्रीन रुफ़्स को बढ़ावा देगा। उत्तर प्रदेश में शहरी हरित नीति के सफल संचालन के लिए विभिन्न केंद्र और राज्य सरकार योजनाओं के माध्यम से धनराशि एकत्रित करने का प्रावधान है। जिसमें अमृत 2.0, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग शामिल हैं। शहरी स्थानीय निकाय अपनी आय, सीएसआर फंड और अन्य स्त्रोतों से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है।

साथ ही शहरी हरित नीति के तहत सामुदायिक भागीदारी को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। जिसमें स्कूलों, कार्यालयों और संगठनों के माध्यम से वृक्षारोपण अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही रूफटॉफ और वर्टिकल गार्डन को प्रोत्साहित किया जाएगा। सार्वजनिक सहभागिता बढ़ाने के लिए ग्रीन मेले, कार्यशालाएं और फूलों के त्योहार जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सर्वाधिक रैंकिग प्राप्त करने वाले शहर अल्टीमेट ग्रीन सिटी का पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

# योग दिवसः आमजन के साथ अफसरों ने किया प्राणायाम



शौर्य न्यूज इंडिया

डीडीयू नगर। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह एवं समर्पण भाव से मनाया गया। इस अवसर पर मंडल मुख्यालय स्थित बाकले अधिकारी क्लब भवन में योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के संदेश के साथ एक योग सत्र का आयोजन किया गया।

योग सत्र में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना, डीडीयू मंडल में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याएं, अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार सहित अन्य रेल अधिकारी, कर्मचारी एवं बच्चे सम्मिलित हुए। योगाभ्यास का संचालन योग प्रशिक्षक राजेश योगी एवं लिली मजूमदार द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी को सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया तथा योग से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने कहा कि योग से हमें सकारात्मक ऊर्जा मिलती है, हमें प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए।

उन्होंने सभी से आग्रह किया कि योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दें। सत्र के प्रारंभ में योग प्रशिक्षकों का विधिवत स्वागत किया गया। मंडल कार्मिक अधिकारी (स्वतंत्र प्रभार) जैश कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके अलावा पूरे डीडीयू मंडल के स्टेशनों व अन्य कार्य स्थलों पर भी योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें रेलकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी कडी मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय संस्था स्वस्थ रहो मस्त रहो के तत्वाधान में आज योग दिवस उत्साहपूर्वक वसंत विहार स्थित सरोवर के पास मनाई गई। जिसका संयोजन रंजन शाह एवं राजकुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अशोक गुप्ता, घनश्याम विश्वकर्मा, जयप्रकाश, मंगल, वीरेंद्र, मल्लू गुप्ता, मनोज गुप्ता,विजय कुमार गुप्ता, बसंत भरूका, विजय विश्वास, राजकुमार जायसवाल, आलोक भरूका, राजीव मोदी इत्यादि लोग शामिल रहे। इसी प्रकार रविनगर स्थित एसजी पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षकों व बच्चों ने कई योगाभ्यास किए। साथ ही गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य प्रशांत तिवारी ने कहा कि स्वस्थ रहना मानव का जन्मसिद्ध अधिकार है। इसे हासिल करने करने के लिए योग महत्वपूर्ण हथियार है। योग भारतीय संस्कृति का एक उपहार है। इसे बनाए रखना हमारा परम कर्तव्य है। योगाभ्यास में ताड़ासन, वृक्षासन, कपालभाति, बाह्य, अनुलोम, विलोम, भ्रामरी, बज्रासन आदि योग मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे। ऐसे ही लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पं पारसनाथ तिवारी नवीन परिसर में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों व छात्र छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया । कार्यक्रम के आरंभ में शारीरिक शिक्षा के शिक्षक राकेश कुमार ने सभी को ये शपथ दिलाई कि मैं कि मैं स्वयं तथा अपने परिवार के साथ नियमित रूप से योगाभ्यास कर योग को जीवन शैली के रूप में आत्मसात करूंगा/करूंगी। उसके पश्चात सूर्य नमस्कार व अन्य आसन कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो उदयन, कैप्टन डा कामेश, विवेक, हर्षवर्धन के साथ प्राध्यापक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस सेवादल चंदौली की जिला कार्यकारिणी घोषित

डीडीयू नगर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल पूर्वी जोन मुख्य संगठक सतीश बिंद के संतुष्टि पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डाड्ढ प्रमोद पांडेय ने चंदौली जिला कांग्रेस सेवादल की 22 सदस्यी कार्यकारिणी का अनुमोदन किया। जिसमे जिला मुख्य संगठक दशरथ सिंह चौहान,जिला उपाध्यक्ष जलालुद्दिन अंसारी व बाबूलाल, जिला महासचिव राष्ट्र निर्माण हर्ष तिवारी,जिला महासचिव राष्ट्र सेवा राजकुमार गोंड,जिला महासचिव संगठन निर्माण प्रमोद मौर्य, जिला महासचिव नेतृत्व निर्माण मुड्ढ तालीम,जिला महासचिव प्रशासन गब्बर हाशमी,जिला महासचिव प्रशिक्षण अनवर सादात, जिला महासचिव चुनाव प्रबंधन बंसल कुमार राय,जिला कोषाध्यक्ष कन्हैया केशरी,जिला ध्वज प्रभारी तेज प्रकाश मलिक,जिला मीडिया प्रभारी उदय सिंह चौहान एंव जिला सचिव श्याम नरायन गुप्ता, राजेश तिवारी,यदुवंश बिंद, जोगेंद्र चौहान, शमीम कासमी,पंचदेव पाठक, विकास चौबे, गुलाम गौस उर्फ नौशाद, फैशल खां को पदाधिकारी बनाया है। पूर्व शहर अध्यक्ष व पीसीसी सदस्य रामजी गुप्ता ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि पार्टी द्वारा आप सभी को जो नई जिम्मेवारी मिली है यकीनन आपसभी इसको पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे और आने वाले समय में पार्टी को मजबूती मिलेगी। पीसीसी सदस्य आनंद शुक्ल ने बधाई देते हुए कहा कि सेवादल एक बहुत ही महत्वपूर्ण संगठन है आप सभी को मिले नई दायित्व हेतु शुभकामनाएं।



# स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं की समीक्षा



चंदौली। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जननी सुरक्षा योजना, परिवार नियोजन, नियमित टीकाकरण, आयुष्मान योजना, एम्बुलेंस व्यवस्था, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जननी सुरक्षा योजना का मानिटरिंग बेहतर ढंग से सुनिश्चित हो। जेएसवाई के लाभार्थियों की भुगतान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि कहीं भी भुगतान लंबित न रहे।

इसके लिए विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए समय से भुगतान सुनिश्चित किया जाए। जननी शिशु सुरक्षा योजना के तहत प्रसव के माताओं को निशुल्क भोजन उपचार सहित स्वास्थ इकाई पर 48 घंटे रुकने की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित रखते हुए उन्हें रखा जाए। परिवार नियोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों को लाभान्वित किया जाय। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंडवार लक्ष्य के सापेक्ष सभी चिकित्सा प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहां की कार्यों में लापरवाही न करें टीकाकरण कार्यक्रम में शत-प्रतिशत लक्ष्य सुनिश्चित रखें। कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत कैंप लगाकर एवं पंचायत सहायक तथा आशा वर्कर घर-घर जाकर मानक के अनुसार शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाया जाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि यह केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, इससे लोगों को जागरूक करते हुए छूटे हुए पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल, पीएचसी तथा सीएचसी में जो भी निर्माण हो रहे हैं वह मानक के अनुसार पूर्ण करें। सभी उपकरण सही स्थिति में होने चाहिए जिससे लोगों के इलाज में कोई कमी नही आने पाए।जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक एवं आशा तथा एएनएम के साथ बैठक कर अधिक से अधिक जागरूकता फैलाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोगियों को चिन्हित कर उन्हें सरकार की योजनाओं एवं दवाओं से लाभान्वित किया जाए। 102 व 108 एंबुलेंस सेवा की निर्बाध एवं समय सुलभता सुनिश्चित करते हुए मरीजों को सेवा उपलब्ध कराई जाए। बताया कि किसी भी समय बिना जानकारी के कोई भी जनपद स्तरीय अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की कमी पाई जाती है तो उस पर निश्चित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आर जगत सांई, मुख्य चिकित्साधिकारी वाईके रॉय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



### संगठन मजबूती हेतु बैठक आयोजित

डीडीयू नगर। शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में संगठन सृजन के तहत आज वार्ड नंबर 23 कसाब महाल में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन की मजबूती व संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई, वार्ड अध्यक्ष के चुनाव प्रक्रिया में नेसार शाह को कसाब महाल का वार्ड अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव लाया गया,बैठक में व्योवृद्ध नेता मतिउल्लाह कुरैशी, डॉ आर के शर्मा, डॉ हुजैफा खान व डॉ एकरामुद्दीन का माल्यार्पण कर नागरिक अभिनंदन किया गया, बैठक में शहर अध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत प्रत्येक वार्डों में संगठन को वार्ड और बुथ स्तर तक गठन करने का कार्य किया जा रहा है, वहीं लोगों के समस्याओं के बारे में जानकारी लिया जा रहा है और जनता के दुख सुख में सीधे जुड़ने का कांग्रेस जन तन्मयता से कार्य कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि भाजपा के जन विरोधी नीतियों से जनता उब गई है और कांग्रेस से तेजी के साथ जुड़ रही है बैठक में सर्वश्री डॉक्टर आरके शर्मा, दयाराम पटेल शाहिद तौसीफ, ध्रुव सिंह, डॉ एकरामुद्दीन, तारिक अब्बास, इसरार कुरैशी,इम्तियाज अहमद,ट्रीजा एलियट, अवनीश शर्मा,कन्हैया मोदनवाल, संजय जयसवाल, मुन्नी देवी,नाजमा खान, शाहजहां बेगम, रब्बानी शाह, रमेश कुमार,गोपाल, विक्की गुप्ता, इरशाद कुरैशी, जियाउल हक, मोहम्मद अनीस, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद मेराज, अब्दुल अजीज, निहाल खान, असगर अली, नौशाद अली, मु हमजा,मोहम्मद मेराज, मोहम्मद सलमान, मोहम्मद सलीम आदि लोग उपस्थित रहे बैठक की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने किया संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शाहिद तौसीफ व धन्यवाद ज्ञापन नेसार शाह ने किया।

# संसद में उठेगा रेवसा में अधिग्रहण का मुद्दा



नियामताबाद। भारतमाला परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों का बस्ती बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में अनिश्चितकालीन धरना के पांचवें दिन शुक्रवार को धरनास्थल पर पहुंचे सांसद वीरेंद्र सिंह ने अपना समर्थन देने का काम किया। वही मुद्दा को सदन में उठाने को लेकर धरनारत लोगों को आश्वासन और भरोसा दिया कि पूरी समाजवादी पार्टी ग्रामीणों के साथ है।

भारतमाला परियोजना के तहत रेवसा गांव के लगभग 200 परिवार को उजाड़ने का काम किया जा रहा है। इसमें अभी तक ना तो मुआवजा मिला और ना ही जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने रेवसा बस्ती बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरना में शुक्रवार को अपना समर्थन देने पहुंचे सांसद वीरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन और भरोसा दिया कि 21 जुलाई से सदन चलेगा। यह मुद्दा सदन से लेकर सड़क तक उठाने का काम हम लोग पार्टी के माध्यम से करने का काम करेंगे। सत्ता में बैठे लोगों और इनके अधिकारियों द्वारा किसानों, मजदूरों ,महिलाओं के साथ अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि हर हाल में आप लोगों की मांगों को पूरा करने का काम किया जाएगा। पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने भी धरना में पहुंचकर जोश भरने का काम किया। कहा कि प्रशासन भूमि अधिग्रहण में कानून का अनुपालन करते हुए उचित मुआवजा, विस्थापन व पुनर्वास की प्रक्रिया को पूर्ण कर अधिग्रहण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी तरह की जोर जबरदस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर संतोष यादव, श्रवण कुशवाहा, किसान नेता केदार यादव, विजय गोंड बॉर्डर, जगमेन्द्र यादव, सुदामा यादव, चकरू यादव, चंद्रमा पासवान, विक्की प्रधान, अभिषेक कुमार, माधुरी, उर्मिला, सुनीता, कृष्णावती सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बौद्ध भिक्षुओं ने माता महामाया की प्रतिमा को पूजा

इलिया। बौद्ध विहार सैदूपुर मंदिर प्रांगण में स्थित महामाया सरोवर के बीच स्थापित स्तंभ और शेषनाग की छत्रछाया में गौतम बुद्ध की माता महामाया की प्रतिमा के समक्ष बौद्ध भिक्षुओं ने शुक्रवार को पूजा अर्चना किया। इस दौरान बुद्ध देशना एवं पंचशील का वाचन किया गया। धम्म पुत्र डॉ बुद्ध प्रताप मौर्य ने कहा कि गौतम बुद्ध को जन्म देने वाली उनकी माता महामाया अत्यंत पूज्यनीय है। जिनके तपोवल ने महान आत्मा को जन्म दिया। राजमहल में रहने वाले बुद्ध ने सब कुछ का त्याग करके भगवान बुद्ध कहलाये। ऐसे महान आत्मा की पूजा दुनिया के अनेक देशों में पूजा की जाती है। इस अवसर पर डॉ शकुंतला द्वारा गरीब महिलाओं को वस्त्र के रूप में साड़ी दान किया गया। अंत में उपस्थित जनों में प्रसाद स्वरूप का वितरण किया गया।

# ‘बाढ़ व आपदा प्रबंधन कार्यों में लापरवाही अक्षम्य’

## कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक, डीएम बोले- बेहतर रणनीति बनाते हुए आपदा संबंधित कार्य करें

चंदौली। जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में बाढ़ राहत कार्य योजना तैयार किये जाने सम्बन्धित बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त सम्बन्धित विभाग ठोस कदम के साथ बेहतर रणनीति बनाते हुए आपदा संबंधित कार्य करेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि राहत कैंपों की स्थापना एवं संचालन संबंधित समस्त उप जिलाधिकारी तहसील स्तर पर अंतर्विभागीय बैठक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिया जाए। संभावित बाढ़ से प्रभावित गांव में नाव एवं मोटर बोट की व्यवस्था एवं अन्य संबंधित तैयारी सुनिश्चित कर लिया जाए। जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने हेतु जगहों का चिन्हांकन कर सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने आकाशीय बिजली से बचाव हेतु लोगों को जागरुक किए जाने हेतु समस्त एसडीएम को निर्देशित किया। बाढ़ में प्रभावित होने वाले संभावित क्षेत्र का आंकलन कर आवश्यक तैयारी सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, जल निगम, सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों को मुख्य रूप से निर्देश देते हुए कहा कि अपनी-अपनी पूरी तैयारियां सुनिश्चित कर लिया जाए। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से संबंधित दवाओं की उपलब्धता एवं वैक्सिनेशन की उपलब्धता एवं तैयारी संबंधित जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि राहत शिविर में दवाओं की चौबीस उपलब्धता सुनिश्चित रखेंगे।

उन्होंने बाढ़ की महत्वपूर्ण सूचनाओ को संबंधित अधिकारियों एवं बाढ़ क्षेत्रों से संभ्रांत लोगों को जोड़ कर वाट्सअप ग्रुप बनाए जाने के निर्देश दिए, ताकि गंगा नदी, डैम व गढ़ई नदी के जलस्तर एवं अन्य जरूरी जानकारी सभी को समय से पता चल सके। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी को पिछले पांच वर्षों में प्रभावित गांवों एवं अन्य बाढ़ प्रभावित स्थलों की जानकारी मांगी है। उन्होंने कहा कि आपदा कब और किस प्रकार आ सकता है इसके लिए सभी तैयारियों की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित रखी जाए। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान कहा कि बैठक में जो निर्देश दिए गए हैं उसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता/लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी गण, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ वाई के राय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष विक्रम आदि उपस्थित रहे।

## सात कीटनाशक दुकानदारों को नोटिस



चंदौली। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के निर्देश पर बुधवार को कृषि विभाग की टीम ने मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में कीटनाशक की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान कृषि विभाग की टीम ने 20 दुकानों पर छापेमारी कर 9 दुकानों से नमूने अधिग्रहित कर सात दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिससे दुकान संचालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर क्षेत्र में कीटनाशक की दुकानों पर छापेमारी की गई है। जहां किसानों को उचित मूल्य व गुणवत्ता युक्त कीटनाशक दवाओं को देने का निर्देश दिया गया है। यदि इसमें किसी दुकानदार द्वारा लापरवाही पाई जाती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग टीम के द्वारा कुल 20 दुकानों पर छापेमारी की गई है, जिसमें नौ दुकानों से नमूने लिए गए हैं साथ ही सात दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हैं। बताया कि आगे भी टीम द्वारा निरंतर अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जिला कृषि रक्षा अधिकारी स्नेह प्रभा, रमेश सिंह यादव, चंदन सिंह, अखिलेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

## तिरगांवा के ताजिए में नहीं होगा बदलाव

चहनियां। जमालपुर तीरगांवा में ताजिया दफनाने को लेकर कोर्ट ने क्षेत्र के जमालपुर तीरगांवा में ताजिया दफनाने को लेकर यथावत स्थिति कायम रखने का निर्देश दिया है। इस मामले में प्रधान, दूसरा रास्ता देना चाहते हैं। गांव की राजमनी देवी ने यथास्थिति कायम रखने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था।

ताजियादार सुहेल अहमद पुत्र मुस्ताक अहमद के नेतृत्व में लगभग 30 से 35 की संख्या में कमरुद्दीन के घर जहां ताजिया बनती है। वहां से उठकर पुराने चौक होते हुए इमाम चौक पर ताजिया रखी जाती है। दसवीं का जुलूस संख्या 507 द्वारा दोपहर 3 बजे ईमान चौक से ताजिया सुलभ शौचालय से सीधे उत्तर साइड रामजी के खेत में होते हुए सीधे पुरानी चौक के पास दफन किया जाता है। लेकिन वर्तमान प्रधान अपने रिश्तेदार आराजी संख्या 241 शौचालय से पश्चिमी छोर ले जाकर फिर पुराने कर्बला पर ले जाना चाहते हैं।

## संक्षेप समाचार।।।



### इंडियन रोटी बैंक ने गरीबों को खिलाया खाना

डीडीयू नगर। इंडियन रोटी बैंक के सदस्यों ने शनिवार की शाम रेलवे सकुर्लेटिंग एरिया में आरपीएफ प्रभारी पी।के। रावत के हाथों 100 पैकेट खाना गरीबों को वितरण किए गए। इंडियन रोटी बैंक का सपना, भूखा न सोए कोई अपना का जज्बा लेकर संस्था के सदस्य स्वयं के घरों में बना खाना रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, जीटी रोड, ऑटो, रिक्शा स्टैंड आदि जगहों पर जरूरतमंदों को खाना खिलते हैं। यह मुगलसराय में एक इंडियन रोटी बैंक है जो जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रदान करता है। रोटी बैंक एक सामाजिक पहल है जो गरीबों को भोजन प्रदान करके समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करती है। संस्था के सदस्य आए दिन यह कार्य करते रहते हैं। इस अवसर पर जिला कोआर्डिनेटर शोएब खान, महिला जिला कोआर्डिनेटर शहला शाहाब, डॉ हुजैफा, डॉ अलिफ रजा, डॉ गुंजन गौरव, मोहसिन, तैय्यब अहमद, शाकिब, फैयाज अंसारी, फरमान अहमद, जैकी भाई, शम्मी, सोनू, गुड्डू, शिबू, रेहान, असकीन, अमित, शुभम, आशीष, टिंकू शर्मा, मोहम्मद सुहेब अहमद, जैद, आशुतोष, नूर, इकबाल, सरफराज भी मौजूद रहें।

### आईजा ने वरिष्ठ पत्रकार के पिता को दिया श्रद्धांजलि

डीडीयू नगर। ऑल इंडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जिला इकाई चंदौली की एक आवश्यक बैठक नगर के लाल बहादुर शास्त्री पार्क में रविवार को दोपहर 2:00 बजे आयोजित की गई। बैठक में संगठन पर चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने कहा कि बहुत जल्द ही इकाई के सभी सदस्यों का भी गठन कर दिया जाएगा और साथ में सभी का कार्ड भी वितरण किया जाएगा। बैठक के अंत में नगर के वरिष्ठ पत्रकार समर बहादुर यादव के पिता प्रभु यादव 75 वर्षीय जी के विकास दिनों निधन पर शोक व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मन धारण कर गत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कृष्णकांत गुप्ता, कमलेश तिवारी, भानु शंकर चौबे, फैयाज अंसारी, हंसराज शर्मा, मोहम्मद राशिद, एस फाजिल, शोएब खान, धर्म प्रकाश, अनिल आदि सदस्य मौजूद रहे।

### कार-स्कार्पियो की टक्कर, कोई हताहत नहीं



डीडीयू नगर। अलीनगर थाना क्षेत्र के मानस नगर गेट के समीप जीटी रोड पर कार और स्कॉर्पियो की आपस में टकराने के कारण दोनों पर सवाल लोगों ने उतरकर आपस में भिड़ गए। हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। इस दौरान जीटी रोड पर दोनों तरफ जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई।सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस नहीं दोनों को समझा बूझकर शांत कराया। अलीनगर थाना क्षेत्र के मानस नगर निवासी लक्की अपनी कार से चकिया तिराहा की तरफ जा रहा था। वही पीछे से मुगलसराय निवासी अफरोज की स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर कार में टकरा गई। इससे दोनों में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान दोनों गाड़ी से उतारकर आपस में भीड़ गए। दोनों तरफ से मारपीट होने लगी। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल बन गया ।जीटी रोड पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने दोनों को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद जीटी रोड से जाम हटवाकर आवागमन शुरू कराया गया।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



डीडीयू नगर। मुगलसराय पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंदौली आदित्य लांग्हे के निर्देश पर की गई कार्रवाई में मुखबिर की सूचना पर टीम ने ग्राम कुढेखुर्द के चौराहे से आरोपी को पकड़ा।गिरफ्तार आरोपी की पहचान आलम खान के रूप में हुई है। वह कसाई महाल, मुगलसराय का रहने वाला है। आरोपी की उम्र 22 वर्ष है। उसके पास से एक देशी तमंचा ।315 बोर बरामद किया गया।प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय गगन राज सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी रेलवे कालोनी उप-निरीक्षक अजय कुमार, कांस्टेबल भूपेश कुमार और कांस्टेबल अमित कुमार यादव शामिल थे। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पहले भी आर्म्स एक्ट का एक मामला दर्ज है।

### अधिवक्ता समाज ने विधायक का किया अभिनन्दन



डीडीयू नगर। कचहरी परिसर में जैसे ही न्यायालय निर्माण हेतु टेंडर होने की सूचना प्राप्त हुई पूरे अधिवक्ता समाज में साथ ही चंदौली के आम जनमानस में खुशी की लहर दौड़ पड़ी क्योंकि यह जनपद का सबसे बड़ा मुदा 28 सालों से लंबित पड़ा हुआ था न्यायालय निर्माण के लिए 28 वर्षों से संघर्षरत अधिवक्ताओं ने चंदौली सदर पंडित दीनदयाल नगर के विधायक रमेश जायसवाल को मिठाई खिलाकर मालाओ से लात कर उनको उनके इस साहसिक कार्य के लिए बहुत-बहुत बधाई दी अधिवक्ताओं ने यह भी बताया कि विधायक के प्रयास को हमेशा अधिवक्ता समाज याद रखेगा वही जनपद की प्रमुख समस्याओं में रोडवेज जो जिला मुख्यालय पर स्थित होने जा रहा है और आरटीओ ऑफिस के लिए भी विधायक जी के प्रयासों के लिए उनको धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर एडवोकेट अनिल सिंह, एड। जन्मेजय सिंह, एड। शमशुद्दीन, एड। राजेश मिश्रा, संतोष बागी सहित अन्य की भी उपस्थिति रही।

### रेलवे इंटर कॉलेज में स्कूली बच्चों ने किया योगाभ्यास

डीडीयू नगर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 से पूर्व सप्ताह के दौरान योग के प्रति जागरूकता एवं अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु विविध माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 20 जून को डीडीयू मंडल स्थित रेलवे इंटर कॉलेज के प्रांगण में योग दिवस के तीसरे सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में योग गुरु श्री रविंद्र कुमार ने उपस्थित रेलवे स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं अन्य रेलकर्मियों को योगाभ्यास कराया। उन्होंने योग की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराते हुए बताया कि योग न केवल हमारे जीवन का प्रमुख अंग है, बल्कि यह निरोग रहने के लिए आवश्यक भी है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन योग करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार, रेलवे स्कूल के अध्यापकगण, समस्त कल्याण निरीक्षक, स्काउट के बच्चे, कालोनी के निवासी उपस्थित रहे।इस आयोजन का उद्देश्य स्कूली बच्चों एवं रेलकर्मियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के लिए प्रेरित करना रहा।



# गैर बकायेदार पैक्स समितियों को किया चिह्नित

## जिला सहकारी बैंक लि. बलिया की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक संपन्न, किया गया विमर्श





बलिया। जिला सहकारी बैंक लि. बलिया की वार्षिक सामान्य निकाय की वर्ष 2022-23 से 2024-25 की बैठक शुक्रवार को सभापति विनोद शंकर दूबे की अध्यक्षता में गंगा बहुद्देशीय सभागार में हुई। इसके मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी रहें। सभापति विनोद शंकर दूबे ने बैंक की वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 20 गैर बकायेदार पैक्स समितियों एवं 10.00 लाख से कम बकायेदार वाली समितियों को चिन्हित किया। बताया कि इनको अल्पकालिन ऋण सीमा स्वीकृत कर 133 कृषक सदस्यों को 67.60 लाख तथा वर्ष दौरान अंकन 5.00 करोड़ ऋण वितरित किया जाना प्रक्रियारत है। गैर बकायेदार 05 वेतनभोगी समितियों की ऋण सीमा स्वीकृत कर 172. 94 लाख का ऋण वितरित किया गया हैं। उक्त के अतिरिक्त बैंक की लाभ प्रदत्ता को दृष्टिगत रखते हुए उप्र कोआपरेटिव बैंक लि। लखनऊकी लीडरशिप में गठित कर्न्सोटियम के अर्न्तगत सहकारी क्षेत्र के चीनी मिलों का राज्य सरकार की गारण्टी पर अंकन 2842. 70 लाख की ऋण सीमा स्वीकृत की गई है।

अंकन 650.00 लाख का ऋण वितरण किया जा चुका है। अवशेष ऋण सीमा के अन्तर्गत ऋण वितरण प्रक्रिया में है। इसके अलावा जनपद की 136 पैक्स समितियों को राज्य समितियों को राज्य सरकार द्वारा अनुदानित कैश एण्ड कैरी योजना के अन्तर्गत प्रति समिति 10. 00 ऋण सीमा स्वीकृत कर 2744.57 लाख रुपये का उर्वरक व्यवसाय समितियों के माध्यम से कराकर जनपद के किसानों को लाभान्वित किया गया है, से सदन को अवगत कराया। बैंक के सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहसीन खान द्वारा वर्ष 2022-23 से 2024-25 की वार्षिक विवरणी बैंक की आय-व्यय का लेखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद विरेन्द सिंह मस्त, पूर्व मंत्री नारद राय, राजधारी सिंह, पीसीएफ अध्यक्ष उप्र वाल्मिकी त्रिपाठी, छट्टू राम, पूर्व विधायक धनंजय कन्नौजिया, गोरख पासवान, भगवान पाठक, बैंक के पूर्व चेयरमैन कमलेश सिंह, दिग्विजय सिंह, अशोक पाठक, राजनाथ पाण्डेय, जयराम पाण्डेय, घनश्याम पाण्डेय, सुधीर कुमार सिंह, खड्ग बहादुर तिवारी, बच्चा सिंह, अनिल कुमार शुक्ला, जर्नादन प्रसाद मौर्या, रूद्रप्रताप यादव, उदय प्रताप पासवान, संध्या सिंह आदि मौजूद रहे।

## आग से छह परिवारों की घर गृहस्थी जलकर राख

मझौवां। रेवती थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दिघार के नई बस्ती पचरुखिया में गुरुवार की देर रात शार्ट सर्किट से एक रिहायशी झोपड़ी में आग लग गयी। इस दौरान देखते ही देखते छह परिवारों का आशियाना एवं घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने मौका मुआयना कर पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। बताया जाता है ग्राम पंचायत दिघार के नई बस्ती पचरूखिया में गुरुवार की रात मुकबधिर राजकुमारी पत्नी पप्पू पटेल रोज की तरह खाना खाने के बाद अपनी झोपड़ी में सो रही थी। देर रात झोपड़ी के अन्दर उठे धुंए के गुब्बार से अचानक उसकी नींद खुली। अभी वह कुछ समझ पाती, तब तक झोपड़ी से आग की लपटें उठने लगी। वह किसी तरह जान बचाते हुए झोपड़ी से बाहर निकली और गूंगी आवाज में ही शोर मचाना शुरु किया। पीड़िता सविली देवी ने बताया कि पुत्री के शादी का दिन कार्तिक महीना में रखी है।



निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से करें पालन

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र द्वारा ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस में लगे सील पैक ताले को खुलवाया गया। इसके उपरांत ईवीएम, वीवीपैट की मशीनों के रख रखाव की स्थिति का जायजा भी लिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की सक्रियता, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की अनवरत निगरानी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ही उन्होंने सुरक्षा गाड्र्स की शिफ्ट वार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिला अधिकारी सत्यप्रिय सिंह, सुनील यादव, रामकरण यादव, अब्दुल, गोरखनाथ, रामधनी चैहान, अवधेश मौर्या तथा संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन

आजमगढ़। आंगनबाड़ी वर्करों एवं सहायिकाओं के पद से संबंधित कार्यों के संपादन में आ रही समस्याओं के निराकरण कराये जाने हेतु कार्यकत्रियों व सहायिकाओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित 14 सूत्री मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा।

जिलाध्यक्ष कंचन यादव ने कहा कि लगभग चार-पांच वर्ष पूर्व काबैन के मोबाइल फोन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया था जो बहुत पहले खराब हो चुका है। वर्तमान में किसी कार्यकत्री के पास कोई विभागीय फोन नहीं रह गया है जिसके कारण कार्य करने में परेशानी हो रही है। कार्यकत्रियों द्वारा निजी फोन से विभाग के दबाव में पोषण ट्रेकर व आनलाइन कार्य कराया जा रहा है। कार्यकत्रियों को प्रत्येक माह मोबाइल रिचार्ज का भुगातान किया जाय। फ्लेक्सी फण्ड की धनराशि एक हजार वार्षिक से बढ़ाकर दस हजार वार्षिक किया जाय।

# जनता की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता हो: डॉ. धर्मेंद्र



घोसी, मऊ। तहसील सभागार में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में तहसीलदार डॉ। धर्मेंद्र पांडेय ने क्षेत्र में नव नियुक्त लेखपालों के साथ परिचयात्मक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक का उद्देश्य लेखपालों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराना और राजस्व संबंधी कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना रहा। बैठक में लेखपालों को जनहित से जुड़ी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर निस्तारित करने की सख्त हिदायत दी गई। तहसीलदार डॉ। पांडेय ने कहा कि आप सभी का कार्य न केवल प्रशासनिक व्यवस्था का संचालन है, बल्कि जनता का कानून पर विश्वास बनाए रखना भी आपकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी राजस्वकर्मियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकरण में पक्षपात या पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर निर्णय न लें। आपको दोनों पक्षों की बात निष्पक्ष रूप से सुननी चाहिए और भौतिक स्थिति का अवलोकन करके ही निर्णय लेना चाहिए,ह्व उन्होंने कहा। स्पष्ट किया कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी नियमों से हटकर किसी प्रकार के दबाव या प्रलोभन में आकर कार्य न करे।

**स्वामित्व योजना पर विशेष बल :** डॉ। पांडेय ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत भूमि सर्वेक्षण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शेष स्वामित्व सर्वे कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें ताकि ग्रामीणों को उनके अधिकारिक दस्तावेज प्राप्त हो सकें और भूमि विवादों में कमी आए।

**समस्याओं का समाधान ही प्राथमिकता :** तहसीलदार ने जनहित की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का संदेश देते हुए कहा कि लेखपालों की भूमिका जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं को लागू करने में सबसे अहम होती है। आपकी सक्रियता और संवेदनशीलता से ही प्रशासनिक भरोसे को मजबूती मिलती है, उन्होंने कहा। इस अवसर पर लेखपाल संघ अध्यक्ष अरविंद पांडेय, गौरव राय, सुधाकर, जयप्रकाश यादव, मतीन खान, पारसनाथ, अजय चैहान, दिनेश, मनीष मिश्रा, कमलेश यादव विवेक सिंह, आशीष यादव, राम आशीष सिंह सहित अन्य राजस्वकर्मी व तहसील अधिकारी मौजूद रहे।

## एक करोड़ 80 लाख का डोडा पोस्ता बरामद

सोनभद्र। मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध लगातार एक्शन मोड में चल रही एसटीएफ व सदरा कोतवाली की संयुक्त टीम ने एक डीसीएम वाहन से 1806।56 किलोग्राम डोडा पोस्ता बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। बरामद डोडा पोस्ता की अनुमानित कीमत एक करोड़ 80 लाख 65 हजार छह सौ रुपये बतायी जा रही है।

कोतवाल ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में एसटीएफ व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान हिन्दुआरी तिराहे से करीब 100 मीटर आगे मीरजापुर रोड से एक डीसीएम वाहन से 1806।56 किलोग्राम डोडा बरामद कर अकरम खां पुत्र मुल्तान खां निवासी मकरन्दपुर कुड्डा थाना भमौरा, बरेली व मो। आरिफ पुत्र हनीफ अंसारी निवासी क्यूना शादीपुर, भमौरा, बरेली को गिरफ्तार कर लिया।

# शरीर को मन व आत्मा से जोड़ता है योग

## बोले मिनिस्टर दयालु: प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को पूरे विश्व ने लगाया गले




मीरजापुर। ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व साप्ताहिक योगाभ्यास के अंतर्गत नगर के फतहा घाट पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन दयाशंकर मिश्र दयालु एवं उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग राज्यमंत्री सोहन लाल श्रीमाली ने योग कार्यक्रम में पहुंचकर विभिन्न आसनों को कर योगाभ्यास किया। आयुष मंत्री ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से पूरे विश्व में योग को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता दिलाई है। 21 जून को दुनिया के 180 से ज्यादा देश योग दिवस मनाएंगे। इस योग दिवस को लेकर पूरे देश में पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। आज इस गंगा तट पर भी सभी माताएं, बहनों, युवाओं के साथ मिलकर योग अभ्यास किया गया है। योग के लिए देश में एक लाख से ज्यादा स्थानों एवं उत्तर प्रदेश में 4075 स्थानों पर योग किया जायेगा। योग का शाब्दिक अर्थ होता है जोड़ना, योग ने शरीर को तन से और तन को आत्मा से जोड़ने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने विकास के साथ देश की विरासत को भी सजोया है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय दिवस को लेकर पूरे सप्ताह योगाभ्यास किया जा रहा है। आज फतहा घाट पर हुए इस अभ्यास में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु जी भी शामिल होकर योगाभ्यास किया है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे शान के साथ कल योग दिवस मनाया जायेगा। पतंजलि महिला योग समिति की तरफ से आई राजलक्ष्मी ने भी अपने योग से सभी को प्रभावित किया। जिसको लेकर आयुष मंत्री एवं आभा फाउंडेशन द्वारा अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया है। ऐसी बालिकाएं दूसरों के लिए प्रेरणा बनती है। इस मौके पर पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री) सोहन श्रीमाली माली, आयुष मंत्री के जन सम्पर्क अधिकारी गौरव राठी, नितिन विश्वकर्मा, सभासद शरद सरोज, शशिधर साहू, संदीप तिवारी, विजय प्रजापति, अजय मोदनवाल, राजेश सोनकर, सत्यनारायण जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, गौरव उमर, जाह्नवी तिवारी, अमित श्रीनेत, ईओ जी लाल, कर अधीक्षक शरदेंदु सिंह, जलकल अभियंता ओमप्रकाश राम, सीएसआई मनोज सेठ, आरआई अनिल जायसवाल, कंप्यूटर प्रभारी राकेश गुप्ता, जेई जटा शंकर पटेल सहित आमजन एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## कनिष्ठ लिपिक व संविदा परिचालक गिरफ्तार

जौनपुर। भ्रष्टाचार निवारण थाना वाराणसी की टीम ने शुक्रवार को स्थानीय परिवहन निगम डिपो के कनिष्ठ लिपिक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव व संविदा परिचालक रजनीश कुमार को पांच हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ लिया।

बक्शा थाना क्षेत्र के सदरुद्दीनपुर गांव निवासी झुल्लुर राम परिवहन निगम में चालक पद पर कार्यरत हैं। वह खुटहन से कानपुर की बस लेकर चलते हैं। गत 16 जून को झुल्लुर राम ने वाराणसी एंटी करप्शन थाना में शिकायत की कि लंबी दूरी होने के नाते पुरानी बस लेकर चलने में परेशानी होने पर नई बस मांगे जाने पर प्रदीप कुमार श्रीवास्तव व उनके कहने पर संविदा परिचालक रजनीश कुमार पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहे हैं। एंटी करप्शन टीम ने दोनों को रंगेहाथ पकड़ने का ताना-बाना बुना। चालक झुल्लुर राम को केमिकल लगे पांच हजार रुपये दिए। रिश्वत देने के लिए कार्यालय में बुलाने को कहा।

# योग बिना निराधार है संपूर्णानंद की कल्पना



वाराणसी। 'योगः कर्मसु कौशलम' कर्मों में कुशलता ही योग है। कुछ विद्वानों का यह मत है कि जीवात्मा और परमात्मा के मिल जाने को कहते हैं। 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः' चित्त की वृत्तियों के निरोध का नाम योग है।योग शांति का आश्रय प्रदान करता है, जो हमें जीवन की चुनौतियों का सामना शांति और धैर्य के साथ करने में सक्षम बनाता है।

इससे शारीरिक, मानसिक मजबूती भी देता है।हम सभी सौभाग्यशाली हैं जो भारतीय हैं, जहां ऋषियों - मुनियों की तपोभूमि रही है।जहां से योग की उत्पत्ति हुई है। दुनिया भर में योग विद्या की उत्पत्ति काशी के आदि योगी बाबा विश्वनाथ जी को 'आदियोगी' तथा 'योगगुरु' माना जाता है। काशीवासी सौभाग्यशाली हैं जो इस धरा के साथ जुड़े हैं, जहां से योग की उत्पत्ति हुई है ,दुनियां ने योग को सुना, सीखा और आत्मसात किया।

उक्त विचार सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर परिसर स्थित ऐतिहासिक मुख्य भवन में बतौर अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किया।

कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि यह धरती असाधारण धरा है, यह धरती तर्पण, समर्पण, योग, प्रयोग, उपयोग की धरती है, यहां के असाधारण हैं।सम्पूर्णानन्द की कल्पना योग के बिना सम्भव नहीं है, दुनियां भर में इसी प्रांगण से योग के महत्व और उपयोगिता के संदेश जाना चाहिए।इसके लिए आप सभी योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने तथा दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान करें।स्वंय योग को आत्मसात करेंगे तो स्वस्थ रहते हुये अन्य लोगों को भी स्वस्थ जीवन की उपयोगिता और उद्देश्य योग के द्वारा बता सकेंगे।आपसे ही स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज, स्वस्थ राष्ट्र और स्वस्थ विश्व की कल्पना साकार होगी।

कुलसचिव राकेश कुमार ने कहा कि इस संस्था में योग से संबंधित पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है, जो कि इसके प्राच्यविद्या के महत्व को दशार्ता है।शरीर के सम्पूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए नियमित योगासन के अंतर्गत अनुलोम- विलोम अवश्य करना चाहिए, विशेषज्ञ भी लाभदायक मानते हैं। उस दौरान वेदांत के विद्वान प्रो। रामकिशोर त्रिपाठी ने योग को साधना और एकाग्रता का केंद्र विन्दु बताया, न्याय शास्त्र के विद्वान प्रो रामपूजन पाण्डेय,प्रो हरिप्रसाद अधिकारी, प्रो शैलेश कुमार मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

राजभवन के निर्देश के आलोक में योग दिवस के अवसर पर पूर्वाह्न 8:00 बजे विश्वविद्यालय परिवार के द्वारा सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार योग मुद्रा का वृहद् आयोजन किया गया। इसके पूर्व प्रातः 6:30 बजे, योगसाधना केन्द्र में योग दिवस के अवसर पर मा। प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन की लाइव स्ट्रीमिंग (प्रसारण) को कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय परिवार के द्वारा देखा गया।

योगी आदित्य कुमार एवं योगी राजकुमार मिश्र ने विभिन्न योगों के प्रयोग, विधि एवं उपयोगिता को प्रायोगिक विधि से सम्पूर्ण प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया।

उक्त अवसर पर कुलसचिव राकेश कुमार, वेदांती प्रो। रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो रामपूजन पाण्डेय, प्रो हरिशंकर पाण्डेय, प्रो। सुधाकर मिश्र, प्रो। हरिप्रसाद अधिकारी, प्रो विधु द्विवेदी, प्रो शैलेश कुमार मिश्र, प्रो राघवेन्द्र जी दुबे, प्रो। दिनेश कुमार गर्ग, प्रो। अमित कुमार शुक्ल,प्रो हीरक कांत चक्रवर्ती आदि रहे।



## डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

पटवध (आजमगढ़)। बिलरियागंज थाना अंतर्गत नसीरपुर बाजार स्थित सिफा हॉस्पिटल में डिलीवरी के लिए बृहस्पतिवार को प्रिया गुप्ता को भर्ती कराया गया था जहां डिलीवरी के दौरान जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई। परिजनों द्वारा डाक्टर के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाया जा रहा है जिसको लेकर मृतक के परिजनों और रिश्तेदारों द्वारा अस्पताल के सामने रोड को जाम कर दिया गया। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष बिलरियागंज सुनील कुमार दुबे मय फोर्स पहुंचकर जाम को समाप्त कराये और शव को अपने कब्जे में लेकर थाने पर चले गए। परिजन गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। इस मामले पर सीएमओ अशोक कुमार को भी सूचित किया गया। उन्होंने मौके पर डिप्टी सीएमओ को भेजने की बात कही। मृतका प्रिया गुप्ता 26 वर्ष पत्नी शुभम गुप्ता का ननिहाल बिलरियागंज थाना क्षेत्र स्थित चेवता गांव में था। प्रिया गुप्ता की शादी 2023 में शुभम गुप्ता के साथ हुई थी। प्रिया गुप्ता का पहला बच्चा था। प्रिया गुप्ता का परिवार मूल रूप से लुधियाना में रहता है। मायका मऊ जनपद के अमिला गांव में है। मृतका के पिता का नाम संजय गुप्ता है। परिजनों द्वारा बृहस्पतिवार को शिफा हॉस्पिटल में प्रिया गुप्ता को डिलीवरी के लिए भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को डिलीवरी कराने के दौरान जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डाक्टरों द्वारा लापरवाही की गई है।

## संक्षेप समाचार।।।

### करंट से युवक की मौत, एक वर्ष पूर्व हुई थी शादी

बिरनो। थाना क्षेत्र अंतर्गत मुहम्मदपुर गांव में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया है। बिजली के करंट से 29 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक मिथिलेश चौहान शौच के लिए बीते गुरुवार की देररात घर से बाहर निकला था। तभी सड़क किनारे लगे विद्युत पोल में करंट की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विद्युत पोल में लगे छरकी में करंट दौड़ रहा था। जिसकी चपेट में आते ही मिथिलेश मौके पर ही गिर पड़ा। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, युवक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। मृतक मिथिलेश चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था और उसकी शादी मात्र एक वर्ष पूर्व सुषमा देवी से हुई थी। हादसे के बाद पत्नी सुषमा, मां मेवाती देवी समेत पूरे परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातम का माहौल बना हुआ है। थानाध्यक्ष बालेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के बड़े भाई शैलेश चौहान की तहरीर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### रेलवे–जीआरपी ने ट्रेन से बरामद की शराब

दिलदारनगर। ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ दिलदारनगर व जीआरपी दिलदारनगर की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन दिलदारनगर पर ट्रेन संख्या 06211 दरभंगा समर स्पेशल का विशेष ठहराव लेकर चेकिंग के दौरान कुल 21 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब तथा कुल कीमत करीब 11520 की बरामदगी की। शुक्रवार को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि ट्रेन संख्या 06211 दरभंगा समर स्पेशल के कोच संख्या 09सी 33 के बाथरूम में भारी मात्रा में शराब होने की शंका है। गाड़ी का दिलदारनगर स्टेशन पर विशेष ठहराव लेने के उपरांत आरपीएफ दिलदारनगर व जीआरपी दिलदारनगर के द्वारा संयुक्त रूप से ट्रेन संख्या 06211 दरभंगा समर स्पेशल का दिलदारनगर प्लेटफार्म संख्या 01 पर समय 09।55 बजे आने के उपरांत गाड़ी के कोच संख्या 09सी33 के बाथरूम के अंदर ऊपर के तरफ लगी हुए प्लाई को हटाकर चैक किया गया तो उसमें से कुल 21 लीटर अंग्रेजी शराब व बियर बरामद किया गया दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त शराब के मालिकाना हक नहीं जताया गया तथा उक्त कोच में कोई संदिग्ध व्यक्ति नहीं दिखाई दिया बाद उक्त लावारिस अंग्रेजी शराब को जीआरपी चौकी दिलदारनगर पर लाकर लावारिस में दाखिल किया गया। बरामदकी करने वाली टीम निरीक्षक प्रभारी एम.पी दुबे, सहायक उप निरीक्षक बीरेंद्र सिंह, हरिशंकर, सुमेश केशरी, प्रभारी उप निरीक्षक जैदान सिंह, मुख्य आरक्षी अजय सिंह, मुख्य आरक्षी अखिलेश कुमार आदि रहे।

### लापरवाही पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर गिरी गाज

गाजीपुर। रेवतीपुर बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभार्थियों के फेस ऑथेंटिकेशन और ई–केवाईसी करने बड़ी लापरवाही पर प्रभारी सीडीपीओ अर्चना सिंह ने बड़ी कार्यवाई की है,उन्होंने लापरवाह 154 आंगनबाडी कार्यकत्रियों को नोटिस जारी किया है।साथ ही प्रभारी सीडीपीओ ने दो दिन के अंदर नोटिस का जवाब देने का भी सख्त निर्देश दिया है,चेताया कि तय समय पर संतोषजनक जवाब ना देने पर सम्बन्धित आंगनबाडी का वेतन रोक दिया जाएगा, साथ ही उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्यवाई भी की जाएगी। प्रभारी सीडीपीओ के द्वारा किए गये इस सख्त कार्यवाई से विभाग के कर्मचारियों में हडकंम्प मचा हुआ है,उन्होंने चेताया कि शासन एवं विभाग की ओर से संचालित योजनाओं में किसी भी स्तर पर हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेताया कि जिस भी लाभार्थियों का फेस ऑथेंटिकेशन और ई–केवाईसी नहीं होगा उन्हें पोषाहार नहीं मिलेगा। प्रभारी सीडीपीओ अर्चना सिंह ने बताया कि पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभार्थियों के फेस ऑथेंटिकेशन और ई–केवाईसी में लापरवाही बरतने पर 154 आंगनबाडी को नोटिस जारी किया गया है,बताया कि लापरवाही किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जिला पंचायत सभागार में दिया गया प्रशिक्षण

गाजीपुर। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 376 जंगीपुर ने बताया है कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ बीते 17 जून के क्रम में विधान सभा 376 जंगीपुर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का प्रशिक्षण बीते 17 जून को सम्पन्न हुआ। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13 ख(2) के तहत बीएलओ का नियोजन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा किया जाता है एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13 गग बी.एल.ओ। पर भी लागू होती है, इसलिए वे निर्वाचन आयोग के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण के अंतर्गत कार्य करते है। बीएलओ ऐप से सम्बन्धित जानकारी, बीएलओ नियुक्ति, बूथो का सम्भाजन, फार्म 6, 7, 8 के सम्बन्ध में, दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करने के सम्बन्ध में, प्रारूप 9, 10, 11 के सम्बन्ध में, युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के सम्बन्ध में, मतदेय स्थलवार जेण्डर रेशियों, ईपी रेशियों एवं एज कोहार्ट को निर्वाचन आयोग के मानक के अनुरूप दुरूस्त करने के सम्बन्ध में, एईआरओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर के दायित्वों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

### पुलिस ने वांछित को पकड़ा

सादात। बहरियाबाद पुलिस ने पॉक्सो और एससी एसटी एक्ट से संबंधित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चालान भेजते हुए कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बहरियाबाद थाने में विभिन्न धाराओं और एससी एसटी तथा पॉक्सो एक्ट में दर्ज एक मामले के आरोपी की पुलिस को तलाश थी। उप निरीक्षक बलवंता और उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त मामले का आरोपी 52 वर्षीय रामवध राजभर पुत्र बनारसी राजभर निवासी ग्राम सरसौली थाना बहरियाबाद कहीं भागने की फिराक में हाजीपुर पुलिया पर मौजूद है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

### 74 वें अंतर्जनपदीय फुटबाल मैच का आयोजन

गाजीपुर। वाराणसी जोन की 74वीं अंतर्जनपदीय फुटबॉल पुरूष,महिला प्रतियोगिता का दूसरा दिन शुक्रवार को एक–दूसरे से टीम भीड़ी। जिसमें वाराणसी जोन की 74वीं अंतर्जनपदीय फुटबॉल प्रतियोगिता (पुरूष/महिला) वर्ष 2025 का प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला मैच जनपद सोनभद्र व आजमगढ़ की पुरूष टीमों के बीच हुआ। जिसमें जनपद आजमगढ़ की टीम 2–1 से विजयी रही व दूसरा मैच जनपद भदोही व बलिया के बीच खेला गया। जिसमें भदोही की टीम 3–2 से विजयी हुई। प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइंस व अन्य समस्त टीमों के टीम मैनेजर उपस्थित रहे।

### नेहरू स्टेडियम में आज किया जायेगा योगासन

गाजीपुर। ग्यारवहा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रातः 06 बजे से योगाभ्यास नेहरू स्टेडियम गोराबाजार मे सम्पन्न किया जायेगा। इस योग दिवस पर जनपद के समस्त अधिकारी एवं फाउण्डेशन, संस्थान एवं एसोसिएशन के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहेगे। विद्यालयों के स्कूली बच्चे प्रतिभाग करेगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार ने जनपद के समस्त प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया से अनुरोध किया है कि नेहरू स्टेडियम गोराबजार में समय सुबह 06।00 बजे तक पहुंचने का कष्ट करे तथा अपील किया है।

### 10 जुलाई तक मिलेगा राशन

गाजीपुर। जिला पूर्ति अधिकारी अनन्त प्रताप सिंह ने राशन कार्ड धारकों को सूचित किया है कि माह जुलाई, 2025 में आंवटित खाद्यान्न में आवंटित गेहूँ तथा फोटीफाईड चावल का अन्त्योदय राशन कार्डो एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को प्रति यूनिट के आधार पर शुक्रवार से 10 जुलाई के मध्य निःशुल्क वितरण किया जाना है। अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अप्रैल, मई एवं जून, 2025 के सापेक्ष 03 किग्रा। चीनी प्रति कार्ड रु 18/–प्रति किग्रा। की दर से रु। 54/– में वितरण कराया जायेगा।

### सड़क का गड्ढा भरना भूल गया लोक निर्माण विभाग

रेवतीपुर। सुहवल से ताजपुर तक जाने वाला 14 किमी लंबा प्रमुख मार्ग मानसून के पहले बारिश में ही लोनिवि के अधिकारियों की गड्ढा मुक्त की पोल खुलता दिख रहा है,यह मार्ग जगह जगह गड्ढे एवं जलजमाव में पूरी तरह से तब्दील हो चुका है,जो राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है।मार्ग पर असंख्य गड्ढों और उसमें जलजमाव के चलते दिन हो या रात आवागमन करते समय राहगीर गिरकर चोटहिल होने के साथ ही? उनके सामान एवं कपडे भी खराब हो रहे है। इस मार्ग की बदहाल दशा को देखते हुए भी अधिकारी इसके गड्ढा मुक्त को लेकर लापरवाह बने हुए है। ग्रामीणों के मुताबिक इस मार्ग की कुछ माह पहले लाखों की लागत से मरम्मत की गई, मगर मानक विहीन होने से यह दोबारा गड्ढे में तब्दील हो गई। जिसका नतीजा कि यह प्रमुख मार्ग इतने गड्ढे कि शायद उनकी? गिनती करना भी मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भरा है। चेताया कि इस मार्ग की बदहाल दशा अविलंब सुधारी जाए ताकि राहगीरों को आवागमन में सहुलियत हो सके, अन्यथा ग्रामीण सडक पर उतर धरना–प्रदर्शन को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी।

### ओवरलोड वाहनों के खिलाफ एसडीएम का चाबुक

मुहम्मदाबाद। एसडीएम हर्षिति तिवारी के नेतृत्व में गुरूवार की रात्रि में ओवर लोडवाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चालाया गया। जिससे ओवरलोड वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। टीम ने वाहनों का चालान करते हुए दस वाहनों को सीज कर दिया। बतादें कि भांवरकोल–बलिया रोड पर विभिन्न माध्यमों से शिकायत प्राप्त हो रही थी कि ओवर लोड वाहनों का अवागमन किया जा रहा है। शिकायत को संज्ञान में लेकर संयुक्त टीम जिसमें उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद, क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद, परिवहन विभाग के पीटीओ, खनन अधिकारी द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें कुल दस वाहनों को सीज किया गया तथा भविष्य में इस प्रकार की औचक चेकिंग की जायेगी तथा ओवरलोडिंग पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

संपादकीय

# चीन और पाकिस्तान का भयंकर षडयंत्र

यह एक निर्विवाद सत्य है कि आज चीन, आर्थिक, औद्योगिक, रक्षा, तकनीकी, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में विश्व की एक अत्यधिक वृहद महाशक्ति बन चुका है। उसके पास ऐसे खनिज पदार्थ उपलब्ध हैं,



जिनके द्वारा वो किसी भी देश के समक्ष संकट उत्पन्न कर सकता है। चीन को गर्व है कि उसके यहां भ्रष्टाचार का स्तर शून्य है। परन्तु वह अपनी विस्तारवादी एवं नकारात्मक प्रवृत्ति के कारण भारत, ताइवान, जापान आदि पड़ोसी देशों के समक्ष निरन्तर समस्या उत्पन्न करता रहा है।

चीन ने अपनी विस्तारवादी प्रवृत्ति के कारण भारत के निकटस्थ क्षेत्रों पर अपनी कुदृष्टि लगा रखी है, इसलिए वो पाकिस्तान को पूर्णरूपेण सहायता प्रदान कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उसके रक्षा विशेषज्ञ व अधिकारी पाकिस्तान को पूर्णतया निर्देशित करते रहे। वर्तमान समय में चीन, रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश बन चुका है। उसने यह भी निर्णय लिया है कि वह पाकिस्तान को अत्याधुनिक विकसित फाइटर जेट J-35A, जो एक अदृश्य विमान है और किसी भी रडार की पकड़ में आना असम्भव है, ऐसे 35 विमान आगामी दो माह में आधी कीमत पर पाकिस्तान को सौंप देगा तथा PL-17, मिसाइल जिसकी रेंज 400 किलोमीटर है, को भी पाकिस्तान को दे देगा। अर्थात अगस्त माह के अन्त तक पाकिस्तानी एयर फोर्स विश्व की श्रेष्ठता की श्रेणी में चतुर्थ एयर फोर्स बन जाएगी।

पाकिस्तान के साथ हुए विगत अल्पकालीन युद्ध में हमने देखा कि हमारे राफेल विमान, पाकिस्तान के चीन द्वारा निर्मित ख-35अ का सामना करने में असक्षम रहे। हमारे पास श्रेष्ठ आपूर्ति का अब एक ही मार्ग शेष है कि हम अमेरिका से F-35 विमान क्रय करें, परन्तु ऐसा करने पर भी दो समस्याएं हमारे समक्ष हैं। प्रथम - अमेरिका, हमें उसकी आपूर्ति अगामी दो माह में किसी भी प्रकार नहीं करा पायेगा, द्वितीय - फ्रांस ने हमको जितना विश्वास दिलाया था, उस कसौटी पर वह पूर्णतया खरा नहीं उतर सका। इस समय पाकिस्तान के पायलेट, चीन में उनके प्रशिक्षकों से गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें हैं। यह प्रशिक्षण किस उद्देश्य से प्राप्त किया जा रहा है, यह सर्वविदित है। चीन का अग्रिम उद्देश्य यह होगा कि अगस्त अथवा सितम्बर माह में पुनः भारत-पाक युद्ध हो जाए। ऐसा होने पर चीन को दो लाभ प्राप्त होंगे। प्रथम - वह अपने हथियारों का विश्व के समक्ष प्रदर्शन कर पायेगा, जिससे उनकी विश्व में मांग बढ़ेगी और वह अपने शस्त्रों का स्वेच्छापूर्ण मूल्य प्राप्त कर पायेगा। द्वितीय - उसकी यह भी अपेक्षा रहेगी कि भारत, पाकिस्तान के साथ युद्ध में लिप्त होकर असहाय हो जाए, ताकि वह भारत का लद्दाख और गलवान की घाटी में दमन कर सके।

भारत के पास चीन से रक्षा हेतु एकमात्र उपाय यह है कि वह स्वयं को शक्तिसम्पन्न करें और अमेरिका से F-35 विमान एवं B-3 Sentry शीघ्र क्रय करे और AWACS लीज पर लेकर उनका डेटा राफेल से लिंक करके पाकिस्तान के J-35A का सामना करें। परन्तु क्या अमेरिका AWACS लीज पर देगा, यह एक यक्ष प्रश्न है। इसी प्रकार हमें रूस से सुखोई SU-57 शीघ्रता से प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। भारत के लिए चीन-पाक के षडयंत्र से स्वयं को बचाना, एक बहुत बड़ी चुनौती बनती जा रही है, जिसका कूटनीतिपूर्ण ढंग से ही निस्तारण हो पाएगा। हमारा यह पूर्ण विश्वास है कि इस असम्भव कार्य को सम्भव करने की क्षमता एकमात्र हमारे माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी में है। **– योगेश मोहन (वरिष्ठ पत्रकार और आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति)**

# शांति और समरसता का सूत्र है योग

'योग सिर्फ रोग से मुक्ति नहीं देता, यह व्यक्ति को आत्मनिर्भर, अनुशासित और शांतिपूर्ण जीवन जीने की कला सिखाता है। जो भी दिन की शुरूआत योग से करता है, उसका दिन बेहतर और जीवन दीर्घ होता है।' मतलब साफ है योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, यह एक समग्र जीवन–पद्धति है। बीमारी हो या मानसिक तनाव, अकेलापन हो या जीवन में उद्देश्य की तलाश कृ योग हर स्थिति में सहारा बन सकता है। 21 जून 2025 को जब विश्व 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ओर कदम बढ़ा रहा है, तब भारत एक बार फिर विश्व को 'योग' के बहुआयामी चमत्कारों की याद दिला रहा है। योग अब केवल भारत की सांस्कृतिक पहचान नहीं, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य विमर्श का आधार बन चुका है। कभी व्यस्तता, तनाव और बेचैनी से घिरा जीवन अब शांत, सुव्यवस्थित और ऊजार्वान है, यह बदलाव योग से ही संभव हुआ। कहा जा सकता है योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का उपाय नहीं, बल्कि आत्मा की गहराइयों तक शांति पहुंचाने वाला माध्यम है। जब जीवन दिशाहीन लगने लगे, शरीर थक जाए और मन अशांत हो, ऐसे क्षणों में योग एक दीपक की तरह रोशनी देता है। आज विश्व जिस सबसे बड़ी महामारी से जूझ रहा है, वह है, मानसिक स्वास्थ्य संकट। डिप्रेशन, एंजायटी, पैनिक अटैक और अनिद्रा की बढ़ती दरें चिंता का विषय हैं। ऐसे में योग एक सशक्त समाधान बनकर उभरा है. प्राणायाम से तनावग्रस्त नाड़ी तंत्र को संतुलन मिलता है। ध्यान से डोपामिन और सेरोटोनिन जैसे रसायनों का प्राकृतिक स्राव होता है, जो मूड को बेहतर बनाते हैं। शवासन, बालासन, विपरीतकरणी जैसे आसनों से मानसिक विश्राम मिलता है।

योग केवल व्यायाम मात्र नहीं, बल्कि स्वयं को जानने और प्रकृति को पहचानने की भी कला है। इन दोनों को यदि समझ लिया जाय तो संसार से नकारात्मक को निकाल सकारात्मकता का संचार किया जा सकता है। भारत योग की जन्मभूमि है। आज इसका डंका पूरे विश्व में बज रहा है। दुनिया के हर देश में योग की चर्चा है। बता दें, भारतीय संस्कृति दुनिया की सबसे पुरानी संस्कृतियों में से एक है। भारत ने दुनिया को बहुत कुछ दिया है और इन्हीं में से एक योग भी है। आज योग सिर्फ भारत की सीमाओं तक ही सीमित नहीं है बल्कि अब इसे अंतरराष्ट्रीय ख्याति मिल चुकी है। इसे योग की महिमा ही कहा जाएगा कि आज दुनिया भर के लोग इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना रहे हैं। या यूं कहे स्वस्थ जीवन जीने की कला को योग कहते हैं। योग शब्द संस्कृत भाषा के युज (लनर) से लिया गया है जिसका अर्थ है एक साथ जुड़ना। यानी मन–मस्तिष्क एवं शरीर पर नियंत्रण रखने एवं खुशहाल जीवन के लिए योग काफी लोकप्रिय है। काया को स्वस्थ और निरोगी बनाए रखने के लिए योग से बेहतर कुछ नहीं। यही नहीं योग आपके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भी लेकर आता है। यही वजह है कि हाल के दिनों में अगर सबसे ज्यादा क्रेज किसी का देखा गया है तो वह योग है. नियमित अभ्यास के साथ, अनुलोम–विलोम ने मन की गति को साधा, सूर्य नमस्कार ने शरीर को लचीला और सक्रिय बनाया, ध्यान ने चिंताओं को धीमा और चेतना को जागृत किया। अर्थात योग से जीवन में उद्देश्य आता है, और उद्देश्य से ऊर्जा। मानसिक रोगों पर योग का प्रभाव, चिंता नहीं, चेतना का अभ्यास है. एम्स, निमाहंस जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के शोध में प्रमाणित हुआ है कि योगाभ्यास करने वाले मानसिक रोगियों की रिकवरी दर 60 फीसदी तक तेज होती है। आज योग पर रिसर्च हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, आईआईटी, डीआरडीओं और इसरो जैसे संस्थानों में हो रही है। योग करने से ब्रेन के 'प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स' की सक्रियता बढ़ती है, जिससे निर्णय क्षमता और एकाग्रता में सुधार होता है। हृदय गति और रक्तचाप को संतुलित रखने में योग प्रमुख भूमिका निभाता है। योग शरीर में 'एनके सेल्स ' को सक्रिय करता है, जिससे रोगों से लड़ने की ताकत बढ़ती है. डब्ल्यूएचओं, जी–20 और सीओपी जैसे मंचों पर भारत की यह अवधारणा गूंज रही है, 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य'। यह विचार सिर्फ भाषणों तक सीमित नहीं, योग इसका व्यावहारिक स्वरूप है। योग प्राकृतिक जीवनशैली को प्रोत्साहित करता है, जैसे ब्रह्ममुहूर्त में उठना, शुद्ध आहार, प्रकृति से जुड़ाव। योगाभ्यास का समूहिक आयोजन सामाजिक समरसता, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करता है। योग हमें सभी जीवों के साथ तादात्म्य का बोध कराता है। जब मनुष्य संतुलन में होगा, तभी पृथ्वी भी संतुलन में रह पाएगी, यही है योग का वैश्विक योगदान।

योग कर्मसु कौशलम यानी योग केवल आसनों का अभ्यास नहीं, यह जीवन को सशक्त, संयमित और समर्पित करने की प्रक्रिया है। आज जब मानवता भटक रही है, तनाव, रोग, युद्ध, पर्यावरणीय आपदाएं घर कर रहीइ है, ऐसे समय में योग सामूहिक समाधान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में जिस आत्मविश्वास से योग का प्रस्ताव रखा था, वह आज 190 से अधिक देशों में जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है।

# शिक्षा में आगे, नेतृत्व में पीछे हैं महिलाएं

**सोनम लववंशी**

यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट 2024 जब यह कहती है कि लड़कियों की



शैक्षणिक प्रगति वैश्विक स्तर पर उल्लेखनीय रही है, तो यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, एक उम्मीद का सिरा है। भारत में भी यह बदलाव साफ नजर आता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के बाद से प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक लड़कियों की भागीदारी में बढ़ोतरी हुई है।

उच्च शिक्षा में उनकी भागीदारी अब 49 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है। यह एक ऐसा तथ्य है जो न केवल भारत के भविष्य की दिशा तय करता है, बल्कि सामाजिक संरचना में बदलाव के संकेत भी देता है, किंतु इसी उजाले के साथ एक लंबी छाया खिंचती है। जब बात नेतृत्व की होती है, चाहे वह राजनीति का क्षेत्र हो, कॉरपोरेट की ऊँचाइयाँ, या तकनीकी दुनिया के निर्णायक मोर्चे, महिलाएं वहाँ बहुत पीछे खड़ी नजर आती हैं। केवल 7।2 प्रतिशत भारतीय कंपनियों में महिलाएं सीईओ पद पर हैं। संसद में उनकी भागीदारी 14 प्रतिशत से भी कम है। वैश्विक स्तर पर यह आंकड़ा थोड़ा ही बेहतर है। विश्व बैंक की साल 2024 की रिपोर्ट की माने तो, विश्वभर में शीर्ष नेतृत्वकारी पदों में केवल 10 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की है। यह आंकड़े न सिर्फ स्थिति की गंभीरता बताता हैं, ये सवाल भी उठाता हैं कि आखिर क्यों शिक्षा में आगे निकल चुकी महिलाएं नेतृत्व के पायदान पर पिछड़ जाती हैं?

यह सवाल और भी गंभीर तब हो जाता है, जब हम मातृसत्तात्मक समाज की बात करते हैं। मेघालय इसका ज्वलंत उदाहरण है। यहाँ खासी और जयंतिया जनजातियों में संपत्ति और वंशानुक्रम महिलाओं से जुड़ा है। इन सबके बावजूद इस राज्य की विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी बहुत कम या यूं कहें नाममात्र ही है। ऐसे में यह विसंगति केवल सांस्कृतिक ही नहीं, संरचनात्मक और मनोवैज्ञानिक भी है। क्या यह किसी सुनियोजित दमन का परिणाम है, या महिलाएं स्वयं नेतृत्व से दूर रहना चाहती हैं? शायद सत्य इन दोनों के बीच कहीं छिपा है, क्योंकि देश के बाकी हिस्सों की स्थिति भी काफी दयनीय है। पितृसत्तात्मक सोच, सामाजिक अपेक्षाएं, और कार्यस्थलों पर मौजूद लैंगिक भेदभाव की संरचनाएं मिलकर एक ऐसा वातावरण निर्मित करती हैं, जहाँ महिलाएं नेतृत्व के अवसरों से वंचित रह जाती हैं।

अवसर मिलने पर भी उन्हें दुगना संघर्ष करना होता है। राजनीति जैसे क्षेत्र में तो यह और भी कठिन हो जाता है, जहाँ जोखिम, सार्वजनिक आलोचना, और कभी-कभी हिंसा तक का सामना करना पड़ता है। विश्व आर्थिक मंच की 2024 की रिपोर्ट बताती है कि कार्यबल में वैश्विक रूप से महिलाओं की भागीदारी 42 प्रतिशत है, लेकिन वरिष्ठ नेतृत्व में यह संख्या घटकर केवल 31।7 प्रतिशत रह जाती है। इसी प्रकार, स्टीम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) क्षेत्रों में महिलाओं की वैश्विक भागीदारी मात्र 28।2 प्रतिशत है। इसका अर्थ यह है कि महिलाएं केवल शिक्षा तक सीमित नहीं, ज्ञान के अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी अनदेखी का शिकार हैं।

वेतन असमानता भी एक बड़ी बाधा है। विश्व बैंक की 'वीमेन, बिजनेस एंड द लॉ-2024' की रिपोर्ट बताती है कि महिलाएं औसतन पुरुषों की तुलना में 2।4 घंटे अधिक अवैतनिक देखभाल कार्य करती हैं। इसके अतिरिक्त, 98 देशों में समान वेतन के कानून तो हैं, लेकिन केवल 35 देशों में ही ऐसे कानूनों के प्रवर्तन और पारदर्शिता के लिए मजबूत ढांचा है। इसका सीधा प्रभाव महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता और नेतृत्वकारी भूमिका पर पड़ता है। इन सबके बावजूद, तस्वीर पूरी तरह धुंधली नहीं है। बदलाव की किरणें मौजूद हैं। भारत में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को आरक्षण दिए जाने के बाद से स्थानीय स्तर पर नेतृत्व में उनकी भागीदारी में सुधार देखा गया है। यह दिखाता है कि जब अवसर और संरचना दोनों सकारात्मक रूप में मिलते हैं, तो महिलाएं नेतृत्व में भी उत्कृष्टता दिखा सकती हैं। वैश्विक स्तर पर भी प्रयास किए जा रहे हैं। विश्व बैंक की 'जेंडर स्ट्रेटेजी 2024-2030' का लक्ष्य है कि 2030 तक 300 मिलियन महिलाओं को डिजिटल कनेक्टिविटी, 250 मिलियन को सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क और 80 मिलियन महिला-नेतृत्व वाले व्यवसायों को वित्तीय समर्थन दिया जाए। ये योजनाएं महिलाओं को सशक्त करने के प्रयास नहीं, एक समावेशी भविष्य की नींव हैं। सवाल यह है कि इस नींव पर हम कैसे निर्माण करेंगे? सबसे पहले तो जरूरी है कि समाज में गहराई तक समाई लैंगिक रूढ़ियों को तोड़ा जाए। यह काम केवल पाठ्यक्रम बदलने या पोस्टर लगाने से नहीं होगा। इसके लिए जरूरी है कि बचपन से ही लड़के और लड़कियों दोनों को समानता, नेतृत्व और सह-अस्तित्व के मूल्यों की शिक्षा दी जाए।

कार्यस्थलों पर भी व्यापक बदलाव जरूरी हैं। मातृत्व अवकाश, लचीली कार्य व्यवस्था, यौन उत्पीड़न के मामलों में सख्त कार्यवाही, और महिलाओं की पदोन्नति के लिए पारदर्शी और न्यायसंगत प्रणाली का निर्माण अनिवार्य है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सिर्फ आरक्षण पर्याप्त नहीं होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि आरक्षण सांकेतिक न रहे, बल्कि उसके माध्यम से वास्तविक और प्रभावी नेतृत्व उभर कर सामने आए। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण, संसाधन और एक सुरक्षित सार्वजनिक वातावरण प्रदान करना होगा। समाज को यह समझने की आवश्यकता है कि महिलाओं का नेतृत्व महिलाओं के लिए नहीं, पूरे समाज के विकास के लिए जरूरी है। जिन क्षेत्रों में महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिला है, वहाँ निर्णय प्रक्रिया अधिक समावेशी, दीर्घकालिक और मानवीय दृष्टिकोण वाली रही है।

महिलाओं की शिक्षा में हो रही प्रगति सराहनीय है, लेकिन यह तब तक अधूरी है जब तक वह नेतृत्व की ऊँचाइयों तक न पहुंचे। जब एक शिक्षित लड़की केवल एक नौकरी ही नहीं, बल्कि एक संस्था, एक आंदोलन, या एक नीति का नेतृत्व करती है, तभी हम कह सकते हैं कि शिक्षा ने अपना उद्देश्य पूरा किया है। समाज को यह स्वीकारना होगा कि नेतृत्व कोई जन्मगत विशेषाधिकार नहीं, अर्जित किया गया दायित्व है और जब तक महिलाओं को इस दायित्व को निभाने का पूरा अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हम एक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील राष्ट्र नहीं बन सकते। अतः यह समय केवल आंकड़ों की तालिका सजाने का नहीं, उन आंकड़ों को जीने और बदलने का है। यह समय है कि हम लड़कियों की शिक्षा से आगे बढ़कर उन्हें नेतृत्व के मंच तक पहुँचाएं। क्योंकि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो समाज भी आगे बढ़ता है।

# बानु मुश्ताक : बुकर पुरस्कार

**अंबरीश कुमार भटनागर**

20 मई, 2025 का दिन दक्षिण भारतीय साहित्य के लिये एक ऐतिहासिक क्षण था



जब सुश्री बानु मुश्ताक को उनके लघु कथा संग्रह, हर्ट लैम्प 'हृदय दीप' को अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से नवाजा गया। बानु मुश्ताक पेशे से वकील हैं और पिछले तीन दशकों से अधिक समय से कन्नडा भाषा में लिख रहीं हैं। इन कहानियों का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद सुश्री दीपा बश्ती द्वारा किया गया जो एक पत्रकार हैं। पचास हजार पौंड का यह बुकर पुरस्कार लेखक और अनुवादक को संयुक्त रुप से दिया गया।

बानु मुश्ताक को वर्ष 1999 में प्रकाशित लघु कथा संग्रह 'बेंकि माले' के बाद मुस्लिम समुदाय के नेताओं की आलोचना सहन करनी पड़ी। एक व्यक्ति ने उनपर चाकू से हमला भी किया जिसके सदमे से उबरने में उन्हें कई महीने लगे पर उन्होंने कहानियों के माध्यम से समाज का चित्रण जारी रखा । 77 वर्षीय बानु मुश्ताक एक नारीवादी लेखिका हैं जिन्होंने पित्र-सत्तात्मक समाज के विरुद्ध आवाज बुलंद की है। ₹ हृदय दीप ₹ संग्रह में दक्षिण भारत में मुस्लिम समुदाय की स्त्रियों के संघर्ष व आकांक्षाओं की गाथा है पर नारी की यह स्थिति तो हर धर्म या समाज में है अतः सभी पाठकों को उसमें एकात्म अनुभव होता है। बुकर पुरस्कार की शोहरत के बाद यह कहानियां विश्व समुदाय के समक्ष होंगी और दुनिया मुश्ताक के द्वारा चित्रित किये गये वास्तविक चरित्रों में डूबेगी, उनके आँसुओं को समझेगी और उनकी दुर्लभ विजयों को जियेगी ।

अंतर्राष्ट्रिय बुकर पुरस्कार- 2025 समिति के अध्यक्ष मैक्स पोर्टर ने लंदन में पुरस्कार घोषित करते हुए कहा कि 'हर्ट लैम्प' अंग्रेजी के पाठकों के लिये एक नया अनुभव है। कन्नडा में लिखी गयीं इन सुंदर और जीवंत कहानियों में स्त्रियों के जीवन, उनके प्रजनन-अधिकार, उनके विश्वास, जाति, शक्ति और दमन के विषय में लिखा गया है।

'दय दीप' संग्रह में 12 कहानियां हैं और सभी कहानियां लाजवाब हैं। इसमें एक कहानी का शीर्षक हृदय दीप है। आईये, हम इस कहानी के विषय में बात करें। इस कहानी की नायिका महरुन है जो पांच बच्चों की माँ है। उसकी बड़ी बेटी सलमा की उम्र 15-16 वर्ष की है और सबसे छोटी बेटी नौ माह की है। महरुन की शादी इनायत से उस समय कर दी जाती है जब वह बी। काम द्वितीय वर्ष की छात्रा है और अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहती है, कुछ बनना चाहती है। इनायत उसके बिना दिल न लगने का वास्ता देकर उसे आगे न पढ़ने के लिये कहता है और वह मान जाती है। महरुन को लगा था कि वह अपने पति के दिल की शमा है और इनायत का दिल महरुन के बिना धड़कना बंद कर देगा ।

एक साल पहले जब उसके सास-ससुर गुजर गये, उसे लगा कि उसका पति अब सिर्फ उसका होगा। उसकी नन्दें अपने पति के घर जा चुकी थीं और उसके देवर अपने रास्ते निकल चुके थे। उसका अपने घर का सपना अब पूरा हुआ था। पर जब यह हुआ था, उसके चेहरे पर झुर्रियाँ दिखाई देने लगीं थीं, हाथों में नसें उभर आयीं थीं, आँखों के नीचे बारीक छाया दिखने लगी थी, उसकी एड़ियों में दरारें आ गयी थीं और उसके टूटे और असमतल नाखूनों में स्थायी गंदगी जमा हो गयी थी, उसके बाल पतले हो गये थे और उसे-इसका पता ही नहीं चला।

शायद, इनायत भी यह नोटिस नहीं करता यदि इनायत का अपेंडेक्टोमी का आपरेशन एक निजी चिकित्सालय में न होता और वह एक नर्स पर आकर्षित न होता जिसकी त्वचा चमकती हुई थी, जिसकी आँखें शहद के रंग की तरह थीं जो भंवर की तरह किसी को अपनी ओर खींच सकती थीं, वह चलती नहीं थी अपितु हवा में तैरती थी । वह अपना जीवन सुरक्षित करना चाहती थी और अपने सपनों को पूरा करने के लिये कुछ भी करने को तैयार थी, कुछ भी। इनायत ने नर्स को सिस्टर कहकर नहीं बुलाया। अस्पताल में कुछ दिन रहने के दौरान उसने हमेशा उसको नाम लेकर पुकारा।

उसने महरुन के ढ़ीले- ढ़ाले पेट और शिथिल स्तनों पर तंज कसा। एक दिन उसने कहा कि वह उसकी माँ की तरह है। उसे लगा कि वह अपने ही घर में अजनबी हो चुकी है। कई महीनों तक अपमान की आग उसे जलाती रही और फिर एक दिन वह अपनी छोटी बेटी के साथ मायके पहुंची। मायके में महरुन का अपमान किया गया कि वह अकेली क्यों आयी ? उसने इनायत से आने से पहले क्यों नहीं पूछा? अब उसकी बहनों की शादी कैसे होगी ? वह नर्स से दूसरी शादी कर सकता है। वह तलाक भी दे सकता है। महरुन बेसाख्ता रो रही थी। उसने कहा कि इनायत एक हफ्ते से घर नहीं आया और उस नर्स के साथ ही रहता है। वह मर जाना पसंद करेगी पर उस घर में नहीं जायेगी। वह कुली का काम करके अपने बच्चों को पालेगी पर उसके बड़े भाई व अब्बा इसके लिये तैयार नहीं हुए। उन्होंने कहा कि यदि उसे परिवार की इज्जत का खयाल होता तो वह मर जाती पर यहाँ न आती। उसे बताया गया कि एक शालीन औरत की जिस घर में डोली जाती है, वहीं से उसका डोला उठता है । उसके भाई उसे टैक्सी में बैठाकर घर छोड़ आते हैं। वहाँ इनायत भी मिलता है पर वे उसे कुछ नहीं कहते। उनके जाने के बाद इनायत उसे लानत भेजता है और फिर चला जाता है।

रात होने लगी है। उसने कभी अपने को इतना अकेला महसूस नहीं किया है। कोई भी नहीं है जो उसे तंग करे, उसका आलिंगन करे और उसका चुम्बन ले। जो यह करता था, वह अब किसी और का हो चुका है।

वह बिस्तर से उठी और छोटी बेटी की तरफ देर तक देखा । बच्चे शान्तिपूर्वक सो रहे थे । ड्राईंग रूम में सलमा पढ़ते - पढ़ते सो गयी थी । उसने बमुश्किल उसे छूने की इच्छा को रोका और अपने दिल में कहा, 'तुम्हें इन बच्चों के लिए माँ बनना है, मेरी प्रिय बेटी' वह दरवाजा खोलकर बाहर आँगन में आयी । वहाँ कुछ पौधे जिसे उसने सहेजा था, रो रहे थे और उसके निर्णय से सहमत थे। वह तेजी से रसोई में जाकर किरोसीन केन लेकर बाहर आती है और किरोसीन को अपने ऊपर डालने के लिए स्थान चुनती है। वह अन्दर जाकर मॉचिस की डिब्बी उठाती है और बाहर आकर अपने ऊपर किरोसीन उड़ेलती है । वह अचेतन अवस्था में थी। उसका अपने ऊपर कोई जोर नहीं रह गया था ।

पर, घर के अन्दर सब कुछ हो रहा था। बच्ची की भूख से चिल्लाने की आवाज से सलमा जाग गयी थी और बच्ची को सीने से लगाकर अम्मी को आवाज दे रही थी। घर के अन्दर अम्मी को न पाकर सलमा बाहर आती है और उस अंधेरे में भी माँ को पहचान कर और किरोसीन की बदबू सूंघकर उससे चिपट जाती है और चिल्लाती है, 'अम्मी! अम्मी! हमें छोड़कर मत जाओ'।

सलमा सुबक रही थी और छोटी बच्ची जमीन पर रो रही थी । महरून ने दोनों को देखा और उस अनजानी ताकत से अपने को आजाद.किया । सलमा ने अपनी माँ के पैरों को पकड़ रखा था और वह कह रही थी ,ह्ल सिर्फ इसलिए कि आपने एक आदमी को खो दिया, आप हम सबको उस औरत की दया पर छोड़ देंगी? आप अब्बा के लिए मरने को तैयार हो पर क्या आप हम सब के लिए जीवित नहीं रह सकतीं?

महरून सुबकते हुए बच्चे को उठाती है और सलमा को अपने सीने से लगाती है और कहती है, 'मुझे माफ कर दो, मेरी बेटी'।

# जल-जमीन-जंगल का प्रदूषण और अतिक्रमण विनाशकारी

**बुद्धिहीन बनारसी**

बढ़ती जनसंख्या और वैश्विक तापमान का बढ़ना भौगोलिक संरचना को धीरे धीरे



निगल रहा है। प्राकृतिक संसाधन का अतिशय दोहन जनसंख्या दबाव को संतुलित करने का एकमात्र साधन रह गया है। मानव का मूलभूत आवश्कता भोजन के लिए शुद्ध अन्न पीने के लिए साफ जल और सांस लेने के लिए स्वच्छ वायु । परंतु वर्तमान समय मे इन तीन मूलभूत प्राकृतिक संपदा पर विनाश के बादल मंडरा रहे हैं।

विकास कि अति तिव्र गति वैश्विक परिदृश्य मे जीवन के इन तीनो संसाधन को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। प्रकृति प्रदत्त वायु को हम विकास के चिमनियों से निकलने वाल अपशिष्ट से इतना न प्रदूषित कररहे है कि जनजीवन शुद्ध वायु के लिए तरस रहा है।शहरी विकास की आंधी जंगल और पर्वतों को अपने चपेट मे लेकर उनके अस्तित्व को मिटाने पर आमादा है।जंगल अंधाधुंध कटरहे हैं पहाड़ ध्वस्त किये जारहे हैं। नदियों के तट अतिक्रमण और प्रदूषण से बजबजा रहे है,पर जनसंख्या का विस्फोट इसकदर प्राकृतिक संसाधनो पर कहर ढा रहा है कि सब-कुछ बिलुप्त होने के कगार पर आ खड़ा होगया है।

आज से दो दशक पहले तक जो जंगल हरे भरे वृक्षों से आक्षादित शीतल मंद शमीर के लिए जाने जाते रहे,जो वनौषधि जड़ी बूटी नाना प्रकार के फल फूल से मह मह करते रहते थे आज अतिक्रमण के भेंट चढ़ रहे हैं।जंगल को काटकर रिहाइशी इलाका विकसित किये जा रहे हैं पहाड़ को विस्फोटक से तोड़कर प्राकृतिक असंतुलन पैदा किया जारहा है।सबसे दयनीय स्थिति नदियों जलाशयों कि होरही है।गंगा यमुना सरयू नर्मदा गोदावरी कावेरी जैसे बड़ी नदियों मे मिलने वाली सहायक नदियों का अतिक्रमण और प्रदूषण इस हदतक बढ़ गया है कि वे सब नाले मे परिवर्तित हो मृतप्राय हो गई हैं या अपना अस्तित्व हीं खो चुकी हैं। गोमती वरूणा असी और ऐसी सैकड़ों नदियां अब अंतीम सांस गिन रहीहैं।

जलाशयों पर भू-माफियाओं कब्जा उनको पाट कर नये नये कालोनी का निर्माण शहर कस्बा मे बेरोक-टोक चलरहाहै।गांवों शहर कस्बा के बाग बगीचों की कटाई अपने चरम पर है।आज से दो तीन दशक पहले तक जिन इलाकों कि पहचान फलदार बाग बगीचों से बनारहा आज वो इलाका उजाड़ होगया है। सड़क के किनारे लगे फलदार और छाया दार पेड़ सड़क चौड़ीकरण के चलते काल कवलित होरहेहैं।जिस ग्रैंडट्रंक रोड के दोनो तरफ आम जामुन कटहल बरगद पीपल नीम के घने छायादार पेड़ राहगीरों एवं जानवरों को राहत देते रहे वे सभी फोर लेन की बली चढ़ गये।

जनसंख्या का दबाव इतना भयंकर है कि जल जमीन और जंगल तीनो प्राकृतिक संपदा का अतिक्रमण और प्रदूषण न चाहते हुए भी बढ़ता चला जारहा है।गांव से तथाकथित पढ़े लिखे नवजवानो का शहर के तरफ पलायन गांव और शहर दोनो के लिए भयंकर समस्या पैदा कर रहा है।शहर पर आवास जल और भोजन के लिए दबाव बढ़ता जारहा है और गांव कि संपदा संरक्षण के अभाव मे अतिक्रमण और प्रदूषण से लड़ रही है। शहर के दबाव को कम करने के लिए शहर से सटे गांव कस्बों की खेत बगीचे आवासीय उपयोग के लिए तेजी से बिक रहे है। आम के बगीचों को काटकर आवासीय कालोनियां बनाई जारहीहैं।

कृषियोग्य जमीन घट रही है तालाब पोखर पुराने कुओं को अतिक्रमण कर नये महल खड़े किए जारहे हैं। जनसंख्या का ग्राफ इसी रफ्तार से बढ़ता रहा और जल जमीन और जंगल का अतिक्रमण यूं हीं बदस्तूर जारी रहा तो आने वाले कुछ दशकों मे अन्न जल और वायु इतना प्रदूषित होगा कि आने वाली पीढ़िया जन्म के साथ हीं जीवन के मूलभूत जरूरत अन्न जल और वायु के लिए संघर्षरत होजायेंगी।यदि इस विनाशकारी स्थिति से बचना है तो हमे आज से हीं सजग होना पड़ेगा।विकास के साथ साथ प्राकृतिक संसाधनओं के संरक्षण और मूलभूत सुविधाओं के लिए वैकल्पिक स्त्रोतों का भी व्यवस्था करने के लिए सोचना होगा।आज जो भी हमारे जल स्त्रोत (नदी तालाब झरना) हैं उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए मुहिम चलाना होगा।

वर्षा जल का संचयन नदियों को प्रदूषित होने से रोकने के कारगर उपाय,भूगर्भजल का अपव्य और दोहन के रोकथाम। शहर के सीमा से सटे नदियों के वेसिन की सफाई और कछार को अतिक्रमण से मुक्त रखने का ईमानदार प्रयास हीं आने वाले पीढ़ी को जीवन दान देसकती है वर्ना विकास कि विभीषिका विनाश के मुहाने पर ला खड़ी कर देगी। प्रदूषण अतिक्रमण और जनसंख्या विस्फोट इन तीन समस्याओ से समय रहते निराकरण के लिए जन-मानस आगे आकर पहल नहीं करेगा तो केवल सरकार के भरोसे इस महामारी से लड़ना मुश्किल होगा।सरकार के तरफ से जल संचयन और वृक्षारोपण के जितने भी योजनाएं जमीन पर उतारी जारहीहै उनकी शतप्रतिशत सफलतातभी सुनिश्चित होगी जब जन-मानस आगे आकर उनके क्रियान्वयन मे अपनी सहभागिता निभायेगा।

वर्षा जल संचयन के लिए वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण सूखे पड़े तालाब को पुनर्जीवित करना और जल के अपव्यय को रोकने के लिए घर से लेकर गांव शहर कल कारखाना सरकारी प्रतिष्ठान को ईमानदार पहल करनी होगी। जिस तरह से सालों साल सरकार के सभी प्रतिष्ठान और व्यापारजगत (प्राइवेट स्कूल कालेज अस्पताल महाविद्यालय) पौधरोपण कराते है उन सभी वृक्षों का सही तरह देख भाल हो तो पुरादेश हराभरा नजर आए पर हकीकत मे धरातल पर वृक्षों का संरक्षण नही हो पा रहा।नये लगाये गये पेड़ उचित देख भाल के अभाव मे सूख जाते है।यह जन मानस कि विफलता है।वहीं हाल नदियों का है बहुत से नदियों का जल इतना प्रदूषित होगया है जो अब पीने लायक नही रहा।कई पौराणिक आख्यानो मे वर्णित नदिया वर्तमान मे विलुप्त है या विलुप्तप्राय है।अतिक्रमण का आलम यह है कि शहर के बीच से बहने वाली पौराणिक नदि नाले मे परिवर्तित होकर दुर्गंध पैदा कर रही है। गांव कि कृषियोग्य उपजाऊ भूमि पर प्लाटिंग कर आवासीय उपयोग के लिए बेची जा रही है। खेती की जमीन घटते जारहीहै और खाने वाले बढ़ते जारहे हैं। भूगर्भ जलस्तर नीचे खिसक रहा है और पानी कि खफत बढ़ती जा रह ीहै। जंगल कटते जारहे हैं और शुद्ध वायु कि आवश्यकता बढ़ती जारहीहै।कैसे जीवन बचेगा? क्या होगा हमारे संतति का जब हम मनमाने ढंग से प्राकृतिक संसाधन का यूं ही दुरुपयोग करते रहे। जल आप बना नही सकते पेंड़ आप बचा नही पारहे खेत मे कोठियां खड़ी होरही तो धान गेहूं सब्जी छत पर उगाकर विश्व का पेट भर पायेगा?। समय रहते हम सचेत न हुए तो मानव समाज स्वतःसमाप्त हो जायेगा। जल जमीन जंगल बचेगा तो जीवन बचेगा अन्यथा जीवन का विनाश निश्चित है।

## जमीं तुझे पुकारे है



ऐ अब्र-ए-फलक
तू देख इधर
कितनी खुश्क पड़ी है जमीं मेरी
चँद बूँदें बरसा कर
मुझे कर दे हरी
ये कैसे हैं मरासिम
तेरे साथ मेरे
तू बस मुझे देखता है
और मेरी नजर रहती है तुझ पे ,
तू रंग बदल बदल कर
फिरता है आसमानों में
और मुझे इन्तजार रहता है
तेरे स्याह रंग में ढलने का
जब तू मेरे दामन पर बरसता है ,
तेरी बूँदों से महक उठती है
मेरे आँचल की मिट्टी
तेरी रहमत से खिलते हैं फूल यहाँ
और हर जानिब शादाबी रहती है ,
ऐ अब्र-ए-फलक
तू जब मेरा दामन भिगोता है
यहाँ ज़िन्दगी पनपने लगती है
एक खत्म होती है
तो दूसरी जन्म लेती है
तू बरस बरस कर
मिटाता है मेरी तिश्नगी
और इसी तरह गुजरती रहती है
मेरे आँचल में ज़िन्दगी।

**अंजली, 'मौसम'**

# कप्तान गिल की चौके से फिफ्टी, जायसवाल संग 96 रन की साझेदारी, भारत का स्कोर 180 पार

लंदन। इंग्लैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया वहीं भारत की ओर से इस मैच में बल्लेबाज साई सुदर्शन ने डेब्यू किया। सुदर्शन को पूर्व क्रिकेटर चेतेश्वर ने टेस्ट कैप दी। वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। वहीं आठ साल बाद टीम में वापसी करने वाले करुण नायर को भी अंतिम ग्यारह में शामिल किया गया है। कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर कहा, हम गेंदबाजी करेंगे। वहीं यशस्वी के बाद कप्तान शुभमन गिल ने भी इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक लगा दिया है।

गिल ने 56 गेंदों पर पचासा पूरा किया। गिल और यशस्वी के बीच तीसरे विकेट के लिए शानदार साझेदारी हो रही है जिससे भारत का स्कोर 180 रन के पार पहुंच गया है। यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल के बीच शानदार साझेदारी हो रही है जिससे भारत का स्कोर पहली पारी में 160 रन के पार पहुंच गया है। गिल और यशस्वी ने तीसरे विकेट के लिए अब तक 70+ रनों की साझेदारी कर ली है। यशस्वी ने जहां अर्धशतक पूरा कर लिया है, वहीं गिल भी पचासा लगाने के करीब पहुंच गए हैं। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 96 गेंदों पर अर्धशतक जड़ दिया है। यशस्वी ने केएल राहुल के साथ भारत को अच्छी शुरूआत दिलाई और अब पचासा लगाने में सफल रहे। भारत का स्कोर 130 रन के पार पहुंच गया है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में भारत ने



100 रन पूरे कर लिए हैं। भारत के लिए यशस्वी जायसवाल क्रीज पर टिके हुए हैं और उनका साथ देने के लिए शुभमन गिल उतरे हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पहले दिन के दूसरे सत्र का खेल शुरू हो चुका है। क्रीज पर यशस्वी जायसवाल के साथ कप्तान शुभमन गिल मौजूद हैं। शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे हैं। भारत ने लंच ब्रेक से पहले केएल राहुल और साई सुदर्शन के रूप में दो विकेट गंवा दिए थे। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन लंच तक दो विकेट गंवा दिए हैं। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने भारतीय टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई थी और पहले विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी की थी। इस साझेदारी को ब्रायडन कार्स ने केएल को आउट कर तोड़ा। राहुल के आउट होने के बाद साई सुदर्शन क्रीज पर उतरे। सुदर्शन ने इस मैच से डेब्यू किया है, लेकिन पहली पारी में वह असफल रहे और खाता खोले बिना आउट हुए। भारत ने लंच ब्रेक तक दो विकेट पर 92 रन बनाए हैं। फिलहाल यशस्वी जायसवाल 74 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 42 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड के लिए अब तक कार्स और स्टोक्स ने एक-एक सफलता हासिल की है।

अच्छी शुरूआत के बाद भारत को एक रन के अंतराल पर दूसरा झटका लग गया है। पहले केएल राहुल पवेलियन लौटे और अब डेब्यू मैच खेल रहे साई सुदर्शन खाता खोले बिना आउट हुए। बेन स्टोक्स की गेंद पर सुदर्शन विकेट के पीछे कैच थमा बैठे। भारतीय टीम को केएल राहुल के रूप में पहला झटका लगा है। यशस्वी और राहुल के बीच अच्छी साझेदारी पनप रही थी और दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़ लिए थे, लेकिन ब्रायन कार्स ने केएल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा और इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई।

**इंग्लैंड की एकादश :** जैक क्रॉउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर। **भारतीय :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

## सूर्या ने पांच गेंदों पर चार विकेट लेकर मदुरै पैंथर्स को दिलाई जीत





चेन्नई। सूर्या आनंद की शानदार गेंदबाजी से तमिलनाडु पीमियर लीग क्रिकेट (टीएनपीएल) 2025 में सिचम मदुरै पैंथर्स ने नेल्लई रॉयल किंग्स को 10 रनों से हरा दिया। इस मैच में एक समय रॉयल किंग्स की जीत तय नजर आ रही थी क्योंकि उसे 12 गेंदों में जीत के लिए11 रन चाहिए थे और उसे 4 विकेट शेष थे पर सूर्या के ओवर में मैच पलट गया और मदुरै ने सभी को हैरान करते हुए जीत दर्ज की। सूर्या ने इस ओवर में पांच गेंदों पर बचे हुए चार विकेट ले लिए।

इस प्रकरा नेल्लई रॉयल किंग्स जीत के करीब पहुंचकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी जबकि उसे 12 गेंदों में सिर्फ 11 रन चाहिए थे पर वह हार गयी। यह रिकार्ड टीएनपीएल के इतिहास में दर्ज हुआ है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मदुरै पैंथर्स ने 168 रन बनाए। बलचंदर अनिरुद्ध और अतीक उर रहमान ने 48 और 36 रन बनाए। दूसरी ओर नेल्लई रॉयल किंग्स के कप्तान अरुण कार्तिक ने 67 रन बनाए पर उनकी टीम हार गई। वहीं सूर्या आनंद ने शानदार गेंदबाजी कर अपनी टीम को जीत दिलाई। सूर्या को इस मैच में अपनी जबरदस्त गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। वह पैंथर्स के नए हीरो हैं। उन्होंने 23 गेंदों में कुल 4 विकेट लिए और सिर्फ 24 रन दिए। उसने सभी विकेट 19वें ओवर में 5 गेंदों के अंदर लिए। इस ओवर की पहली ही गेंद पर सूर्या ने विकेट लिया। इसके बाद दूसरे गेंद वह खेल नहीं पाये जबकि अगली तीन गेंदों पर उसे विकेट मिले।

## स्पिनर जेडेन जेह को टीम में मिली जगह

मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने टेस्ट टीम के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन को श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। श्रीलंका ए के खिलाफ ये सीरीज 4 जुलाई से डार्विन में खेली जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ए के कोचिंग स्टाफ में टिम पेन के अलावा राष्ट्रीय तेज गेंदबाजी कोच एडम ग्रिफिथ, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के सहायक कोच स्कॉट प्रेस्टिज, और नॉर्दर्न टेरिटरी क्रिकेट के पाथवे और डेवलपमेंट कोच ट्रेंट कीप भी शामिल रहेंग। राष्ट्रीय टीमों के सीए कार्यकारी महाप्रबंधक बेन ओलिवर ने पेन को ऑस्ट्रेलिया ए के मुख्य कोच बनाये जाने पर खुशी जतायी हैं।

उन्होंने कहा कि टिम पिछले दो वर्षों से राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से अहम योगदान दे रहे हैं और अब इस भूमिका में भविष्य के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों को निखारने के लिए अपने लंबे कोचिंग अनुभव का उपयोग करेंगे।

## वापसी से खुश करुण बोले, राष्ट्रीय टीम से खेलने के जुनून से खुशी

लीड्स। आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी पर बल्लेबाज करुण नायर बेहद खुश हैं। करुण ने कहा कि राष्ट्रीय टीम से खेलने क लिए प्रतिबद्ध होने के कारण ही वह वापसी करने में सफल रहे हैं। साथ ही कहा कि ड्रेसिंग रूम में बचपन के साथी केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा की मौजूदगी से उन्हें सहज रहने में सहायता मिली। अब वह आठ साल बाद मिले अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहते हैं।

इस बल्लेबाज ने एक वीडियो में कहा, मैं चीजों को बहुत सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं, हमेशा सकारात्मक चीजों के बारे में सोचता हूं, मन में कुछ लक्ष्य रखता हूं, चीजों की कल्पना करता हूं और जो कल्पना करता हूं उस पर पूरा विश्वास रखता हूं। उन्होंने कहा, राहुल और कृष्णा के साथ खेलना भी बहुत सुकून देने वाला है। हम बचपन से एक दूसरे के साथ खेलते रहे हैं। करुण और राहुल दोनों की उम्र 33 साल है। वे एक साथ आयु वर्ग क्रिकेट खेल चुके हैं और तब से घनिष्ठ मित्र हैं। उन्होंने कहा, जीवन अपना एक चक्र पूरा कर चुका है, क्योंकि मैं इंग्लैंड में टीम से बाहर हो गया था और अब मैं इंग्लैंड में टीम में वापसी कर रहा हूं।

मैं लंबे समय तक टीम से बाहर रहा और इसे मैं स्वीकार करता हूं। उन्हें 2017 में भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। नायर ने कहा, टीम से बाहर होने के बाद जब मैं अगली सुबह उठा तो मेरे मन में पहला विचार यही आया कि मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं फिर से भारत के लिए खेलना चाहता हूं। शायद यही बात मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती रही। मुझमें भूख बनी रही और यही बात मुझे प्रतिदिन अभ्यास करने के लिए प्रेरित करती रही।

## मेसी, रोनाल्डो, जेम्स और सीना में कौन महान कौन प्रशंसकों में छिड़ी बहस

बार्सिलोना। लियोनेल मेसी, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, लेब्रोन जेम्स और जॉन सीना जैसे स्टार खिलाड़ी खेल जगत में छाये हुए हैं। इसमें कौन सर्वश्रेष्ठ है। प्रशंसकों में काफी से बहस चल रही है पर अभी तक ये तय नहीं हो पाया है कि कौन सबसे महान है क्योंकि सभी अपनेअपने खेल के दिग्गज हैं। फुटबॉल में लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सबसे महान माना जाता है और दोनों के नाम कई रिकॉर्ड हैं। इंटर मियामी के साथ क्लब विश्व कप जीतने के बाद भी मेसी ने ट्रॉफी जीतने का सिलसिला जारी रखा है। फीफा विश्व कप, कई चैंपियंस लीग खिताब और गोल्डन बॉल पुरस्कार पहले से ही उनके हैं। रोनाल्डो ने भी लगातार रिकॉर्ड बनाये हैं। पुरुषों के फुटबॉल में अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। 40 साल की उम्र में सऊदी अरब लीग में उनका प्रदर्शन उनकी फिटनेस को साबित करता है।

## नासिर और एथरटन ने बनाई भारत व इंग्लैंड की संयुक्त अंतिम ग्यारह

लंदन। इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल एथरटन ने भारत और इंग्लैंड की 21वीं सदी की एक सर्वश्रेष्ठ अंतिम ग्यारह टीम चुनी है। हैरानी की बात ये है कि इस टीम में विराट कोहली और जो रुट जैसे दिग्गजों को जगह नहीं मिली है। इस टीम में एलेस्टेयर कुक और वीरेंद्र सहवाग को सलामी बल्लेबाज के तौर पर रखा गया है। हुसैन ने कहा, मुझे रोहित शर्मा पसंद हैं पर उस दौर में वीरेंद्र सहवाग की बात अगल थी। सहवाग और कुक की जोड़ी सबसे जबरदस्त सलामी जोड़ी रहेगी। ।

वहीं चौथे नंबर पर सचिन तेंदुलकर रहेंगे जबकि नंबर-3 पर इन दोनों दिग्गजों ने पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ को रखा, वहीं पांचवें नंबर पर केविन पीटरसन को जगह दी है। बेन स्टोक्स को उनकी ऑलराउंड क्षमता के कारण छठे नंबर पर रखा गया है और उन्हें इस टीम का कप्तान भी बनाया गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए ऋषभ पंत को रखा गया है। इस पूर्व कप्तान ने कहा, द्रविड़ ने सबसे ज्यादा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की। द्रविड़ तीसरे, तेंदुलकर चौथे, पीटरसन पांचवें। वहीं बेन



स्टोक्स छठे नंबर पर हैं। हमने कोहली को नहीं चुना है, हमें स्टोक्स को कप्तान के तौर पर रखना होगा। दूसरी ओर गेंदबाजी की बात करें तो जसप्रीत बुमराह और जेम्स एंडरसन को जगह मिलेगी। शुरूआत में जहीर खान के नाम पर भी हमने विचार किया था पर 5 से ज्यादा भारतीय खिलाड़ियों को नहीं रखा जा सकता, इसलिए उन्हें जगह नहीं मिली। स्पिनर के रुप में केवल आर अश्विन को जगह मिली जिन्होंने इसके लिए अनिल कुंबले और हरभजन सिंह को पीछे छोड़ा। नासिर ने कहा कि कुंबले साल 2008 में रिटायर हो गए थे जिस वजह से अश्विन को उनके ऊपर जगह मिली है।

**लाबुशेन वेस्टइंडीज दौर में असफल रहे तो एशेज सीरीज के लिए टीम से बाहर होंगे : गिलेस्पी: मेलबर्न।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने कहा है कि बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन के लिए वेस्टइंडीज दौरा अपनी जगह बचाने का अंतिम अवसर है। गिलेस्पी के अनुसार अगर लाबुशेन इस दौरे में रन नहीं बना पाये तो वह एशेज सीरीज के लिए टीम से बाहर हो जाएंगे। पिछले कुछ समय से वह लगातार रनों के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिससे टीम में उनकी जगह खतरे में पड़ गयी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल में भी वह रनों के लिए संघर्ष करते दिखे। वह 2023-25 के अपने चक्र की 20 पारियों में 974 रन ही बना पाये हैं जिसमें 38 पारियों में एक शतक और आठ अर्द्धशतक के साथ ही 27।82 का खराब औसत रहा। लाबुशेन ने अपना अंतिम टेस्ट शतक जुलाई 2023 में एशेज के दौरान मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ लगाया था।

## शराब उद्योग को चालू साल अब बेहतर रहने की उम्मीद

मुंबई। देश का शराब उद्योग बीते वित्त वर्ष के झटके के बाद 2025-26 का साल बेहतर रहने की उम्मीद कर रहा है। सुला वाइनयार्ड्स लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू वृहद माहौल अब सामान्य हो गया है जिससे चालू वित्त वर्ष बेहतर रहने की उम्मीद है। बीते वित्त वर्ष में शराब की शहरी खपत में सुस्ती आई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, शहरी खपत में सुस्ती का प्रभाव अन्य श्रेणियों की तुलना में खराब खंड पर अधिक 'स्पष्ट' था, क्योंकि मुख्य रूप से इसका उपभोग शहरों में अधिक होता है। सुला वाइनयार्ड्स के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव सामंत ने रिपोर्ट में कहा कि शराब की मांग कई अस्थायी नियामकीय और अन्य बाजार व्यवधानों से भी प्रभावित हुई। इसमें आम चुनाव और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख बाजार का विधानसभा चुनाव शामिल है।

उन्होंने कहा कि तीन साल की मजबूत वृद्धि के बाद 2024-25 भारतीय शराब उद्योग के लिए मांग को फिर से स्थापित करने का वर्ष था।' उन्होंने कहा, 'लेकिन अच्छी खबर यह है कि ये झटके अब पीछे छूट चुके हैं। चालू वित्त वर्ष में हम अधिक सामान्य वृहद माहौल की उम्मीद कर रहे हैं।'

हालांकि, शराब उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण बाजार स्थितियों के बावजूद सुला ने वित्त वर्ष 2024-25 से अपना सबसे ऊंचा 619।4 करोड़ रुपये का परिचालन राजस्व दर्ज किया था। सामंत ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा, 'हमने अपनी अग्रणी स्थिति को मजबूती से कायम रखा है। हम देश का सबसे बड़ा शराब ब्रांड हैं।

## बाजार पूंजीकरण 1।62 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

मुंबई। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह का बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,62,288।06 करोड़ रुपये बढ़ गया। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,289।57 अंक या 1।58 प्रतिशत चढ़ गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 54,055।96 करोड़ रुपये बढ़कर 11,04,469।29 करोड़ रुपये रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 50,070।14 करोड़ रुपये बढ़कर 19,82,033।60 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 38,503।91 करोड़ रुपये बढ़कर 15,07,281।79 करोड़ रुपये हो गया। वहीं इन्फोसिस ने सप्ताह के दौरान 8,433।06 करोड़ रुपये जोड़े और कंपनी का





बाजार मूल्यांकन 6,73,751।09 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 8,012।13 करोड़ रुपये बढ़कर 10,18,387।76 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक की 3,212।86 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 7,10,399।75 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के उलट बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 17,876।42 करोड़ रुपये घटकर 5,62,175।67 करोड़ रुपये रह गया।

हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 3,336।42 करोड़ रुपये घटकर 5,41,557।29 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 1,106।88 करोड़ रुपये घटकर 5,92,272।78 करोड़ रुपये पर आ गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

**अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे बढ़कर 86।59 पर बंद : मुंबई।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर के कमजोर होने से शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे बढ़कर 86।59 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत प्रदर्शन और एफआईआई लिवाली ने स्थानीय मुद्रा को और समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86।65 पर खुला और 86।55-86।67 के सीमित दायरे में कारोबार करता रहा। रुपया कारोबार के अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे की बढ़त के साथ 86।59 (अस्थायी) पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया 30 पैसे टूटकर दो महीने के निचले स्तर 86।73 पर बंद हुआ था।आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के मनीष शर्मा ने कहा, आज (शुक्रवार) को रुपये में तेजी आई, लेकिन इस महीने अब तक इसमें एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई है। गिरावट पिछले शुक्रवार को इजराइल के ईरान में हमला करने के बाद आई।

## पाटलीपुत्र और गोरखपुर के बीच दौड़ेगी वंदे भारत

मुंबई। पाटलिपुत्र से गोरखपुर का सफर अब और भी आसान होने वाला है। इस रूट पर अब वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पटरियों पर दौड़ती दिखेगी। इस रूट पर अब वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी चलने वाली है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीवान से 20 जून को वर्चुअली करेंगे। सीवान में ही कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे।


पाटलिपुत्र जंक्शन से गोरखपुर तक जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस को लेकर बता दें कि बीते बुधवार को ट्रेन पटना पहुंची है। इसके उद्घायन को लेकर पाटलिपुत्र जंक्शन पर तैयारी शुरू हुई है। बता दें कि वंदे भारत ट्रेन का रखरखाव गोरखपुर वर्कशॉप पर किया जाएगा। वहीं इसकी साफ सफाई का कार्य पाटलिपुत्र जंक्शन पर होगा। वंदे भारत एक्सप्रेस का रूट



और समय को लेकर अब तक जानकारी सामने नहीं आई है। संभावना है कि इसका स्टॉप हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया और नरकटियागंज में होगा। सुबह 5।40 बजे ये ट्रेन गोरखपुर से रवाना होगी।

इसके बाद ये कप्तानगंज, नरकटियागंज, बेतिया, बापूधाम मोतिहारी और मुजफ्फरपुर जंक्शन पर ब्रेक लेगी। दोपहर लगभग 12।45 बजे इस ट्रेन को पाटलिपुत्र पहुंचना है। पाटलिपुत्र से वापसी में यह ट्रेन दोपहर करीब 3:30 बजे रवाना होगी। रात 10।20 बजे इस ट्रेन को गोरखपुर पहुंचना होगा।

## लंदन में इंजॉय कर रही जाह्नवी



मुंबई। कृपया जाह्नवी कपूर को छुट्टी मनाने के दौरान परेशान न करें। 28 वर्षीय बॉलीवुड स्टार अपनी बहन खुशी कपूर और कथित बॉयफ्रेंड शिखर पहारिया के साथ लंदन में हैं। और अंदाजा लगाइए क्या? वह अपने ब्रिटिश वेकेशन से बैक-टू-बैक फैशनेबल लुक के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं।

अभिनेत्री जान्हवी कपूर फिलहाल लंदन में अपने बॉयफ्रेंड शिखर पहारिया के साथ कुछ समय बिता रही हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दोनों के बीच एक-दूसरे के लिए प्यार भरा पल कैद हुआ है, जब वे शहर की सड़कों पर हाथों में हाथ डाले टहल रहे हैं। अभिनेत्री के इंस्टाग्राम पर फैन अकाउंट द्वारा शेयर किए गए वीडियो में जान्हवी को जॉगर पैंट के साथ एक आरामदायक ब्लैक ट्यूब टॉप में देखा जा सकता है। उन्होंने अपने खुले बालों और कम मेकअप के साथ अपने लुक को कैजुअल रखा। शिखर ने कैजुअल टी और सफेद पैंट में उनके साथ नजर आए, जो बेहद स्टाइलिश लग रहे थे। एक राहगीर द्वारा कैद किए गए इस पल में दोनों हाथ जोड़े हुए करीब से चलते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि जान्हवी मुस्कुराती हुई दिखाई दे रही हैं। परम सुंदरी अभिनेता के साथ उनकी बहन-अभिनेता खुशी कपूर भी थीं, जिन्होंने पैंट के साथ सफेद टॉप पहना था।

लंदन से जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें दोनों साथ में काफी खुश नजर आ रहे हैं। दोनों लंदन की खुली सड़क पर हाथों में हाथ डाले चलते नजर आ रहे हैं। दोनों साथ में काफी खुश नजर आ रहे हैं। उनके साथ जान्हवी की बहन खुशी कपूर भी नजर आ रही हैं। जान्हवी कपूर को आखिरी बार जूनियर एनटीआर की देवराः पार्ट 1 में देखा गया था। उनकी अगली फिल्म परम सुंदरी जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा भी हैं, 25 जुलाई को रिलीज होगी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 से टकराएगी। इसके अलावा, जान्हवी, ईशान खट्टर और विशाल जेठवा की होमबाउंड, जिसने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में प्रशंसा अर्जित की, भी जल्द ही रिलीज होगी।

## सलमान के फ्लैट तक पहुंच गई थी महिला फैन

मुंबई। हाल ही में एक महिला ने अभिनेता सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी, अब भाईजान ने इस घटना के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि महिला किसी तरह उनके फ्लैट तक पहुंच गई थी। आपको बता दें, यह घटना मई की शुरूआत में हुई थी।




सलमान खान द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 3 पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने इस घटना के बारे में बात की। होस्ट कपिल शर्मा ने सलमान से उनके घर पर सूटकेस लेकर आने वाले प्रशंसकों के बारे में पूछा। इसपर सलमान ने कहा, 'हां, हाल ही में ऐसा कुछ हुआ था। बाहर सुरक्षा गार्ड थे। एक महिला ने उनसे कहा कि वह चौथी मंजिल पर जाना चाहती है और वह अंदर चली गई। उसने दरवाजे की घंटी बजाई, और हमारे नौकर ने दरवाजा खोला।' सलमान ने आगे कहा कि नौकर हैरान रह गया क्योंकि महिला ने कहा, मुझे सलमान ने बुलाया है। उनको लगा देख कि सलमान ने तो बुलाया नहीं होगा। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, खार की रहने वाली 36 वर्षीय ईशा छाबड़िया ने दावा किया कि उसे अभिनेता ने आमंत्रित किया था। एक अधिकारी ने बताया कि वह अभिनेता के फ्लैट तक पहुंचने में कामयाब रही और यहां तक कि उसने उसका दरवाजा भी खटखटाया। जब खान के कर्मचारियों ने जांच की, तो उन्हें पता चला कि उसे किसी ने आमंत्रित नहीं किया था। फिर उन्होंने उसे पुलिस को सौंप दिया।

## मन्नत में अवैध निर्माण कार्य

मुंबई। के नागरिक निकाय, बीएमसी ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर शुक्रवार को बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के निवास 'मन्नत' का निरीक्षण किया। यह कार्रवाई एक सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा दर्ज की गई शिकायत के जवाब में की गई है, जिसमें इस प्रतिष्ठित बंगले में चल रहे नवीनीकरण कार्य के दौरान नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। शिकायत में दावा किया गया है कि नवीनीकरण गतिविधियों ने तटीय विनियमन क्षेत्र (सीआरजेड) मानदंडों का उल्लंघन किया है, जिसके कारण वन विभाग ने इस पर ध्यान दिया है।

एक कार्यकर्ता द्वारा शाहरुख खान के मुंबई स्थित आलीशान घर मन्नत में अवैध निर्माण कार्य की शिकायत किए जाने के बाद, बीएमसी और वन विभाग के अधिकारियों की एक टीम वहां देखी गई। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, वे एक कार्यकर्ता द्वारा की गई शिकायत के बाद किसी भी उल्लंघन की जांच कर रहे थे। मन्नत, जिसमें एक हेरिटेज बंगला और एक बहुमंजिला एनेक्स शामिल है, वर्तमान में नवीनीकरण के दौर से गुजर रहा है। अभिनेता और उनके परिवार के अस्थायी रूप से पाली हिल में एक नजदीकी आवास में स्थानांतरित होने के बाद, निरीक्षण के लिए पहुंचे अधिकारियों से उनके कर्मचारियों ने मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को आश्वासन दिया कि सभी आवश्यक नवीनीकरण परमिट और संबंधित दस्तावेज विधिवत प्रस्तुत किए जाएंगे।

यहां तक कि शाहरुख की मैनेजर पूजा ददलानी ने भी किसी भी अवैध गतिविधि से इनकार किया। उन्होंने TOI से कहा, कोई शिकायत नहीं है। सभी काम दिशा-निदेर्शों के अनुसार चल रहे हैं।



वन विभाग के एक अधिकारी ने प्रकाशक को बताया, एक टीम ने साइट का निरीक्षण किया क्योंकि हमें नवीनीकरण अनुमतियों के बारे में शिकायत मिली थी। निष्कर्षों के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी और जल्द ही प्रस्तुत की जाएगी। यह भी उल्लेख किया गया कि बीएमसी सदस्य केवल वन अधिकारियों का समर्थन करने के लिए जांच दल का हिस्सा थे। कार्यकर्ता संतोष दौंडकर ने मन्नत में निर्माण को लेकर शिकायत दर्ज कराई। पूर्व आईपीएस अधिकारी वाई पी सिंह ने दावा किया कि मन्नत में मूल रूप से एक हेरिटेज बिल्डिंग, विला वियना शामिल थी, और 2005 में, एक सात मंजिला एनेक्स बनाया गया था। शहरी भूमि सीलिंग अधिनियम को दरकिनार करने के लिए, 12 छोटे फ्लैटों को मंजूरी दी गई थी, लेकिन बाद में शाहरुख और गौरी खान के लिए एक आलीशान आवास में विलय कर दिया गया।

# महोबा में झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत, जगह-जगह जलभराव से आफत

शौर्य न्यूज इंडिया



महोबा। भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को रविवार की दोपहर हुई झमाझम वर्षा ने राहत पहुंचाई। शहर सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर हुए जलभराव से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। तापमान में गिरावट होने से लोगों ने राहत महसूस की। हालांकि सड़कें पानी से लबालब नजर आयी। जिससे आवागमन में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। रविवार को शहर मे करीब तीन घंटे तक झमाझम वर्षा हुई। दोपहर 12 बजे से शुरू हुई वर्षा तीन बजे तक होती रही। इसके बाद रिमझम पानी गिरता रहा। लगातार वर्षा होने से जहां गर्मी से राहत मिली तो वहीं शहर के मुहल्ला काजीपुरा, खोयामंडी, जारीगंज, माथुरनपुरा, मगरियापुरा, ऊदल चौक, गांधीगनगर, परमानंद तिराहा, शुक्रवारी बाजार, जिला पुरुष अस्पताल, रोडवेज वर्कशाप सहित तमाम स्थानों पर एक से दो फीट तक जलभराव हो गया। जिला अस्पताल परिसर में जल भराव होने मरीजों तीमारदारों का परेशानी हुई। इसी तरह रोडवेज वर्कशाप में जल भरने से बसों की आवाजाही में दिक्कत हुई। जारीगंज में जल निकासी न होने से गली में एक से डेढ़ फीट तक वर्षा का पानी भरने से आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई। लोगों के घरों में गंदा पानी घुस गया और से निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। दुकानों के अंदर पानी घुसने से व्यापार चौपट रहा। मुख्य मार्ग में जल भराव होने से तमाम बाइकें बंद पड़ गई और चालकों को इन्हें घसीटकर ले जाना पड़ा। कई साइकिल और बाइक चालक जलभराव के चलते गिरकर चुटहिल हो गए। कुल मिलाकर जहां वर्षा के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली तो वहीं जलभराव से आफत नजर आयी। पालिका के ईओ अवधेश कुमार कहते है लगभग सभी नालों की साफाई करा ली गई है। कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। यदि कहीं पर भी जलभराव की समस्या है तो लोग सूचना दें। तत्काल टीम भेजकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## घर में घुसकर किशोरी के कपड़े फाड़े, रपट

महोबा। पड़ोस में रह रहे विशेष समुदाय के युवक ने घर में घुसकर किशोरी के कपड़े फाड़ दिए और उसके साथ अश्लीलता की। इसके बाद वह उसे अपने घर ले गया और बंधक बनाए रखा। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को बरामद किया। पुलिस ने आरोपित पिता पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। वहीं किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। हिंदू संगठनों के लोगों ने भी मामले में प्रदर्शन कर आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कस्बा के एक मुहल्ला निवासी पिता ने बताया कि 18 जून की सुबह परिवार के लोग घर से पास ही खड़े थे। उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर में अकेली थी। अचानक पुत्री के शोर मचाने की आवाज आयी तो वह व पत्नी सहित अन्य लोग घर के अंदर पहुंचे। देखा कि उसके मुहल्ले का ही गुल मुहम्मद पुत्र नूर मुहम्मद ने पुत्री के कपड़े फाड़ दिए थे और उसे पकड़कर रखे था। विरोध करने पर आरोपित वहां से भाग गया।

# मौसम के बदलाव की वजह से बढ़ रहे मरीज, कान व गले में हो रहा संक्रमण

महोबा। वर्षा और इसके बाद निकली रही तेज धूप से मौसम में बदलाव हो रहा है। नाक, कान और गले में संक्रमण के मरीज भी बढ़ गए है। मौसम में नमी आने से कान में फंगल बढ़ जाता है और पर्दा फटने तक की संभावना बन जाती है। जिला अस्पताल में ही ऐसे करीब 50-60 मरीज प्रतिदिन आ रहे है। चिकित्सक ने उन्हें जरूरी सलाह दी है।

वर्षा शुरू होते ही नाक, कान, गले की समस्याएं बढ़ने लगी है। वर्षा का पानी अंदर जाने से गले में खरास, टांसिल और खांसी जुकाम की शिकायत सामने आ रही है। नाक बंद होना, खुजली होना, छींके, नाक से आवाज आना जैसी परेशानी हो रही है।

विशेषज्ञ डा। नरेंद्र राजपूत ने बताया कि वर्षा होने के बाद ईएनटी के मरीज बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 50-60 मरीज संक्रमण से पीड़ित आ रहे है। जिसमें मरीजों के नाक, कान, गले की गांठ का आपरेशन किया जा रहा है। कान की सफाई सहित लोकल सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध है।

सलाह देते है कि कान में पानी जाने से बचाव करें, इससे संक्रमण बढ़ता है। लगातार कान बहने से पर्दे का छेद बड़ा होने से सुनाई देना बंद हो जाता है। इसलिए पानी से कान का बचाव करना बहुत आवश्यक है। प्रदूषण में एलर्जी के कारण श्वास संबंधी परेशानी होने लगती है, जो नाक और गले को प्रभावित करती है।



कान नाक में सींक न डाले।

समस्या होने पर विशेषज्ञ चिकित्सक को दिखाएं। तमाम बीमारी ऐसी है जिन्हें दवा से खत्म नहीं किया जा सकता। कान बहने, नाक की हड्डी टेड़ी होने पर, गले में टांसिल की समस्या का आपरेशन ही स्थाई इलाज है। अभी जिला अस्पताल में सुविधा न होने पर छोटे मोटे आपरेशन ही किए जा रहे है। जल्द ही नाक कान, गले के अधिकांश आपरेशन शुरू होंगे और मरीजों को मेडिकल कालेज स्तर पर जाने की जरूरत नहीं होगी।

इसके लिए प्रयास किए जा रहे है। संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डा। अभय प्रताप ने बताया कि जिला अस्पताल में ही नाक नाक गले के आपरेशन करने को कहा गया है। इसमें जो भी उपकरण व सामग्री की आवश्यकता होगी उसे उपलब्ध कराया जाएगा।

## करमभ उपकार मेमोरियल हॉस्पिटल में हेल्थ कैंप का आयोजन, पहुंचे लोग

अयोध्या (सोनू चौधरी)। नगर कोतवाली अयोध्या मे हेल्थ कैंप में पुलिस कर्मियों को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श की सुविधा प्रदान की गई। कैंप में डॉक्टरों की टीम ने पुलिस कोमियो का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनकी सेहत की जानकारी ली पुलिस कर्मियों को उनकी सेहत के बारे में विस्तार से बताया गया और उन्हें स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक सलाह दी गई। और उन्हें आवश्यक दवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई गईं। डॉक्टरों ने पुलिस कर्मियों को उनकी सेहत के अनुसार दवाएं निर्धारित कीं और उन्हें निशुल्क वितरित कीं। अयोध्या नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडे ने करमभ उपकार मेमोरियल हॉस्पिटल के डॉक्टर एस.के.यादव की टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस कैंप से पुलिस कर्मियों को बहुत लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि यह कैंप उनके लिए बहुत ही उपयोगी साबित हुआ है। फ्री हेल्थ चेकअप में शुगर की जांच,बीपी की जांच, पुलिस कर्मियों की अन्य संबंधित बीमारियों की जांच की गई। तथा पुलिस कर्मियों को उनकी सेहत के बारे में उचित परामर्श दिया गया और आवश्यक दवाएं निशुल्क वितरित की गईं।करमभ उपकार ऑर्थो मेडिकल सेंटर के वरिष्ठ डॉ एस.के. यादव ने बताया कि इस फ्री हेल्थ चेकअप का उद्देश्य पुलिस कर्मियों की सेहत का ध्यान रखना और उन्हें स्वस्थ रहने में मदद करना है। फ्री हेल्थ चेकअप में अयोध्या कैंट नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडे तथा अनिल कुमार दीक्षित, आसिफ जमाल, वीरभान दुबे,संजय, वंदना, रामसुख यादव, अमन सिंह, अंकित यादव, दुर्गा प्रसाद तिवारी, सोनी तिवारी, नीतू सोनी, वी एन पांडे, पीके यादव, राम भवन दुबे, अनीता, मुकेश, नीलम यादव, प्रवीण, राजन, अमित, सुशील, बीडी पांडे, अमरनाथ, दीनानाथ सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



# विजिलेंस की छापामारी से मची खलबली

## डिप्टी लेबर कमिश्नर ऑफिस का वरिष्ठ सहायक रिश्वत लेते गिरफ्तार

आरती यादव

आगरा। विजिलेंस की टीम ने शनिवार को उप श्रम आयुक्त कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपित ने एक मामले में जारी नोटिस पर कार्रवाई समाप्त कराने के नाम पर रिश्वत मांगी थी। सदर थाने में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। बाह के मोहल्ला गढ़ा पचौरी में रहने वाले राजकिशोर चौहान ने बाह कस्बे में दुकान व मकान का निर्माण कराया है। मजदूरों का विवरण न रखने के आरोप में उप कर निर्धारण संग्राहक अधिकारी व सहायक श्रम आयुक्त आगरा की ओर से 28 दिसंबर 2024 को नोटिस जारी किया गया था। 21 मार्च 2025 को उन्हें श्रम आयुक्त कानपुर की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसकी प्रतिलिपि उप श्रम आयुक्त आगरा को भेजकर तामील कराने व आख्या मांगी गई।

**नोटिस पर कार्रवाई समाप्त कराने के नाम पर मांगी रिश्वत :** आरोप है कि निर्गत नोटिस पर कार्रवाई समाप्त कराने के नाम पर वरिष्ठ सहायक प्रदीप वर्मा ने 15 हजार रुपये की रिश्वत मांगी।



राजकिशोर चौहान ने इसकी शिकायत विजिलेंस कार्यालय में की। शनिवार दोपहर विजिलेंस टीम उप श्रम आयुक्त कार्यालय पहुंची। टीम ने राजकिशोर चौहान से 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए वरिष्ठ सहायक प्रदीप वर्मा को पकड़ लिया। उसे सदर थाना पुलिस के सिपुर्द करते हुए मामला दर्ज कराया गया है। एसपी विजिलेंस अलोक शर्मा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर कराई गई जांच में मामला सही पाए जाने के बाद आरोपित को रंग हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसपी विजिलेंस ने बताया कि अगर सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) की ओर से भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। कोई भी लोकसेवक सरकारी कार्य के बदले में रिश्वत की मांग करता है तो हेल्पलाइन नंबर 9454401866 पर शिकायत की जा सकती है।

## तूफानी हवा और बादलों की गड़गड़ाहट के बीच बारिश

आगरा। धूप, उमस और रुक रुक कर बूंदाबांदी के बाद शुक्रवार रात में तूफानी हवा चलने लगी। बादलों की गड़गड़ाहट के बीच तेज बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक मानसून की मूसलाधार बारिश हुई। तूफानी हवा और बादलों की गरज चमक से लोग सहम गए, रात में बारिश होती रही। ठंडी हवा चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने 24 जून तक तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। सुबह बादल छाने के साथ धूप निकल आई। इससे न्यूनतम तापमान सामान्य से 1।3 डिग्री सेल्सियस कम 26।6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में तेज धूप निकलने से उमस बढ़ गई, दोपहर एक बजे के बाद रुक रुक कर बूंदाबांदी होती रही। इससे दिन का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम को तेज हवा चलने लगी और बूंदाबांदी चलती रही। रात आठ बजे के बाद मौसम बदल गया, तूफानी हवा चलने लगी, बादलों की गरज चमक के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक सिकंदरा, दयालबाग, कमला नगर, बल्केश्वर, एमजी रोड, शाहगंज सहित शहर के अधिकांश हिस्सों और देहात में बारिश हुई। इसके बाद रात भर बारिश होती रही।

# मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार



आगरा। शुक्रवार आधी रात मैक्स पिकअप मे कुछ संदिग्ध के आने की सूचना पर थाना शमसाबाद एवं सर्विलांस टीम इरादत नगर मार्ग बाइपास मरहम पुर के पास चेकिंग कर रही थी। दो पुलिस चेकिंग स्थानों पर संदिग्ध को रुकने का इशारा किया तो भगाने का प्रयास करते हुए पुलिस पर फायरिंग की।

पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक लुटेरा गोली लगने से घायल हो गया, उसे मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाश को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बदमाश से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में लुटेरे ने अपना नाम मनोज निवासी मनभावती पुरा, बाह बताया है। शुक्रवार आधी रात्रि 1:30 बजे इरादत नगर मार्ग की तरफ से एक संदिग्ध पिकअप दिखाई दी। जिसे रोका गया, लेकिन वह नहीं रुकी। तेजी से गाड़ी को लेकर संदिग्ध भाग निकले। चैकिंग कर रहीं टीम ने थाना पुलिस को सूचना दी। आगे भी दूसरी टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। वहां भी गाड़ी को नहीं रोका और रास्ता बदलकर भागने का प्रयास करने लगे। डिवाइडर से मैक्स पिकअप टकरा गई। जब पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया गया। तो पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई मे पुलिस टीम ने फायरिंग की। एक बदमाश को पैर में गोली लगी। गैंग के चार अन्य बदमाश भाग निकले।

घायल बदमाश मनोज निवासी मनभावती पुरा, बाह ने अपने साथियों के नाम ओम प्रकाश निवासी कृष्णा कॉलोनी जीवनी मंडी छत्ता, संदीप निवासी चंदन नगर एत्माद्दौला, कपिल निवासी खटीक मोहल्ला रूनकता, सीपी निवासी नगरिया डौकी बताया। बदमाशों की घेराबंदी के लिए इंस्पेक्टर हंसराज भदौरिया ने नेतृत्व में यूपी-राजस्थान बॉर्डर स्थित उटंगन नदी पुल पर बैरियर लगाकर देर रात्रि से चेकिंग की जा रही थी। सभी वाहनों को चेक किया जा रहा है। उसके बाद ही सीमा के बाहर प्रवेश दिया जा रहा है।

यूपी व राजस्थान के बॉर्डर के पास स्थित बीहड़ पुलिस की एक टीम भागे हुए बदमाशों की धरपकड़ के लिए डेरा डाले हुए हैं। बीहड़ के साथ साथ आसपास के गांव में मे अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दिया है। मुठभेड़ मे घायल हुए बदमाश और भागे गए बदमाशों का पुलिस ने आपराधिक इतिहास खंगाला है। सभी पर अलग अलग थानों में दर्जनों मुकदमें दर्ज है।

तीन दर्जन से अधिक घटनाएं कबूली

पुलिस सूत्रों ने बताया कि गैंग मे पांच सदस्य थे। दिन में रैकी करते। रात मे मैक्स पिकअप को लेकर निकल जाते। किसानों की समर सेबल से केबल काटकर चोरी करना, नहर किनारे लगे किसानों के पंप सेट, लूट आदि घटनाओं घटनाओं को अंजाम देते थे। एसीपी शमसाबाद गिरीश कुमार ने बताया लूट, चोरी आदि के मुकदमे हैं। अन्य थाना क्षेत्र में हुई घटनाओं को कबूल किया है। मौके से मैक्स पिकअप बरामद हुई हैं। उसमे मोटर, केबिल, तार आदि सामान बरामद हुआ है। पकड़े गए अभियुक्त से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है।

# विस्फोट में झुलसी एक मौत

## पांच हुई मृतकों की संख्या, पटाखा फैक्ट्री हुआ था ब्लास्ट



अमरोहा। सोमवार को अतरासी स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में झुलसी एक और युवती की मौत हो गई। घर पर उपचार करा रहे स्वजन हालत बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल ले गए थे। जहां शनिवार को उसकी मौत हो गई। अब इस घटना में मृतकों की संख्या पांच हो गई है। पोस्टमार्टम के बाद स्वजन ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया है। 16 जून सोमवार को रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगल में स्थित पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से वहां काम कर रही चार महिलाओं की मौत हो गई थी।

मृतकों में रजबपुर निवासी रुखसाना, शहनाज व पपसरा निवासी प्रवेश व रूमा शामिल थीं। जबकि घटना में नौ लोग झुलसे थे। जिनमें नगर कोतवाली के मुहल्ला मोतीनगर निवासी सगी बहन पूजा व मोना, यहीं का विशाल, पूजा व इंद्रवती, रजबपुर निवासी सलोनी व नाजरीन, पपसरा निवासी पूजा तथा सोनिया शामिल थीं। सभी झुलसे घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं मृतका प्रवेश देवी के पति की तहरीर पर पुलिस ने फैक्ट्री स्वामी हापुड़ निवासी सैफुर रहमान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थी। बाद में स्वजन झुलसे घायलों को जिला अस्पताल से ले गए थे तथा विभिन्न निजी अस्पतालों में उपचार करा रहे थे।

अब मोतीनगर निवासी मोना (20) को पहले दिन मेरठ ले गए। वहां निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। परंतु गुरुवार को स्वजन उसे घर ले आए थे। शनिवार सुबह मोना की हालत बिगड़ी तो स्वजन उसे लेकर जोया रोड स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद स्वजन ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया है।

आर्थिक तंगी से जूझ रहे मुहल्ला मोतीनगर निवासी गिरीश की दो बेटी परिवार चलाने में मदद करने के लिए पटाखा फैक्ट्री में मजदूरी करने जाती थीं। गिरीश के परिवार में पत्नी पत्नी प्रेमवती, तीन बेटी व तीन बेटे हैं। मोना सबसे छोटी बेटी थी। जबकि पूजा तीसरे नंबर की है। बेटी की मौत से परिवार में चीत्कार मचा हुआ है। वहीं झुलसी बेटी पूजा के उपचार के लेकर भी स्वजन आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की घटना के छह दिन बाद भी आरोपित सैफुर रहमान को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस गंभीर नहीं है।

## 6।72 लाख का अवैध खुला ऑयल जब्त

गजरौला। पुलिस व खाद्य विभाग की टीम ने संयुक्त छापेमारी कर प्रतिबंधित सरसों व सोयाबीन का खुला तेल पकड़ा है। इस तेल की कीमत छह लाख 72 हजार रुपये आंकी गई है। तेल से भरे 24 ड्रामों को सील कर दिया गया है। बस्ती के रहने वाले सचिन कुमार की चक्की व स्पेलर की दुकान है। लेकिन, इसकी आड़ में वह प्रतिबंधित खुले तेल का भी कारोबार करते हैं। पुलिस ने खाद्य विभाग को सूचना देकर बुला लिया। फिर मुहल्ला विजयनगर में छापेमारी करते हुए भंडारण केंद्र पड़ा। यहां पर आठ ड्रम में भरा 1600 लीटर सोयाबीन और 16 ड्राम में भरा 3200 लीटर सरसों के तेल का भरा मिला। पूछताछ के दौरान कारोबारी सचिन ने अपने नाम से रिटेल का एक रजिस्ट्रेशन दिखाया। लेकिन, यह रजिस्ट्रेशन सिर्फ 50 लीटर तक तेल रखने का होता है। विभाग के टीम ने संबंधित रजिस्ट्रेशन को जब्त करते हुए तेल से भरे सभी ड्रामों को सील कर दिया।

## प्रसव कक्ष में वार्ड आया को पीटा

बांदा। सरकारी अस्पतालों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी मरीजों का उपचार कराने में तीमारदार अभी बदसलूकी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रसव कक्ष में जहां पुरुषों का जाना सख्त मना होता है, वहीं मंगलवार शाम गर्भवती के पति ने अंदर घुसकर वार्ड आया की थप्पड़ों से पिटाई कर दी। इससे खासा हंगामा खड़ा हो गया। वार्ड आया का सोने का बाला छीना झपटी करने में कहीं खो गया। हालांकि, तुरंत सुरक्षा कर्मियों ने आरोपित को मौके से दबोच लिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। लेकिन गर्भवती ने पति को छोड़ने की गुजारिश की। आरोपित पति ने भी माफी मांगी। इससे वार्ड आया ने इतना सब होने के बाद भी उसे माफी दे दी। बड़ोखर गांव निवासी एक गर्भवती को उसके स्वजन ने प्रसव पीड़ा होने पर दोपहर में महिला जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से प्रसव पीड़ा की वजह से गर्भवती को लेवर रूम में ले जाया गया। पत्नी को प्रसव पीड़ा होते सुना तो पति आक्रोशित हो गया। वह बिना किसी से कुछ बात किए। सीधा प्रसव कक्ष में घुस गया। प्रसव कराने में स्टाफ नर्स की मदद कर रही वार्ड आया को गर्भवती के पति ने पीटना शुरू कर दिया। स्टाफ नर्स ने शोर मचाया जो ड्यूटी में तैनात पूर्व सैनिक व गार्डों ने आरोपित को तुरंत पकड़ लिया। पीड़ित वार्ड आया ने पुलिस को बताया कि आरोपित पति उनसे मरीज को हाथ न लगाने के लिए कह रहा था। ऐसे में प्रसव के दौरान बच्चा बाल्टी में गिर सकता था। बस इसी बात को लेकर वह एकाएक भड़क उठा। उसने इस तरह की घटना की है। गर्भवती महिला के निवेदन करने पर उसे तरस आ गया, जिसके चलते उसने आरोपित को माफ कर दिया है। जिला महिला अस्पताल की सीएमएस सुनीता सिंह ने बताया कि प्रसव कक्ष में जाने की पुरुष तीमारदारों के लिए मना रहता है, लेकिन वह जबरदस्ती घुस गया था।

# सुगम व विशिष्ट पास से ही होंगे राम दरबार के दर्शन

अयोध्या। राम मंदिर के प्रथम तल पर विराजित राम दरबार का दर्शन प्रारंभ हो गया है। श्रद्धालुओं को इसके लिए सुगम व विशिष्ट पास बनवाते समय राम दरबार के दर्शन का विकल्प देना होगा। तब इन्हीं पासों पर ही दरबार के दर्शन की अनुमति दी जाएगी। पास बनने के बाद ही भक्त रामलला के साथ राम दरबार का भी दर्शन कर सकेंगे। ये पास श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व जिला प्रशासन की संस्तुति से बनेंगे। सुगम व विशिष्ट पास पर रामलला व राम दरबार दर्शन अंकित करके इसे भक्तों को दिया जायेगा। शनिवार को इसी तरह से लगभग दो सौ पास जारी किये गये।

प्रत्येक दिन छह स्लाटों में कुल एक हजार आठ सौ विशिष्ट व सुगम पास बनाये जाते हैं। प्रत्येक स्लाट में तीन सौ पास जारी होते हैं, इनमें दो सौ विशिष्ट व एक सौ सुगम पास हैं। सुगम व विशिष्ट पास संबंधित साफ्टवेयर में मामूली परिवर्तन कर राम दरबार से संबंधित पास जारी किया जाने लगा है। ये पास यात्री सेवा केंद्र के साथ रंग महल स्थित ट्रस्ट कार्यालय के अलावा मंडलायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी व एसएसपी कार्यालय में बनेंगे। जिला प्रशासन के कोटे में संबंधित अधिकारी की संस्तुति पर जिला प्रशासन की ओर से राम दरबार संबंधित पास जारी हो सकेगा। दूसरी ओर ट्रस्ट की ओर से महासचिव चंपतराय, ट्रस्टी डा। अनिल कुमार मिश्र व मंदिर व्यवस्था के प्रमुख गोपाल राव की संस्तुति पर पास बनाये जायेंगे। शुक्रवार को दोपहर बाद राम दरबार का भी दर्शन शुरू हुआ। पहले दिन इससे संबंधित पास नहीं बन सके, जिन सुगम व विशिष्ट पास धारकों ने राम दरबार के दर्शन की इच्छा व्यक्त की, उन्हें राम दरबार का दर्शन कराया दिया गया, लेकिन शनिवार से इनके पास जारी होने प्रारंभ हो गये।

## पानी बढ़ा, गुप्त गोदावरी गुफा में रोका गया प्रवेश

चित्रकूट। लगातार बारिश गर्मी से राहत तो मिली है, लेकिन कई इलाकों में पानी भर गया है। मंदाकिनी व बरदहा में पानी बढ़ गया है। गुप्त गोदावरी गुफा की जलधारा का पानी इतना बढ़ गया है कि प्रवेश द्वार से निकल रहा है। इसके चलते गुफा में प्रवेश बंद कर दिया गया है। लगातार तीन दिन से लगातार वर्षा हो रही है। पड़ोसी मप्र के जिला सतना में भी तेज बारिश हो रही है। इसका असर तपोभूमि में पड़ा है। मंदाकिनी का जलस्तर बढ़ने लगा है और आरोग्यधाम में रपटा के ऊपर से पानी बह रहा है। चित्रकूट-सतना मार्ग में आरोग्य धाम गेट से रावतपुरा सरकार आश्रम तक कई फीट पानी भरा है। पयश्वनी में पानी बढ़ने से संतोषी अखाड़ा के पीछे रहने वाले आधा सैकड़ा घरों का संपर्क कट गया है। अस्थायी मार्ग भी ध्वस्त हो गया है। चमरौहां गांव के समीप बरदहा नदी पर बने रपटे के ऊपर पानी आ गया है। ग्रामीणों का तहसील, ब्लाक से संपर्क टूट गया है।

# 50 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों का होगा नजदीकी स्कूल में विलय

बांदा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित मंडल में 1155 परिषदीय विद्यालयों में 50 से कम छात्र संख्या होने के चलते इन्हें पास के परिषदीय विद्यालय में विलय किया जाना है। इनके विलय होने से उन विद्यालयों को लाभ मिल सकेगा, जहां पर शिक्षक-छात्र का मानक पूरा नहीं हो रहा है।

कहीं कम छात्र संख्या पर अधिक शिक्षकों की तैनाती है, तो कहीं अधिक छात्र संख्या होने के बाद भी शिक्षकों की कमी है। मंडल में 50 से कम संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों में प्राथमिक के 944, उच्च प्राथमिक के 201 व कंपोजिट के 10 विद्यालय हैं। अब इन विद्यालयों के बच्चों को निकट के दूसरे विद्यालय में भेजा जाएगा। मंडल में 4788 परिषदीय स्कूल हैं। इसमें बांदा में 1725, चित्रकूट में 1256, हमीरपुर में 967 व महोबा में 840 विद्यालय शामिल हैं। सत्र 2025-26 में इस समय 4,13,674 बच्चे पंजीकृत हैं। इनमें से 50 से कम छात्र संख्या वाले 1155 परिषदीय विद्यालय हैं, इनमें प्राथमिक के 944, उच्च प्राथमिक के 201 व कंपोजिट के 10 विद्यालय हैं। बांदा में 370, चित्रकूट में 259, हमीरपुर में 256 व महोबा में 327 स्कूल शामिल हैं। अब इन स्कूलों के बच्चों को पास के परिषदीय विद्यालय में विलय किया जाएगा। इससे शिक्षक-छात्र का अनुपात पूरा होगा। महानिदेशक स्कूली शिक्षा के शासनादेश के मुताबिक ऐसे में इन स्कूलों को पास के स्कूल में विलय कर शिक्षक व छात्र अनुपात को बनाया जाएगा। हालांकि बीते वर्ष सरकार ने 100 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों के विलय के लिए शासनादेश जारी किया था। लेकिन विलय नहीं किया गया था। शासन ने इस बार 50 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों के विलय पर विचार कर रही है।

**मंडल में पेयरिंग के लिए 648 विद्यालय चिन्हित :** मंडल के 1155 विद्यालयों में 50 से कम बच्चों वाले विद्यालयों की सूची तैयार करा ली गई है। लेकिन उसके बाद पास में विलय करने के लिए नजदीक परिषदीय स्कूल होना भी आवश्यक हैं। मंडल के 648 ऐसे परिषदीय स्कूल भी मिल गए हैं, जिनमें पेयरिंग कर विलय किया जा सकता है। इनमें बांदा में 37, चित्रकूट में 292, हमीरपुर में 89 व महोबा में 230 विद्यालय शामिल हैं। जल्द ही इसकी रिपोर्ट शासन को भेजेंगे। बताया कि विद्यालयों का विलय करते समय बच्चों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। इनमें ऐसे विद्यालयों का विलय दूसरे में नहीं किया जाएगा, जिनकी दूरी अधिक हो।

**इनकी सुनें :** विद्यालयों के विलय में मानक नहीं है। विलय करने पर एक विद्यालय के छात्रों को एक किलोमीटर से ज्यादा भी जाना पड़ सकता है। जो बालिकाओं की सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है। इससे शिक्षक भर्ती भी प्रभावित होगीं। **आशुतोष त्रिपाठी, मांडलिक मंत्री, चित्रकूट धाम मंडल, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ**

50 से कम परिषदीय विद्यालयों के पास के विद्यालयों में विलय करने की प्रक्रिया चल रही है। इसमें ऐसे स्कूलों को चिन्हित किया जा रहा है। इस संबंध में सभी बीएसए को निर्देश दिए गए हैं। **- प्रेम प्रकाश मौर्या, प्रभारी सहायक शिक्षा निदेशक, बेसिक शिक्षा**

## शिक्षक संघ कर रहा विलय का विरोध

परिषदीय विद्यालयों के 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को पास के विद्यालय में विलय किए जाना का शिक्षक संघ विरोध कर रहा है। संगठन के पदाधिकारियों का मानना है कि 50 से कम विद्यालय को विलय करने के लिए यदि दो किलोमीटर दूर दूसरा विद्यालय है तो वहां पर विलय करने का कोई औचित्य नहीं है। यह नियम एक किलोमीटर में प्राथमिक व तीन किलोमीटर में उच्च प्राथमिक विद्यालय होने का उल्लंघन होगा। इसके अलावा यदि इन बच्चों को खास कर बालिकाओं को यदि दो से तीन किलोमीटर दूर विलय वाले स्कूल में जाना पड़े तो वह बालिका सुरक्षा के लिए सही नहीं है। इसके अलावा उनका कहना है कि इससे शिक्षक भर्तियां भी प्रभावित होगें। जब स्कूल खत्म कर दिए जाएंगे तो कम शिक्षकों की भी आवश्यकता होगी। ऐसे में संगठन विलय का विरोध करेगा।



शौर्य न्यूज इंडिया
23 जून से 29 जून, 2025

# सरेंडर नहीं करेंगे, अमेरिकी दखल नामंजूर

**खामेनेई का दो टूक जवाब**
**ईरान के नागरिकों को वॉट्सएप डिलीट करने के आदेश**

## इजराइली हमले में ईरान में अब तक 585 मौतें, जी7 से अचानक लौटकर ट्रंप ने सिचुएशन रूम में की बैठक, सब कुछ गुप्त

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने बुधवार को अपने एक मैसेज में कहा कि अमेरिका सुन ले, हम सरेंडर नहीं करेंगे। खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी देते हुए कहा, अगर इजराइल के खिलाफ जंग में अमेरिकी सेना ने दखल दिया, तो अंजाम बुरा होगा।

खामेनेई का यह मैसेज ईरान की नेशनल टीवी पर पढ़ा गया। खामेनेई ने कहा, जो लोग ईरान का इतिहास जानते हैं, उनको पता है कि ईरानी किसी की धमकियां नहीं सुनता। इजराइल ने बहुत बड़ी गलती की है और उसे इसकी सजा मिलेगी। ईरान थोपी गई शांति या युद्ध को नहीं मानेगा। इससे पहले खामेनेई ने मंगलवार देर रात इजराइल के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। उन्होंने एक्स पर लिखा- जंग शुरू होती है। हम आतंकी इजराइल को कड़ा जवाब देंगे। उन पर कोई दया नहीं दिखाएंगे। इस ऐलान के बाद ईरान ने इजराइल पर 25 मिसाइलें दागीं। दरअसल, ट्रम्प ने मंगलवार को खामेनेई से सरेंडर करने की मांग की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा- अनकंडीशनल सरेंडर (बिना शर्त सरेंडर)। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'ईरान के आसमान पर हमारा कब्जा है। हम जानते हैं कि सुप्रीम लीडर कहां छिपा है, लेकिन हम उसे मारेंगे नहीं। ईरान ने मंगलवार को नागरिकों को अपने स्मार्टफोन से वॉट्सएप हटाने का आदेश दिया है। सरकार का आरोप है कि मैसेजिंग ऐप के जरिए ईरानी लोगों की जानकारी इजराइल भेजी जा रही है। हालांकि, वॉट्सएप ने एक बयान में इन दावों को खारिज कर दिया और कहा कि वॉट्सएप एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन का इस्तेमाल करता है, जिसका मतलब है कि सर्विस प्रोवाइडर यूजर्स के मैसेज नहीं पढ़ सकता है। ईरान और इजराइल के बीच 13 जून से संघर्ष जारी है। वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा



किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 585 हो चुका है। 1,326 लोग घायल हुए हैं। ईरानी सरकार ने आखिरी बार सोमवार को बताया था कि 224 ईरानी मारे गए हैं और 1,277 घायल हैं। ईरान के जवाबी हमले में कम से कम 24 इजराइली नागरिक मारे गए हैं।

इजराइल बोला, ईरान सरकार की इंटरनल सिक्योरिटी हेडक्वार्टर तबाह की: ईरान की राजधानी तेहरान में इजराइल के हमले जारी है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्स ने एक्स पर बताया कि एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने ईरानी सरकार की इंटरनल सिक्योरिटी हेडक्वार्टर को टारगेट किया और उसे तबाह कर दिया।

काट्स ने लिखा, 'इंटरनल सिक्योरिटी हेडक्वार्टर ईरानी तानाशाह का मेन हथियार था। जैसा कि हमने वादा किया था, हम सरकार के ठिकानों पर हमले जारी रखेंगे और हर जगह अयातुल्ला शासन पर हमला करेंगे।'

**व्हाइट हाउस का सिचुएशन रूम : कुछ बड़ा होने वाला है :** नई दिल्ली। ईरान-इजराइल युद्ध का अंजाम क्या होगा, कोई नहीं जानता, लेकिन जो कुछ सामने आ रहा है, उससे साफ है कि कुछ बड़ा होने वाला है। एक दिन पहले इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की मौत के साथ ही यह युद्ध खत्म होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खबर आ रही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में एक गुप्त बैठक करने जा रहे हैं। बता दें जहां यह बैठक हो रही है यह वही कमरा है, जहां से अमेरिका ने दुनिया की सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाइयों को अंजाम दिया है। यहीं बैठकर बराक ओबामा ने ओसामा बिन लादेन को खत्म करने का प्लान किया था। यहीं से बैठकर आईएसआईएस चीफ अबू बकर अल बगदादी को मौत के घाट उतारा गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सी7 समिट अचानक छोड़कर अमेरिका लौटे ट्रंप ने अपने विमान एयरफोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि मुझे व्हाइट हाउस पहुंचना है। मुझे वहां सिचुएशन रूम में मीटिंग करनी है। यह साफ नहीं हो सका है कि बैठक कब होगी। या क्या यह पहले से ही इस बारे में कोई फैसला लिया गया था, लेकिन ट्रंप के इस बयान ने हड़कंप मचा दिया है। सवाल ये है कि आखिर ट्रंप किस गंभीर स्थिति की वजह से वापस लौटे? क्या ईरान को लेकर कोई नई सैन्य योजना बन रही है? बता दें व्हाइट हाउस का कि सिचुएशन रूम दरअसल एक बेहद सुरक्षित, अंडरग्राउंड कमांड सेंटर है जो वेस्ट विंग के अंदर 1961 में अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के दौर में बनाया गया था। इसका निर्माण बॉय ऑफ पिग्स संकट के समय किया गया था। यहां से अमेरिकी राष्ट्रपति दुनिया भर में चल रही स्ट्रेटजिक, आर्मी और डिप्लोमैटिक एक्शन की लाइव मॉनीटरिंग करते हैं। इसे अमेरिका में बेहद गोपनीय और सबसे ताकतवर जगहों में माना जाता है।

### ईरान से बचाकर लाए 110 भारतीय छात्र दिल्ली पहुंचे

येरेवन। ईरान और इजराइल में जारी संघर्ष के बीच भारत सरकार ने ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाल लिया है। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। ईरान से निकाले गए ये छात्र मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे थे, जहां उन्हें राजधानी येरेवन के होटलों में ठहराया गया। इसके बाद बुधवार को इन्हें कतर के रास्ते भारत लाया गया। इसके पहले इंडिगो की एक फ्लाइट आर्मेनिया के येरेवन एयरपोर्ट से इन छात्रों को लेकर कतर की राजधानी दोहा के लिए रवाना हुई थी। इसके बाद एक दूसरी फ्लाइट से इन्हें दोहा से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट लाया गया। इससे पहले मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने छात्रों को ईरान से बाहर निकालने की पुष्टि की थी।

## एअर इंडिया की तीन उड़ानें रद्द



मुंबई। एअर इंडिया ने बुधवार को अपनी तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द कर दिया। इन उड़ानों के रद्द होने के पीछे तकनीकी खराबी, मेंटेनेंस और सुरक्षा संबंधी कारण बताए गए हैं। खास बात यह है कि इनमें से दो उड़ानों में यात्री पहले से ही विमान में सवार हो चुके थे, जिन्हें बाद में उतारा गया। एअर इंडिया इन दिनों गंभीर तकनीकी चुनौतियों का सामना कर रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फ्लाइट्स रद्द की जा रही हैं, लेकिन इससे यात्रियों को भारी असुविधा भी हो रही है। टोरंटो से दिल्ली की उड़ान (एआई 188) - यह उड़ान मेंटेनेंस लंबा चलने और फ्लाइट क्रू की ड्यूटी की समय सीमा पार होने की वजह से रद्द की गई। इस उड़ान में यात्री पहले से विमान में बैठ चुके थे। बाद में उन्हें उतार कर फ्लाइट को रद्द किया गया। दुबई से दिल्ली की उड़ान (एआई996) -यह फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण रद्द हुई। इस उड़ान में भी यात्रियों को विमान में चढ़ा दिया गया था लेकिन बाद में उन्हें भी उतारना पड़ा। दिल्ली से बाली की उड़ान (एआई 2145) - यह फ्लाइट उड़ान भरने के बाद बीच रास्ते से ही वापस दिल्ली लौट आई। बाली हवाई अड्डे के पास ज्वालामुखी विस्फोट की खबर के बाद यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे लौटाया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार दिया गया। एयरलाइन ने कहा कि वह सभी प्रभावित यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं कर रही है ताकि उन्हें जल्द से जल्द उनके गंतव्य तक पहुंचाया जा सके। साथ ही, यात्रियों को पूरा रिफंड या बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के नई बुकिंग की सुविधा दी जा रही है।

**दो विधायक को एक-एक साल की सजा : जयपुर।** करीब 11 साल पुराने मामले में जयपुर जिला अदालत ने कांग्रेस के दो विधायकों सहित नौ लोगों को एक-एक साल की सजा सुनाई है। जिला अदालत ने सभी को रास्ता रोकने और कानून के खिलाफ इकट्ठा होने का दोषी माना है। सभी आरोपियों ने 13 अगस्त 2014 को करीब 20 मिनट के लिए राजस्थान यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट के बाहर जेएलएन मार्ग को जाम किया था। हालांकि सजा मिलने के बाद सभी को को जमानत भी दे दी गई।

**विमान हादसे में जीवित बचे रमेश अस्पताल से डिस्चार्ज : अहमदाबाद।** अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान 12 जून को उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद मेघानीनगर क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस त्रासदी में कुल 241 यात्रियों की मौत हो गई। जीवित बचे एकमात्र यात्री विश्वास कुमार को कल शाम सिविल अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### ओबीसी लिस्ट अधिसूचना पर 31 जुलाई तक रोक

कलकत्ता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) लिस्ट पर हाल ही में जारी अधिसूचना पर 31 जुलाई तक अंतरिम रोक लगा दी। जस्टिस तपब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस राजा शेखर मंथा की बेंच ने ओबीसी श्रेणी के तहत समुदायों के राज्य के वर्गीकरण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर आदेश पारित किया। बेंच ने कहा कि ओबीसी के 66 समुदायों के संबंध में जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए।

**हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट को मिली बम की धमकी : हैदराबाद।** हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट पर बुधवार को अज्ञात लोगों ने एक मेल भेजकर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी। इसके बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए गए हैं। तेलंगाना स्पेशल प्रोटेक्शन फोर्स, सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स और अन्य सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं।

## मौसम: कहीं रिमझिम तो कहीं तेज बारिश

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश और राजस्थान और में बुधवार को मानसून की एंट्री हो गई। राजस्थान के बाड़मेर, जोधपुर, जयपुर समेत 13 जिलों में मानसून ने प्रवेश किया है। इस बार मानसून तय समय से 7 दिन पहले आया है। वहीं उत्तर प्रदेश के ललितपुर, सोनभद्र के रेणुकूट और चोपन में मानसून एक्टिव हो गया है। चार साल बाद मानसून ने अपने तय समय 18 जून को एंट्री की है। मंगलवार को मानसून बिहार-झारखंड पहुंचा था। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर बुधवार सुबह तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई है जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। घायल यात्रियों को कंडी के माध्यम से गौरीकुंड भेजा गया है। इधर, गुजरात में भी मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार से हो रही भारी बारिश के कारण बोटाद जिले में बाढ़ जैसे हालात है। यहां 40 लोगों को सुरक्षित जगहों पर



दिल्ली में कही बारिश तो कहीं सूखा।

पहुंचाया गया। वहीं भावनगर में एक कार नदी में बहने से पांच लोग लापता हो गए हैं। मध्यप्रदेश में एंट्री करने के दूसरे ही दिन मानसून 19 जिलों में पहुंच गया। 25 दिनों से बस्तर में अटका मानसून आज पूरे छत्तीसगढ़ को कवर कर लेगा। आज असम, मेघालय, ओडिशा, झारखंड, बंगाल में बारिश, आंधी-तूफान और तेज हवाएं चलने का रेड अलर्ट है। 13 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

## रिटायरमेंट सही इस्तीफा नहीं दूंगा: जस्टिस वर्मा



नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित अपने आवास से जले हुए नोट मिलने के विवाद के बाद सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा पर इस्तीफा देने या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने का दबाव डाला गया, लेकिन उन्होंने इसे खारिज कर दिया था। उन्होंने सीजेआई संजय खन्ना को लिखे एक पत्र में इस पूरी प्रक्रिया को मूल रूप से अन्यायपूर्ण बताया और कहा कि उन्हें अपनी बात रखने का मौक नहीं दिया गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक 6 मई 2025 लिखे गए अपने पत्र में जस्टिस वर्मा ने सीजेआई खन्ना के 4 मई के उस पत्र को खारिज कर दिया जिसमें उन्हें पद छोड़ने की सलाह दी गई थी। जस्टिस वर्मा ने लिखा- इस सलाह को स्वीकार करना ऐसा होगा जैसे मैं एक ऐसे फैसले को स्वीकार कर लूं जो पूरी तरह अनुचित है और जिसमें मुझे अपना पक्ष रखने तक का अवसर नहीं दिया गया। जस्टिस वर्मा ने यह भी कहा कि उन्हें समिति की रिपोर्ट मिलते ही केवल 48 घंटे में जीवन को बदल देने वाला फैसला लेने को कहा गया, जो न केवल अनुचित है बल्कि न्यायिक प्रक्रिया के मानकों का उल्लंघन भी है। बता दें यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब दिल्ली में स्थित जस्टिस वर्मा के आवास के आउटहाउस में जली हुई करेंसी नोटों के मिलने की खबर सामने आई। इस पर तत्कालीन सीजेआई संजय खन्ना ने एक तीन-सदस्यीय जांच समिति गठित की। समिति ने अपनी जांच में उन्हें दोषी मानते हुए दुराचार का दोषी पाया।

## देश को मिला पहला शैलो वाटर क्रॉफ्ट आईएनएस

विशाखापट्टनम। देश के पहले एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट आईएनएस अणार्ला का बुधवार को कमीशन हुआ। इसे विशाखापट्टनम के नेवी डॉकयार्ड में कमीशन किया गया।

कार्यक्रम में चीफ गेस्ट सीडीएस जनरल अनिल चौहान इस अवसर पर मौजूद थे। महाराष्ट्र के वसई के ऐतिहासिक अणार्ला किले के नाम पर इस आईएनएस का नाम रखा गया है। यह जहाज हिंद महासागर में नौसेना की दमदार मौजूदगी के लिए डिजाइन किया गया है। जो उथले पानी में दुश्मन पनडुब्बियों का पता लगाने, ट्रैक और डिएक्टिवेट करेगा। अणार्ला को 8 मई को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। आज की कमीशनिंग सेरेमनी 16 एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी कैटेगरी के जहाजों में से पहले जहाज को भारतीय नौसेना




में औपचारिक रूप से शामिल करने का प्रतीक रही। मेसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स कोलकाता और मेसर्स एलएंडटभ शिपबिल्डर्स के साथ पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत डिजाइन किया गया अणार्ला डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर भारत की सफलता का प्रमाण है।

15 जनवरी 2025 को तीन वॉरशिप आईएनएस सूरत (डिस्ट्रॉयर), आईएनएस नीलगिरि (स्टेल्थ फ्रिगेट) और आईएनएस वाघशीर (सबमरीन) कमीशन किए थे। पीएम मोदी ने कहा था कि इन तीनों अल्ट्रा-मॉर्डन वॉर शिप से नेवी की ताकत और बढ़ी है। 'अणार्ला' नौसेना का पहला पनडुब्बी रोधी युद्धपोत है, जो आज 18 जून 2025 को विशाखापत्तनम में शामिल हो रहा है। 80 फीसदी स्वदेशी यह जहाज आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक है। इसका ऑगर शेल क्रेस्ट और 'अर्णवे शौर्य' नारा समुद्र में साहस दिखाता है। 'अणार्ला' भारत की तटीय रक्षा को मजबूत करेगा और हिंद महासागर में ताकत बढ़ाएगा।

### सपा सांसद बर्क समेत 23 के खिलाफ चार्जशीट

संभल। जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में आरोपी बनाए गए सांसद जियाउर्रहमान बर्क समेत 23 आरोपियों के खिलाफ एसआईटी ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी है। सांसद व विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को मुकदमा अपराध संख्या 335/24 में नामजद आरोपी बनाया गया था। अन्य अज्ञात आरोपी शामिल थे। इसी मुकदमे में जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट की भूमिका प्रकाश में आने के बाद उनकी भी गिरफ्तारी कर ली थी। अब एसआईटी ने तथ्यों के आधार पर सांसद समेत 23 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि एसआईटी ने तथ्यों के आधार पर विवेचना पूरी कर ली है। बुधवार को न्यायालय में विवेचक द्वारा चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। मालूम हो 24 नवंबर 2024 को हुए बवाल के बाद संभल कोतवाली और नखासा थाने में 12 मुकदमे दर्ज किए गए थे।

## निर्णय: 3000 में एक साल के लिए फास्टैग

नई दिल्ली। सरकार ने घोषणा की है कि अब फास्टैग के लिए सालाना पास का ऑप्शन भी मिलेगा। इसकी कीमत 3,000 रुपए होगी। 15 अगस्त से ये पास मिलने लगेगा। अभी केवल मंथली पास और जरूरत के हिसाब से रिचार्ज की सुविधा मिलती है।

ये पास प्राइवेट व्हीकल्स जैसे कार, जीप, वैन के लिए है। ये एक साल के लिए या 200 टोल क्रॉस करने के लिए वैलिड होगा। यानी, एक टोल क्रॉस करने की कीमत करीब 15 रुपए आएगी। सरकार का दावा है कि इससे देशभर के नेशनल हाईवे के टोल पर भीड़ कम होगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर पोस्ट में इसकी जानकारी दी। फास्ट टैग से हर बार टोल क्रॉस करने पर पैसे कटते हैं। लेकिन इस वार्षिक पास के साथ आप एक फिक्स्ड अमाउंट (3,000) में सालभर या 200 ट्रिप्स तक टोल



फ्री घूम सकेंगे। ये उन लोगों के लिए किफायती है जो नेशनल हाईवे पर बार-बार ट्रैवल करते हैं। साथ ही, ये पास टोल सिस्टम को और ऑर्गनाइज्ड बनाएगा, जिससे सबको फायदा होगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि इतने टोल क्रॉस करने में करीब 10 हजार रुपए खर्च होते है, अब 3000 रुपए में ही काम हो जाएगा। पास लेना बहुत आसान होगा। एनएचएआई यानी नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे जल्द ही हाईवे ट्रैवल एप और अपनी ऑफिशियल वेबसाइट्स पर एक अलग लिंक शुरू करेंगे। वहां से आप पास के लिए अप्लाई कर सकेंगे।

## योग बनाम तेल

**दिनेश चन्द्र**

योग - ध्यान क्रिया जीवन का अभिन्न अंग है। सुखी जीवन के लिए निरोगी काया बहुत जरूरी



है ठीक वैसे ही जैसे जीवित रहने के लिए सांस। यदि मनुष्य स्वस्थ है तो उसके शरीर के अंग मसलन हाथ, पैर, मांसपेशियां और मस्तिष्क भी मजबूत है। कहते है न कि स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मस्तिष्क होता है। शरीर को मजबूती शैशव काल से आरंभ होता है जो माँ के दूध से शुरू होता है। ऐसी आम धारणा है कि जो माँ के दूध से वंचित होते है ताउम्र घी-मलीदा खा के भी स्वस्थ शरीर से वंचित होते है। अर्थात स्वस्थ और निरोग जीवन के लिए संतुलित आहार आवश्यक है। यह बात शास्त्र सम्मत भी है और तर्क संगत भी। इंसान लाख प्रयास कर ले असंतुलित आहार ग्रहण कर के बिगाड़ी गयी शरीर की सौष्ठव रचना को योग कर के भी सुडौल और सुंदर नही बना सकता। इसके लिए आहार-विहार ऋतु तालिका का ध्यान रखना ही होगा जो हमारी सनातनी संस्कृति का हिस्सा है और इसका सुंदर वर्णन घाघ की कहावतों और ऋषि-मुनियों की उपदेशों में मिलता है। जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना तब कहा गया था।

योग , योगासन, अल्प आहार , वचन-अनुशासन और संयमित नियमित दिनचर्या योगियों , साधु-संतों, ऋषि-मुनियों और कुलीन लोगो के जीवन का हिस्सा रहा है। इसके उपस्थिति की अवधारणा देवी-देवताओं में भी रही होगी। कृष्ण और उनका योग- दर्शन, शिव की धुनि रमाना और पतंजलि की योग-साधना योग का हिस्सा है। भारत की प्राचीनतम ध्यान विधि विपश्यना ही थी जिसे गौतम बुद्ध ने पुनर्जीवित किया। विपश्यना यानि कि स्व आत्म निरीक्षण कर खुद से खुद की कमियों को ध्यान - साधना और योग के बल पर दूर करना । जिसका जो वास्तविक रूप है उसे उस रूप में देखना विपश्यना की खूबी है। बुद्ध की तपस्या-विपश्यना और ध्यान निद्रा तो योग का प्राचीनतम पुनर्प्रयोग ही था जिसके बल पर उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ और राजकुमार सिद्धार्थ से बुद्ध हुए जिससे आधुनिक योग ऊंचाई को प्राप्त हुआ। रवि वर्मा के काल्पनिक पेंटिंग्स में पौराणिक पात्रों की सुंदर शरीर संरचना के पीछे का तर्क उनके योग को जाता है और वैसा दिखने तथा लगने के लिए हमे योग करने की जरूरत होती है। लेकिन देवताओं जैसे देह के लिए ग्रहण किये जाने वाले भोज्य पदार्थ के चयन का बड़ा महत्व है। जिनका उल्लेख प्राचीन ग्रंथों-शास्त्रों में है। कहते है जैसा खाये अन्न वैसा रहे मन। वह मन जिसका सीधा संबंध शरीर से है। शरीर को मिलने वाली ऊर्जा ग्रहण किये जाने वाले बाहरी तत्वों पर निर्भर करती है।

हम अपने दैनिक जीवन में सुबह से लेकर रात में सोने के लिए बिस्तर पर जाने तक जितनी भी शारिरीक क्रिया और परिश्रम करते है योग ही तो है। स्त्री घर मे कभी नही थकती और दिहाड़ी वाला मजदूर बिना नींद के गोली के चैन की नींद सोता है। खाये - पीए - अघाये लोग दो रोटी पचाने के लिए मीलों चलते है वही एक श्रमशील इंसान उसी दो रोटी के लिए सुबह से लेकर शाम तक अनवरत चलता ही रहता है। यही आकर योग अभिजात्य वर्ग के लिए बिना दवा-दारू के स्वस्थ और फिट रहने का उपाय भर होता है । जिसका प्रचार आज के दिन अर्थात 21 जून को आयोजित होता है। जबकि भारतीय खगोल की दुनिया में आज वर्ष का दिन सबसे लंबा दिन होता है। जो आज हमे अतिरिक्त ऊर्जा प्रदान कर जाता है। हालांकि व्यावहारिक जीवन मे या जीवन की गणित में योग का मतलब जोड़ना होता है। जोड़ अगर मजबूत है तो मनुष्य का जीवन और गणित दोनो सही दिशा में होता है। यही बात मानवीय प्रेम में भी लागू होती है जो परस्पर को बढ़ावा देता है। दो जीव या वस्तु आपस मिलते है तो एक नए निर्माण को जन्म देते है, जिनसे सृष्टि और समाज समृद्ध होता है। मनुष्य इस योग को भूलकर जिस योग के पीछे भाग रहा है वह उसके अपनो के संयुक्त से टूटे जोड़ का हिस्सा है। यह उसके अपने अनियमित दिनचर्या , अखाद्य का सेवन , अकेलेपन की पीड़ा, उसके पलायन का स्वनिर्मित दुःख है। यही पर उसके जीवन मे तनाव है, अनिद्रा है , चंचल मन है , अतृप्त जिजीविषा है। जिसे वह योग से ठीक करना चाहता है तब जब की चारो ओर से निरुपाय हो जाता है।

अब बात योग बनाम तेल की है। जैसा कि अनियमित दिनचर्या और खाद्य तथा अखाद्य वस्तु को खाद्य बनाये जाने के लिए प्रयोग किये जाने वाले तेल का सवाल यक्ष प्रश्न है। पारंपरिक भोजन से हटकर फास्ट फूड का सेवन मनुष्य के शरीर को अदरक की भांति कर देता है। तेल की गुणवत्ता का तो पता ही है। असली गायब है नकली असली बना फिर रहा है। कच्ची घानी का सरसो तेल भारत मे एक चौथी पास साधु के अरबो के व्यापार का हिस्सा है। योग तो उसके लिए मात्र किस्सा है। जिससे अभिजात्यों को मुक्ति पाना सम्भव नही है। यह उनके लिए धर्म विरोध जैसा हो गया है। व्यापार और धर्म का यही गठजोड़ भी योग ही तो है। रहा सवाल तेल लगाने का तो यह भी चिकित्सा, स्वास्थ्य की एक पद्धति है जो बहुत सारे दैहिक रोग का एक अचूक उपाय है। आधुनिकता की दौड़ में मालिस या मसाज कमाऊ अनैतिक व्यापार का एक स्वरूप हो गया है जिसमे लूटेरों का पदार्पण हो चुका है। प्राचीन काल मे देह मसाज की रवायत रही है जिसके लिए पहलवान टाइप के बलिष्ठ पुरुषों की जरूरत होती थी। जो प्रायः राजे-रजवाड़े, जमींदारों के यहां और सैन्य छावनियों में होते थे। मसाज के किस्म किस्म के तेल फुलेल इस्तेमाल में लाये जाते थे। वैद्य की देख-रेख और उपस्थिति में मसाज एक थेरेपी थी जिससे तेल की एक यौगिक क्रिया होती थी। तब तेल लगाने के मायने थे। जुबानी तेल लगाने के लिए भाट या चारण कथा में माहिर दरबारियों की कमी नही थी।

युग बदला, समय बदला और इंसान का पुराना रुतबा जाता रहा। तेल का नाम लेते ही तेलू टाइप के चाटुकार वंश वाले व्यक्ति के कान खड़े हो जाते है। उनकी धमनियों में रक्त प्रवाह तेज हो जाता है। तब तेल लगा कर पाया गया इनाम इस कलयुग में प्रगति और उन्नति का शार्टकट अमोघ



अस्त्र हो गया है जिसे हर व्यक्ति अपनाकर अपनी पीढ़ियों को तार लेना चाहता है। जबकि बात भले ही खाने की या लगाने की हो रही हो। ऊपर बताया ही गया है कि ज्यादा तेल और तली भुनी खाने से बेहतर है कि खुद को तेल लगाएं और उत्तम स्वास्थ्य पाए। सर दर्द , बदन दर्द के अलावा शरीर की नाभि में तेल लगाने के अनगिनत फायदे आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान में वर्णित तो है ही , इसकी महिमा का बखान दादी के नुस्खे के रूप में परंपरागत चली आ रही है। यदि निरोग रहना है तो तेल कम खाने से ज्यादा तेल लगाने में यकीन रखे । कुछ तो शरीर को आराम और थोड़ा सुख तो मिलेगा।

**पूर्व वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी**

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कुलपति ने पौधरोपण कर शुद्ध वायु का दिया संदेश

## पौधरोपण पुण्य का कार्य है : प्रो। बिहारी लाल शर्मा



वाराणसी। आज धरती की जो स्थिति और दुनिया की जो स्थिति है उसमें पर्यावरण इतना ज्यादा प्रदूषित हो गया है इसके कारण अनेकों रोगों की उत्पत्ति रही है।बारूद के धुएँ से सम्पूर्ण वातावरण आच्छादित है।स्वंय आत्मसात कर अपने वृक्षारोपण कर जन-जागरण करने की जरूरत है। उक्त विचार संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो। बिहारी लाल शर्मा ने आज अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुलपति आवास पर पौधरोपण कर स्वस्थ जीवन और पर्यावरण संरक्षण पर व्यक्त किया। कुलपति प्रो। शर्मा ने कहा कि पौधारोपण का कार्य बहुत ही पूण्य का कार्य है। मानसून आ रहा है और इस समय पौधा लगाना बहुत ही सार्थक कार्य है इस मुहिम में सभी लोगों को जुड़ने का आह्वान किया। कुलपति प्रो।बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। फल-फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है। इसके माध्यम से हमें ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है, जो हमें जीवित रखने के लिए बहुत आवश्यक है।

# सत्याग्रह और शांति आंदोलन कर रखी बात, लगाया आरोप

वाराणसी। शिक्षा, सुचिता, धर्मपरायण और राष्ट्रभक्ति को अगर सामूहिकता में देखा जाए तो काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का नाम प्रमुखता से आएगा। परंतु लगता है कि विश्वविद्यालय का प्रशासन बहुत कमजोर और अक्षम लोगों के हाथ में है। अभी शोध छात्र के प्रवेश का धांधली थमा नहीं कि चिकित्सा विज्ञान संस्थान के डीन के प्रमुख का मामला उठ गया।

यूजीसी के हस्तक्षेप से शिक्षार्थियों को प्रवेश तो मिल गया परंतु शिक्षकों का क्या? यूजीसी के नियमों को दरकिनार करके नया डीन नियुक्त किया गया जबकि वरिष्ठता व यूजीसी के नियमानुसार डा (प्रोफेसर) संजय गुप्ता का अभ्यर्थता उपयुक्त था लेकिन उनके योग्यता को दरकिनार कर एक जूनियर को डीन बनाना सर्वथा अनुचित है।




काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का प्रशासन इतना कमजोर और अयोग्य तो कभी नहीं था, क्या व्यक्तिगत कारणों से ऐसा निर्णय हुआ? बीएचयू प्रशासन से मांग है कि कृपया अपने अनुचित निर्णय पर पुनर्विचार कर योग्यतानुसार डा प्रोफेसर संजय गुप्ता को नियुक्त किया जाएं। सामाजिक संस्था अभिनव विचार मंच वाराणसी आपके इस सत्याग्रह पर पूर्ण समर्थन व विश्वास व्यक्त करते हुए डा प्रोफेसर संजय गुप्ता के डीन पद पर नियुक्त होने की मांग करता है।

# विकास की आंधी में उजड़ रहे आशियाने

वाराणसी। सड़क चौड़ीकरण एक ऐसी परियोजना है, जिससे वाराणसी की आम जनता को भविष्य में तो फायदा होगा, लेकिन वर्तमान में कई परिवारों को बेघर होने का गहरा दर्द झेलना पड़ा है। मुआवजे की असमानता और अपने मकानों व दुकानों को अपने आंखों के सामने ढहता देखना सबके बस की बात नहीं होती। सालों-साल अपने खून और पसीने से सींचकर लोगों ने दुकान व मकान तो बनाए, लेकिन इस परियोजना के तहत आने के कारण उन्हें जमींदोज होने में क्षणभर भी नहीं लग रहा।

पीडब्ल्यूडी का बुलडोजर इस वक़्त शहर के कई क्षेत्रों में चल रहा। हालांकि उनकी ओर से महीने भर पहले ही नोटिस जारी करते हुए उन स्थानों पर रेड निशान लगा दिया था। बावजूद उसके अपने आशियानों पर बुलडोजर चलता देख सभी की आंखे भर आई। एक ओर जहां बुधवार को रोहनिया क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी का बुलडोजर जमकर गरजा। वहीं लंका थाना क्षेत्र में भी बुलडोजर ने 30 से अधिक दुकानों व मकानों को जमींदोज कर दिया। ये मंजर बयां कर रहा है कि देखते ही देखते मात्र कुछ सेकेण्ड में एक बना बनाया घर ढह जाता है। हालात ये है कि काशी, जिसकी पहचान ही प्राचीनता है और इसकी प्राचीनता ही मानो खत्म होने लगी है। पहले विश्वनाथ गली, फिर गोदौलिया टांगा स्टैंड, सैकड़ों साल पुरानी दालमंडी गली और अब रोहनिया, लहरतारा, लंका, भिखारीपुर आदि कई ऐसे



सड़क, कई ऐसी गलियां है जो इस सड़क परियोजना के तहत आती है और आने वाले समय में आएंगी। लोग देखते रह जाएंगे..हाथ मलते रह जाएंगे और उनका आशियाना, उनकी रोजी रोटी उनसे छीन जाएगी। वो बसे बसाए जगह से उजाड़ दिए जाएंगे और फिर उन्हें शहर के किसी और कोने में जाकर बसना होगा।

**गलियों के शहर काशी की गलियां ही हो रहीं विलुप्तः** गलियों का शहर कही जाने वाली काशी की विरासत उसकी गलियां हैं, गलियों में बसे घर के अंदर कई मंदिर है लेकिन सब मानों एक-एक करके खत्म होने जा रहे हैं। फिर क्या रहेगी पहचान? हालांकि किसी भी शहर का विकास होना जरूरी है, लेकिन विकास ऐसा होना चाहिए कि वह शहर में रहने वाले लोगों के लिए परेशानी का कारण ना बने, वो उनके लिए गले का फांस ना बने। लेकिन काशी का जो विकास इस वक़्त हो रहा वो यहां की आम जनता के लिए परेशानी, उनके गले का फांस और उनकी रोजी-रोटी पर मंडराता संकट बनता जा रहा है।

## लंका में पीडब्ल्यूडी की टीम ने जेसीबी से गिरा दिए तीन दर्जन से ज्यादा दुकान, भारी संख्या में पुलिस फोर्स रही तैनात

# पहलवान लस्सी और चाची की कचौड़ी की वापसी

वाराणसी। बनारस के घाट और बाबा विश्वनाथ के साथ यहां का जायका लोगों को खूब पसंद आता है। अलग-अलग पकवानों का स्वाद लेने से खुद नहीं रोक पाते हैं। इन स्वादों में सुबह के नाश्ते में यहां की लस्सी और कचौड़ी का जिक्र सबसे पहले आता है। इन दोनों दुकानों का सबसे पुराना जायका बनारस के लंका में मौजूद है, जो इन दोनों खूब सुर्खियां बटोर रहा है।

सुर्खियों के पीछे का कारण है, सड़क चौड़ीकरण में पहलवान लस्सी और चाची की कचौड़ी की दुकानों का ध्वस्त हो जाना। इसके बाद से सोशल मीडिया पर बनारस की 100 साल से ज्यादा पुरानी इस दुकानों को लेकर चर्चा हो रही है। खास बात यह है कि टूटने के बाद एक बार फिर से पहलवान लस्सी और चाची की कचौड़ी दुकान शुरू हो गई है। ऐसे में हम आपको बताएंगे कि अब ये स्वाद कहां मिलेगा और आखिर ये क्यों खास है। अब पहलवान लस्सी की दुकान लंका रविदास चौराहे पर नहीं बल्कि लंका से अस्सी की तरफ जाने वाले मार्ग पर दिखाई देगी। एचडीएफसी बैंक के करीब कटरा में फिलहाल इसकी दुकान संचालित की जा रही है। जहां लोग आकर के इस लस्सी का स्वाद ले सकते हैं। दुकानदार मनोज यादव ने बताया बताया कि अभी भी ग्राहकों की बड़ी डिमांड देखी जा रही है। इसके बाद हमने यहां पर दुकान शुरू किया है ताकि हमारे ग्राहक मायूस ना हो। उन्होंने बताया कि 75 साल पुरानी इस दुकान पर बॉलीवुड से लेकर राजनेता व अलग-अलग लोग आकर स्वाद ले चुके हैं। यहां धर्मेंद्र प्रधान, अरुण जेटली, स्मृति ईरानी, केशव मौर्य, बृजेश पाठक सहित कई केंद्रीय मंत्री भी आए हैं। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार, मिथुन चक्रवर्ती भी हमारे इस लस्सी का स्वाद ले चुके हैं।

मनोज यादव बताते हैं कि हमारे यहां लस्सी को आज भी पुराने अंदाज में बनाया जाता है। दही, मलाई, रबड़ी, केसर, गुलाब जल का इस्तेमाल कर लस्सी को तैयार करते हैं। हमारी लस्सी की खासियत यही है कि इस लोग पीते नहीं बल्कि खाते हैं और इसे हम रबड़ी वाली लस्सी कहते हैं। इसे कुल्हड़ में परोसा जाता है। लोगों की मांग को देखते हुए इसमें अभी वैरायटी की भी शुरूआत की है। जिसमें फ्रूट लस्सी, चॉकलेट लस्सी,केसर लस्सी, बनाना लस्सी, मसाला लस्सी भी शामिल है। इनकी कीमत 30 से लेकर 500 रुपए तक है। मनोज बताते हैं कि इस लस्सी में सामानों के साथ अपना प्रेम मिलते हैं। यही वजह है कि लोग इसे इतना पसंद करते हैं।




गालियों के साथ मिलती थी चाची की कचौड़ीः लस्सी के बाद चाची की कचौड़ियां पूरे देश में बेहद प्रसिद्ध है। 110 साल पुरानी इस दुकान के कचौड़ी के नेता अभिनेता हर कोई इसके दीवाने हैं। यह दुकान भी चौड़ीकरण के कारण जमीदोंज हो गई थी। लेकिन इसके दीवानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है बल्कि लंका पर इसका स्वाद अब लोगों को मिलेगा। चाची की की कचौड़ी का नया ठिकाना पुराने ठिकाने के ठीक सामने है। इस दुकान पर लोग चाची की गलियां सुनकर के कचौड़ी खाने आते हैं। दुकानदार कैलाश बताते हैं कि चाची की कचौड़ी की दुकान को उनकी मां ने शुरू किया था। जहां वह लोगों को कचौड़ी के साथ गालियां भी फ्री देती थी और यह गलियां उनके आशीर्वाद के तौर पर देखी जाती थी, जिसे अब हम लोग संभाल रहे हैं।

चाची के बेटे कैलाश बताते हैं कि उनकी दुकान पर राजेश खन्ना, स्मृति ईरानी जैसे कई केंद्रीय मंत्री आकर कचौड़ी का स्वाद ले चुके हैं। हमारे यहां लोग आकर के चाची को कहते थे कि जब तक वह गाली नहीं देंगी तब तक वह यहां से जाएंगे नहीं। यही बनारस के मिजाज में है और यही यहां की खूबसूरती है कि लोग उनके गली को आशीर्वाद समझकर सुनते थे। बिना चार गाली सुने वह यहां से जाते नहीं थे। उन्होंने कहा कि हमारे सुबह 9:00 बजे तक कचौड़ी की दुकान लगती हैय कोई भी व्यक्ति हो लाइन लगाकर इस पटरी पर खड़े होकर कचौड़ी का स्वाद लेता है और उसकी तारीफ करता है।

आपको बता दें कि वाराणसी के लहरतारा से भिखारीपुर तिराहा होते हुए लंका-बीएचयू चौराहा से लेकर भेलूपुर के विजया मॉल तक फोरलेन सड़क बनाई जाने का प्लान पास हुआ है। इसके बाद लंका चौराहे के पास लगभग 30 दुकानों को लोक निर्माण विभाग ने ध्वस्त किया है। जिसमें पहलवान लस्सी और चाची की कचौड़ी की दुकान भी शामिल थी।

# सेनानायक ने बताए योग के टिप्स, किया प्राणायाम



रिम्मी कौर

वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सेनानायक डॉ. अनिल कुमार पांडेय (आईपीएस) की उपस्थिति में वाहिनी रविंद्रालय पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें वाहिनी के सहायक सेनानायक राजेश कुमार शिविरपाल, कैलाश नाथ यादव सहित वाहिनी के सभी अधिकारी/ कर्मचारीगण एक महीने का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उपनिरीक्षक सिविल पुलिस उपस्थित रहे एवं सभी को योगाभ्यास कराया गया।

योगाभ्यास में अनुलोम-विलोम, कपालभाति, अर्धचक्रासन, ताड़ासन, भ्रामरी प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम,वज्रासन, पवनमुक्त आसन, शीर्षासन आदि योग की अनेक एवं विभिन्न प्रकार की क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। शिविर में सेनानायक ने विभिन्न प्रकार के योग, आसान, प्राणायाम के बारे में अभ्यास करवाया गया एवं इसके फायदे बताए। कहा कि योग आत्मा से परमात्मा का मिलन है। योग हम सब के लिए अत्यंत आवश्यक है। योग करके हम सदैव निरोग रह सकते हैं। योग तन व मन के बीच सामंजस्य स्थापित करने का ऐसा साधन है, जिसके नियमित अभ्यास से मनुष्य में एक नई चेतना जागृत होती है।

कहा कि भारत की प्राचीनतम परंपरा की पहचान योग आज विश्व बंधुत्व का प्रतीक बन गया है। योग प्रशिक्षक पीसी संजय सिंह द्वारा एवं HC MT बुद्धिराम यादव एवं HC रामावतार यादव द्वारा विभिन्न प्रकार के योग, आसन एवं उसके उपयोग फायदे के बारे में बताया गया. इस अवसर पर वाहिनी के समस्त कर्मियों द्वारा प्रतिदिन योग करने का संकल्प भी लिया गया। सेनानायक ने योग प्रशिक्षक को नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत भी किया गया।

**गंगा में डूब रहीं दो युवतियों को बचाया :** वाराणसी। पीएसी रामनगर की बाढ़-राहत बी-दल के दलनायक अजीत प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में पूरी टीम गृह मंत्री अमित शाह के वाराणसी आगमन के अवसर पर सोमवार को सुबह चार बजे से दोपहर 12 बजे तक अहिल्या घाट पर आरक्षी अभिषेक कुमार यादव व जितेन्द्र चौधरी की बचाव राहत सुरक्षा ड्यूटी लगाई गई थी। सुबह करीब 10.30 बजे नदी में स्नान करते समय दो युवतियों को डूबने बचाकर नदी से निकाला। पिंकी (22) और खुशी (20) निवासी-जमुई बिहार ने आरक्षियों को शुक्रिया किया।



## चौकी इंचार्ज ने 12 घंटे में बालक को ढूंढा



भेलूपुर थाना अंतर्गत खोजवा चौकी इंचार्ज ने पवन पांडेय ने चंद घंटों में परिवार कि खुशियां लौटा दी। 28 कैमरे और 12 घंटे के अथक प्रयास से प्रियांशु नामक बालक मिल गया।

जानकारी के अनुसार, प्रियांशु चौहान उम्र करीब 12 वर्ष पुत्र कल्लू चौहान पता दशमी थाना भेलूपुर घर से समय करीब 10 बजे ट्यूशन जाने के लिए निकला। काफी देर तक जब वह नहीं लौटा तो परिवार वाले परेशान हो गए। उन लोगों ने पहले ट्यूशन उसके बाद परिजनों से पूछताछ की कुछ पता नहीं चला। आननफानन परिवार खोजवा पुलिस चौकी पहुंचा। चौकी इंचार्ज पवन पांडेय ने सक्रियता दिखाई और 28 कैमरे को चेक कर कंदवा से बालक को बरामद कर घर वालों को सुपुर्द कर दिया।

# डॉक्टर व कर्मचारियों पर दलित को पीटने का आरोप

## रामनगर के केसर हॉस्पिटल का मामला, उपचार के लिए डॉक्टर जमा करा रहा था बीस हजार

संतोष अग्रहरि

रामनगर (वाराणसी)। कहा जाता है कि डाक्टर भगवान का दूसरा रूप होता है लेकिन रामनगर टेंगरा मोड़ शंकर नगर कॉलोनी में संचालित केसर हॉस्पिटल के डॉक्टर और कर्मचारियों ने मानवता की सारी हदें पार कर दी अपने मित्र की पत्नी का उपचार करने पहुंचे मूल रूप से मिर्जापुर जनपद के चुनार थाना अंतर्गत ऐबकपुर मुहाना निवासी अजय कुमार सोनकर जो उसी कॉलोनी में रहता है उसने रामनगर थाने में तहरीर देकरअस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारियों पर आरोप लगाया कि उन लोगों द्वारा उपचार के दौरानमरीज को कौन-कौन सी दवा चलाई गई है इसके बारे में जानकारी करने और पर्ची मांगने पर हुए विवाद में अपने चेंबर में बुलाकर जमकर पीट दिया। इस संबंध में जब मीडिया के लोग आरोपी डॉक्टर से बातचीत करना चाह रहे थे तो वह किसी तरह का स्टेटमेंट देने से कतरा रहा था।

घायल युवक को उपचार हेतु बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया और उसके हाथ में बीस टांके लगे पुलिस अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकालकर जांच कर रही है सीसीटीवी में अजय सोनकर को अस्पताल कर्मियों द्वारा चिकित्सक के चेंबर में ले जाते देखा गया पीड़ित के अनुसार उसके साथ चेंबर में बंद कर डॉक्टर और उसके कर्मचारियों द्वारा मारपीट किया गया इसके बाद बाहर निकाल कर उसने जमकर हंगामा किया सारा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया रितेश कुमार सिंह की पत्नी की तबीयत खराब होने पर अपने मित्र के सहयोग में अजय उपरोक्त अस्पताल में पहुंचे जहां अस्पताल के कर्मचारियों ने महिला के पेट में गैस होने की बात कह कर बिना चिकित्सक को दिखाएं इलाज शुरू कर दिया और पानी की ड्रिप चढ़ने लगे जबकि मरीज के साथ गए।




लोग यह बार-बार कह रहे थे कि डॉक्टर को बुलाकर दिखा दीजिए रात में कहीं ज्यादा तबियत बिगड़ गई तो परेशानी होगी लेकिन उन्होंने उनकी बातों को नजर अंदाज किया और मरीज की हालत बिगड़ती गई मरीज के रिश्तेदारों ने काफी दबाव बनाया तो उन्होंने डॉक्टर को बुलाया युवक ने आरोप लगाया कि डॉक्टर आते ही बीस हजार जमा करने के लिए कहा जिस पर मरीज के परिजन ने कहा कि आप अभी मरीज को देख ही नहीं और बीस हजार किस चीज के लिए एडवांस जमा करने के लिए कह रहे हैं इतना कहते ही डॉक्टर उसके ऊपर भड़क गया वह उसे जाति सूचक गालियां देते हुए कहां की औकात नहीं है तो अस्पताल लेकर क्यों चले आए जिस पर वह लोग मरीज को लेकर दूसरे अस्पताल में उपचार के लिए गए जहां वहां के चिकित्सकों ने कहा की जिस अस्पताल में इसका उपचार चल रहा था। वहां की दवा पर्ची लेकर आओ कि मरीज को कौन-कौन सा दवा दिया गया है उसके बाद हम इसका उपचार शुरू करेंगे जब वह पुनः अस्पताल में मरीज को दी जाने वाली दवा की जानकारी लेने के लिए पहुंचे तो वहां डॉक्टर और उसके कर्मचारियों ने चेंबर में बुलाकर उसे जमकर पीटा उसके बाद उसका मित्र रितेश उसे गंभीर रूप से घायल अवस्था में उपचार करने के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर ले गया दूसरी तरफ बाद में केसर हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉक्टर संजय पटेल ने भी युवक के खिलाफ ताहिर दिया है बहर हाल रामनगर भीटी चौक चौकी प्रभारी आदित्य सिंह सीसीटीवी फुटेज और आसपास के लोगों से जानकारी कर मामले की तहकीकात कर रहे हैं इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं व्याप्त हैं।

# नगर निगम वालों डोर-टू-डोर का मतलब क्या है?

**हुकुलगंज में घर के दरवाजे से कूड़ा लेने से मना कर रहे निगमकर्मी**

वाराणसी। हुकुलगंज के वॉर्ड नंबर 11 में बर्फ फैक्ट्री के पीछे वाली गली में नगर निगम के सफाईकर्मी डोर-टू-डोर यानी दरवाजे पर आकर कूड़ा लेने से इंकार कर रहे हैं। गली के बाहर से ही सीटी बजाकर ट्रॉली तक कूड़ा पहुंचाने को कह रहे हैं। स्थानीय भरत, पप्पू, मालिनी, शालू, काजल, सुलेखा देवी सहित कई लोगों ने बताया कि बड़े-बुजुर्ग काम पर चले जाते हैं तब निगम कर्मी कूड़ा उठाने आते हैं। ऐसे में हमारा घर से बाहर निकलना मुश्किल रहता है, क्योंकि यहां बच्चों को देखना पड़ता है। दो मिनट के लिए भी घर से निकले तो कुछ न कुछ अनहोनी बच्चे कर देते हैं। ऐसे में निगमकर्मी हमें घर से बाहर बुलाकर कूड़ा मांग रहे हैं। महिलाओं ने कहा कि जब गली से बाहर ही निकलकर कूड़ा देना है तो क्या डोर-टू-डोर कलेक्शन का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। इसे बढ़िया हम सड़क पर ही कूड़ा फेंक दे और सफाईकर्मी वहीं से करकट उठा लें। उनका काम और आसान हो जाएगा। उन्हें गली में आने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं **प्रधान संपादक अजीत कुमार सिंह,** कुतुलूपुर रामनगर वाराणसी से प्रकाशित व मीडियाटेक्स्ट प्राइवेट लिमिटेड आराजी संख्या 68, मौजा गोविंदपुर, जीटी रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित। **आरएनआई नम्बर** : UPBIL05106 । इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

**सम्पर्क : 9473893322**
**7309842122 (विज्ञापन)**


# कूड़ा गाड़ी के सामने लेट गए पूर्व सभासद

## कहा- सेतु पुल के समीप कूड़ा डंप करने से उठती दुर्गंध से जीना दूभर

रामनगर। भाजपा के पूर्व सभासद संतोष शर्मा ने गुरुवार को अपने आवास और भारी आबादी के बीच नगर निगम की तरफ से कूड़ा गिराए जाने का जबरदस्त विरोध किया। जब गाड़ी पर मौजूद कर्मचारी नहीं माने तो संतोष शर्मा वहीं गाड़ी के आगे जमीन पर लेट गये और कूड़ा गिराए जाने का विरोध किया।

उनका कहना रहा कि जहां नगर निगम द्वारा कूड़ा डंप किया जाता है। वहीं, रामनगर-बनारस को जोड़ने वाला सामने पुल है। जहां से हजारों नागरिकों को गुजरना पड़ता है। इसके साथ ही रिहायशी इलाका है और इसी वार्ड में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री का स्मृति भवन है, जहां देश-विदेश से पर्यटक यहां आते हैं। एक तो बरसात भी शुरू हो गई है। कूड़ा डंप होने से महामारी फैलने की आशंका बनी रहती है। और तो और यहां निगम के कर्मचारी मरा हुआ जानवर बोरे में भर कर फेंकते हैं। जिससे आसपास लोगों के घरों तक दुर्गंध होता है। उनका कहना है कि नगर निगम के द्वारा अधिकांश क्षेत्रों का कूड़ा डंप यहीं किया जाता है। नगर निगम प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार संबंधित अधिकारियों से मौखिक रूप से शिकायत करने के बावजूद भी कूड़ा यहीं गिराया जाता है। इसी रास्ते से बड़ी संख्या में लोग गंगा स्नान करने के लिए भी जाते हैं और रामनगर बलुआ घाट स्थित मंदिरों में शादी विवाह एवं पूजा करने के लिए आते हैं। कुछ माह के बाद रामनगर का विश्व प्रसिद्ध रामलीला भी शुरू होने वाला है। हजारों की संख्या में इसी रास्ते लीला प्रेमी आते जाते हैं। भगवान के स्वरूप भी बलुआ घाट स्थित धर्मशाला में निवास करते हैं। पूर्व सभासद ने नगर निगम प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर कूड़ा डंपिंग का कार्य इस क्षेत्र में नहीं रुका तो स्थानीय नागरिकों के साथ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, इसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से नगर निगम प्रशासन की होगी।




### नव सृजन फाउंडेशन ने योग दिवस पर की खास अपील

वाराणसी। नव सृजन फाउंडेशन संस्था की अध्यक्ष प्रीति जायसवाल द्वारा संचालित संस्था द्वारा प्रतिदिन नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों ने 11 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय कबीरचौरा से प्रतिदिन योगाभ्यास से शिक्षा और ध्यान के लिए अपनी आंखों,मस्तिष्क,हाथ और पैरों की मजबूती अपने कद के विकास हेतु और स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लेते हुए स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी से संस्था के सभी बच्चे अवगत हुए।

